सुनहरा संसार NEWS NETWORK CHANNEL

दैनिक
सुनहरा संसार
न्यूज़ नेटवर्क

प्रतिदिन
अंक : 7
दिनांक : 25 नवम्बर
वर्ष : 21
पृष्ठ : 12
मूल्य : 5 रुपये

राजस्थान | पंजाब | हरियाणा | उत्तरप्रदेश | मध्यप्रदेश | बिहार | गुजरात | महाराष्ट्र | में पढ़े जाने वाला समाचार पत्र

DAVP No. 0810F21125/05 | RNI No. UPHIN/2005/24731 | Email : sunahara.sansar@gmail.com | व आगरा, गाजियाबाद व पंजाब से प्रकाशित

जब विदेशी ताकतें परेशान करती थीं, उस वक्त गुरुनानक जी ने मंत्र दिया कि 'एक ओंकार'- सीएम योगी

लखनऊ

सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व (जन्मदिवस) के अवसर पर राजधानी के डीएवी पीजी कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रकाश पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु नानक देव जी को नमन किया। सीएम योगी ने कहा कि आज कार्तिक पूर्णिमा की संध्या पर काशी में लाखों दीपक जलेंगे। ये मान्यता है कि भगवान शिव ने आज के दिन राक्षस त्रिपुरासुर का वध किया था। इसलिए ये आयोजन हर जगह उत्साह के साथ मनाया जाता है।गुरु नानक जी का एक ही उद्देश्य था कि धर्म पर धर्म की विजय हो। सत्य पर सत्य की विजय हो। याद करिए वो दौर जब बिखरा हुआ समाज था। मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव जी महाराज के तीन प्रमुख सिद्धांतों 'नाम जपो, कीरत करो, वंड छको' की व्याख्या करते हुए कहा कि ईश्वर का स्मरण, कीर्तन और सामूहिकता मनुष्य के भीतर सकारात्मक भाव पैदा करते हैं। इससे अज्ञानता दूर होती है और समाज में एकजुटता की शक्ति जागृत होती है। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास जी की पंक्ति 'श्रद्धावान् लभते ज्ञानम्' का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रद्धा के माध्यम से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है। गुरु नानक देव जी महाराज भी कीर्तन के माध्यम से मनुष्य के भीतर श्रद्धा और सद्भाव का भाव जागृत करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने 'वंड छको' के सिद्धांत को सामाजिक समानता और सहभागिता का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि इसका आशय है कि कोई भी व्यक्ति उपेक्षित न रहे और सभी मिल-बांटकर भोजन करें। गुरुद्वारों में संचालित लंगर की परंपरा आज भी इस महान विचार को साकार कर रही है। वहां किसी की जाति, मत या मजहब नहीं पूछा जाता। हर व्यक्ति एक साथ पंगत में बैठकर समान सम्मान के साथ भोजन करता है। यह केवल भोजन कराने की व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सेवा,



समानता और मानवीय संवेदना का अनुपम उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने लंगर की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि सबको एक साथ लंगर चखते हुए देखना उन्हें बहुत अच्छा लगता है, जिसकी शुरूआत गुरु नानक जी ने की थी। उन्होंने गुरु नानक जी की बातों को याद करते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु नानक देव जी के संदेश आज भी समाज को एकता और सद्भाव की राह दिखाते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए नाम जपने और कीर्तन करने से अज्ञानता दूर होती है। कीर्तन से समाज में एक शक्ति जागृत होती है। श्रद्धावान व्यक्ति को ही ज्ञान प्राप्त होता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने नाम जपने यानी ईश्वर का स्मरण करने का संदेश दिया। उनके अनुसार, ईश्वर का नाम लेने और कीर्तन करने से व्यक्ति अज्ञानता से दूर होता है। मन में नास्तिकता का भाव उत्पन्न नहीं होता और श्रद्धा के माध्यम से ज्ञान की प्राप्ति होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह गुरु नानक देव जी के मंत्रों और सिद्धांतों को मानते हैं। उन्होंने लंगर की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों को एक साथ पंगत में बैठकर भोजन करते देखना समाज में समानता और एकता का संदेश देता है। यह परंपरा गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं और उनके बताए रास्ते का अनुसरण करने की प्रेरणा देती है।

मानवता को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान और प्रकाश का मार्ग दिखाया

मुख्यमंत्री ने कार्तिक पूर्णिमा के आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का दिन पूरे प्रदेश के लिए अत्यंत पवित्र है। वह प्रातः चार बजे से ही प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों से श्रद्धालुओं की संख्या और व्यवस्थाओं की जानकारी ले रहे थे। मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ में लाखों श्रद्धालु मां गंगा में स्नान कर रहे हैं। हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में प्रातःकाल से अब तक लगभग 15 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं, जबकि अमरोहा के तिगरी में भी 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई है। प्रयागराज और फरुर्खाबाद में भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। अयोध्या और काशी में लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर काशी की विश्वप्रसिद्ध देव दीपावली का आयोजन भी होना है, जिसमें लाखों दीप प्रज्ज्वलित होंगे। मान्यता है कि भगवान शिव ने इसी दिन त्रिपुरासुर का वध कर धरती को आतंक से मुक्त कराया था।

अकाली दल की एनडीए में वापसी: पीएम मोदी बोले- पंजाबियों का कल्याण प्राथमिकता; गठबंधन को वाजपेयी-आडवाणी ने सींचा

नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शिरोमणि अकाली दल की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में वापसी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस गठबंधन की प्राथमिकता पंजाब और पंजाब के लोगों का कल्याण है। खास बात यह है कि अकाली दल की वापसी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर हुई है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'पंजाब और पंजाबियों का कल्याण सबसे पहले! मुझे बेहद खुशी है कि शिरोमणि अकाली दल एनडीए परिवार में लौट आया है और वह भी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा और अकाली दल का गठबंधन स्वाभाविक है। यह पंजाब में जनहितकारी शासन सुनिश्चित करने और राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए काम करेगा। उन्होंने इस गठबंधन के पुराने इतिहास का भी जिक्र किया।

पीएम मोदी ने वाजपेयी-आडवाणी को किया याद

पीएम मोदी के मुताबिक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सरदार प्रकाश सिंह बादल ने इस साझेदारी को मजबूत बनाया और सींचा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि अकाली दल और भाजपा का गठबंधन समय की कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने भरोसा जताया कि दोनों दलों की यह साझेदारी पंजाब के लोगों की पसंद बनेगी।

दोनों दलों ने क्या फैसला किया?

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने मंगलवार को दिल्ली में मुलाकात की। भाजपा मुख्यालय में हुई इस बैठक के बाद दोनों दलों ने 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव साथ लड़ने और एनडीए को मजबूत करने का औपचारिक संकेत दिया। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि दोनों पार्टियों ने मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि अकाली दल आज से एनडीए का हिस्सा भी बन रहा है। शाह ने गुरु पर्व के दिन पुराने सहयोगी की वापसी को खास अवसर बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से एनडीए के विस्तार पर बातचीत के दौरान अकाली दल की वापसी का मुद्दा उठा था। इसके बाद प्रधानमंत्री ने सुखबीर बादल को फोन कर कहा कि अब एनडीए पूरा हो गया है। भाजपा और अकाली दल पंजाब की राजनीति में लंबे समय तक सहयोगी रहे हैं। हालांकि, 2020 में केंद्र सरकार के तीन कृषि कानून लाने के फैसले के विरोध में अकाली दल एनडीए से अलग हो गया था। बाद में तीनों कृषि कानून वापस ले लिए गए, लेकिन दोनों दलों ने 2022 का विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ा। दोनों पार्टियों के चुनावी प्रदर्शन में भी पिछले कुछ वर्षों में गिरावट दर्ज की गई। विधानसभा चुनावों में उनकी सीटों की स्थिति इस प्रकार रही:-

2007 का चुनाव: अकाली दल ने 48 और भाजपा ने 19 सीटें जीती थीं। दोनों दलों की कुल सीटें 67 थीं।

2012 का चुनाव: अकाली दल को 56 और भाजपा को 12 सीटें मिलीं। गठबंधन ने कुल 68 सीटें हासिल कीं।

केशव प्रसाद मौर्य बोले- सपा-कांग्रेस चाहे जितनी खिचड़ी पका लें, सत्ता में वापसी नहीं होने वाली

कानपुर देहात



सपा और कांग्रेस चाहे जितनी खिचड़ी पका ले, गठबंधन करें या न करें, प्रदेश में उनकी सरकार बनने वाली नहीं है। प्रदेश की जनता गुंडागर्दी, अपराधियों, माफिया और दंगाइयों को दोबारा सत्ता में आने नहीं देगी। ये बातें सोमवार को मूसानगर में चल रहे 34वें भक्ति योग वेदांत सम्मेलन में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कही। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की साइकिल अब नहीं चलने वाली। समाजवादी पार्टी की साइकिल को जनता फिर पंक्चर कर देगी। कहा कि सपा के कार्यकाल में गुंडागर्दी रही, अपराध का बोलबाला रहा। जनता अब भयमुक्त वातावरण में रह रही है। आगामी विधान सभा चुनाव में नए चेहरों के आने व चुनाव लड़ने के सवाल पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नेताओं के आने-जाने से भाजपा की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता। भाजपा की जीत का सिलसिला जारी रहेगा। वहीं उन्होंने पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराने की सराहना की। सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि भाजपा सरकार विकास, गरीब कल्याण, महिला सशक्तीकरण और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम कर रही है। जनता इन कामों को जारी रखना चाहती है, इसलिए भाजपा को सत्ता से जाने नहीं देगी। इस मौके पर राकेश सचान कैबिनेट मंत्री, रेणुका सचान जिलाध्यक्ष, जय कुमार जैकी विधायक , ब्रजभूषण राजपूत विधायक चरखारी, पूर्व जिलाध्यक्ष राहुलदेव अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

अखिलेश का अयोध्या दौरा: डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का हमला, बोले- सनातन के विरोधियों को माफी मांगनी चाहिए

गोंडा

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को जयप्रभा ग्राम में श्रीरामकथा में प्रतिभाग करने के बाद समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सनातन संस्कृति की घोर विरोधी पार्टी है। वह तुष्टीकरण की राजनीति करती रही है और आज भी कर रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के 12 दिसंबर को प्रस्तावित अयोध्या दौरे पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या, कृष्ण जन्मभूमि या काशी विश्वनाथ जाने से पहले सपा को अपने शासनकाल में हुई घटनाओं के लिए माफी मांगनी चाहिए। ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकारों में सनातन संस्कृति के खिलाफ जो काम हुए, उनके लिए पार्टी को प्रभु श्रीराम के दरबार में जाकर माफी



मांगनी चाहिए। दंगों में निर्दोष लोगों की जान गई और कारसेवकों पर गोलियां चलीं। इसके लिए भी माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा केवल बहुरूपिया रूप धारण कर वोट हासिल करने के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि समाजवादी पार्टी वास्तव में अपने चरित्र में बदलाव ला रही है और प्रभु राम की शरण में जाना चाहती है तो उसे सनातन संस्कृति की परंपरा के अनुसार अपनी गलतियों को स्वीकार करना चाहिए। प्रभु श्रीराम की शरण में जो भी आया है, प्रभु ने उसे अपनाया है। आजम खान के बयान 'हम निपट लेंगे' पर पलटवार करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आजम खान हों या ओवैसी, अब उत्तर प्रदेश में इनकी दाल गलने वाली नहीं है। उत्तर प्रदेश बदल चुका है। प्रदेश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज प्रदेश में गुंडा-माफिया या तो जेल में हैं या अपने ठिकाने छोड़ चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि तीसरी बार फिर प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। गोंडा के सीएमओ पर लगे गंभीर आरोपों के संबंध में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। जो भी दोषी होगा, उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। इससे पहले कार्यक्रम के आयोजक महंत आलोक दास जी महाराज ने उप मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

'काला सागर में व्यापारिक जहाजों पर हमले तुरंत रोकें': यूएन में भारत ने कहा- सुरक्षित समुद्री रास्ते बहाल हो

न्यूयॉर्क



रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध का असर अब समुद्र के रास्ते होने वाले कारोबार और दुनिया की खाद्य आपूर्ति पर भी पड़ रहा है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ब्लैक सी यानी काला सागर में व्यापारिक जहाजों और उन पर तैनात नाविकों को निशाना बनाए जाने पर कड़ी चिंता जताई है। भारत ने साफ कहा है कि जहाजों पर हमले तुरंत बंद होने चाहिए और अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों पर सुरक्षित आवाजाही जल्द से जल्द बहाल की जानी चाहिए। भारत ने यह भी कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही सबसे सही रास्ता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने सोमवार को सुरक्षा परिषद की उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध का असर अब पूरी दुनिया महसूस कर रही है। इसकी वजह यह है कि आज हर देश किसी न किसी रूप में दूसरे देशों से जुड़ा हुआ है। खाद्यान्न, ऊर्जा, खाद और दूसरे जरूरी सामान की सप्लाई एक-दूसरे पर निर्भर है। ऐसे में किसी एक क्षेत्र में युद्ध होने से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि युद्ध का हर गुजरता दिन इंसानियत को पीछे धकेल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कह चुके हैं कि दुनिया को अंतहीन युद्ध नहीं, बल्कि युद्ध के अंत की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। भारत इस संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के हर प्रयास में सहयोग करने को तैयार है। भारतीय राजदूत ने कहा कि किसी भी युद्ध का सबसे बुरा असर आम लोगों पर पड़ता है। लड़ाई के कारण खेती प्रभावित होती है, लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर होते हैं और सड़क, बंदरगाह जैसी जरूरी सुविधाएं भी तबाह हो जाती हैं। इससे राहत सामग्री पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। इसका असर सिर्फ खाने-पीने की चीजों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि बिजली, ईंधन, खाद और खेती से जुड़े कारोबार पर भी पड़ता है। विकासशील और गरीब देशों को इसकी सबसे ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। इसलिए सुरक्षा परिषद को आम लोगों की सुरक्षा, मानवीय सहायता और व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही को प्राथमिकता देनी चाहिए। पर्वतनेनी ने बताया कि काला सागर का इलाका दुनिया की खाद्य जरूरतों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। भारत और काला सागर क्षेत्र मिलकर दुनिया के कुल अनाज उत्पादन का करीब पांचवां हिस्सा पैदा करते हैं। वहीं, रूस और यूक्रेन मिलकर दुनिया के लगभग एक चौथाई गेहूं, मक्का और जौ का निर्यात करते हैं।

ऐसे में इस इलाके में जहाजों की आवाजाही रुकने या व्यापार प्रभावित होने का सीधा असर दुनिया के कई देशों की खाद्य सुरक्षा पर पड़ता है। भारत ने अफगानिस्तान को गेहूं, सूडान को चावल और फिलिस्तीन को मानवीय सहायता देकर संकट के समय मदद भी पहुंचाई है। भारतीय राजदूत ने काला सागर में व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों का जिक्र करते हुए भारतीय नाविकों की मौत और लापता होने की घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई को एमवी ओमोरफी जहाज पर हमला हुआ था, जिसमें एक भारतीय क्रू सदस्य की जान चली गई। इसके अलावा अक्टूबर में एमवी रॉयड मैमादोव पर हमले के समय तीन भारतीय नागरिक जहाज पर मौजूद थे।

अयोध्या में शिवपाल यादव बोले: 2024 में भगवान राम का आशीर्वाद मिला था, 2027 में भी मिलेगा

अयोध्या



सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर पहलवानों, लोकगीत गायकों, कलाकारों, कवियों और साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। उनकी सरकार में पहलवानों और प्रतिभाशाली कलाकारों को यश भारती सम्मान के साथ नौकरी भी मिलती थी, लेकिन पिछले दस वर्षों में किसी को ऐसा सम्मान नहीं मिला। अबकी सरकार बनने पर जिला और तहसील स्तर के पहलवानों को भी सम्मान मिलेगा, जबकि राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को उसी स्तर की नौकरी दी जाएगी। उन्होंने हर गांव में खेल का स्टेडियम बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि आज भगवान राम ने बुलाया है। 2024 में भी भगवान राम का आशीर्वाद मिला था और सपा अयोध्या की सीट जीती थी। 2027 में भी आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में अयोध्या की पांचों समेत प्रदेश की सभी सीटों पर सपा जीत दर्ज करेगी। इसके पहले, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि 2027 में सपा सरकार बनने पर यश भारती सम्मान फिर से शुरू किया जाएगा। इसके तहत एक लाख रुपये मासिक सम्मान राशि दी जाएगी। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सपा अपने घोषणापत्र को 26 नवंबर को संविधान दिवस पर जारी करेगी।

सुप्रीम कोर्ट: जल्द सुनवाई के अधिकार का हवाला देकर अपराधी नहीं पा सकते जमानत, हाई कोर्ट का आदेश हुआ रद्द

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जिस अपराधी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा हो और जिसे पहले भी किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया जा चुका हो, उसे केवल 'जल्द सुनवाई के अधिकार' के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस श्री चंद्रशेखर की बेंच ने यह टिप्पणी पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द करते हुए की, जिसमें हत्या के एक मामले के आरोपी को जमानत दी गई थी।बेंच ने कहा, 'जल्द सुनवाई के अधिकार को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 का ही एक हिस्सा माना जाता है। लेकिन, जब कोई आरोपी किसी गंभीर अपराध में शामिल हो, तो उसके अधिकारों के साथ-साथ समाज के हितों को भी ध्यान में रखना जरूरी होता है। जिसमें पीड़ित और उसके परिवार के हित भी शामिल हैं।' बेंच ने कहा कि ऐसा लगता है कि जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान, न तो आरोपी की पिछली दोषसिद्धि (कनविक्शन) के बारे में हाई कोर्ट को बताया गया और न ही अन्य आपराधिक मामलों में उसकी संलिप्तता के बारे में हाई कोर्ट को जानकारी दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने 18 नवंबर के अपने आदेश में कहा, 'कोई ऐसा अपराधी, जिसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा हो और जिसे पहले भी दोषी ठहराया जा चुका हो, उसे केवल 'त्वरित सुनवाई के अधिकार' (राइट टू स्पीडी ट्रायल) के आधार पर जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता।' कोर्ट ने कहा, 'यह अदालत का कर्तव्य है कि वह 'त्वरित सुनवाई के अधिकार' और 'सामाजिक हित' के बीच संतुलन बनाए रखे। खासकर तब, जब कोई व्यक्ति कई अपराधों में शामिल हो और उसने हाई कोर्ट के सामने गलत बयान देकर जमानत हासिल की हो।' सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश मृतक के पिता (शिकायतकर्ता) द्वारा दायर एक अपील पर सुनवाई करते हुए दिया। शिकायतकर्ता ने हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें आरोपी को जमानत दी गई थी। बेंच ने गौर किया कि हाई कोर्ट ने इस आधार पर जमानत दी थी कि आरोपी पांच साल से अधिक समय से जेल में था। शिकायतकर्ता ने तर्क दिया कि हाई कोर्ट को मामले के सभी पहलुओं पर विचार करना चाहिए था, जिसमें आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड और विशेष रूप से यह तथ्य शामिल है कि उसे पहले हत्या के प्रयास के एक मामले में दोषी ठहराया जा चुका था।

'हमारा गठबंधन जनता के साथ': भाजपा-अकाली गठबंधन पर केजरीवाल बोले- ये लोग सत्ता के लिए कभी एक साथ आ जाते हैं

नई दिल्ली



पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल और भाजपा ने फिर से गठबंधन कर लिया है। भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की मौजूदगी में गठबंधन का एलान किया। गठबंधन को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, "हम लोगों का गठबंधन तो पंजाब की जनता साथ है। ये लोग सत्ता के लिए कभी एक साथ आ जाते हैं, कभी अलग हो जाते हैं, और फिर दोबारा साथ आ जाते हैं। वहीं दूसरी ओर हम पंजाब के विकास के लिए काम कर रहे हैं। पूरा पंजाब देख सकता है कि पिछले पांच वर्षों में भगवंत मान ने चीजों को ठीक करने के लिए कितनी लगन से काम किया है, ताकि पिछले 70-75 वर्षों में पंजाब को हुए नुकसान की भरपाई की जा सके।' गठबंधन का एलान करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "सभी को गुरु पर्व की बधाई। हमारे राष्ट्रीय साहब के नेतृत्व में आज अभी-अभी एक बैठक हुई है और उसमें अकाली दल और भाजपा के प्रमुख नेताओं ने बैठकर एक फैसला लिया है कि अगला पंजाब विधानसभा का चुनाव भाजपा और अकाली दल दोनों मिलकर लड़ेंगे और आज से अकाली दल एनडीए के साथी के रूप में राजनीति में काम करेंगे। शाह ने कहा, "यह बहुत खुशी की बात है कि एनडीए का सबसे पुराना सहयोगी, शिरोमणि अकाली दल आज फिर से एनडीए में वापस आ रहा है। मैं अकाली दल के सभी साथियों और सरदार सुखबीर सिंह बादल जी का एनडीए में तहे दिल से स्वागत करता हूं।

'दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने में भारत को शामिल करें': अमेरिकी आयोग बोला- चीन के इरादों पर भरोसा नहीं

वॉशिंगटन



अमेरिका के एक द्विदलीय संसदीय आयोग ने 14वें दलाई लामा के उत्तराधिकार से जुड़ी परिस्थितियों से निपटने के लिए भारत के साथ एक उच्चस्तरीय संवाद तंत्र स्थापित करने की सिफारिश की है। आयोग ने अमेरिकी कांग्रेस को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कहा कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है और वह उत्तराधिकार प्रक्रिया को अपने पक्ष में मोड़ने के लिए दबाव बनाने वाले हथकंडे अपना सकता है। अमेरिका-चीन आर्थिक एवं सुरक्षा समीक्षा आयोग ने कहा कि अमेरिकी संसद ऐसी स्पष्ट नीति अपनाए, जिसके तहत बीजिंग के चुने या नियुक्त किए गए किसी भी उत्तराधिकारी को मान्यता न दी जाए। साथ ही, भविष्य में दलाई लामा के पुनर्जन्म की पहचान और मान्यता के लिए गादेन फोड्रांग ट्रस्ट को ही एकमात्र वैध प्राधिकरण माना जाए। इसकी स्थापना दलाई लामा ने 2011 में की थी। रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री को भारत सरकार के साथ मिलकर आकस्मिक योजनाएं बनाने और चीनी हस्तक्षेप से जुड़ी खुफिया जानकारी साझा करने के लिए ठोस व्यवस्था करनी चाहिए।

सम्पादकीय

धरती तप रही है, लेकिन तेल का कारोबार छोड़ने को तैयार नहीं देश



जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के बीच दुनिया के देश ठोस फैसलों पर एकमत नहीं हो पा रहे हैं। COP31 वार्ता में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने और गरीब एवं विकासशील देशों को आर्थिक सहायता देने पर सहमति नहीं बन सकी। आखिर वैश्विक जलवायु प्रयास घोषणाओं से आगे क्यों नहीं बढ़ पा रहे हैं? तुर्किये के अंताल्या में हुई संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता (सीओपी 31) का बिना किसी व्यापक समझौते के समाप्त होना पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरों के बीच जब सभी को एकजुट होकर ठोस कदम उठाने की जरूरत है, तब विभिन्न देशों के बीच इस मुद्दे पर मतभेदों का गहराना वैश्विक प्रयासों में प्रतिबद्धताओं की कमजोरी को दशार्ता है। सम्मेलन में इस बात पर सहमति नहीं बन पाई कि जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से कैसे समाप्त किया जाए और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए गरीब एवं विकासशील देशों को आर्थिक सहायता किस तरह उपलब्ध कराई जाए। ऐसे में अहम सवाल यह है कि इस संकट से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर जो मुहिम शुरू की गई है, क्या वास्तव में उसके कोई प्रभावी एवं सकारात्मक नतीजे सामने आ पाएंगे? विभिन्न अध्ययन एवं शोध इस बात की तस्दीक करते हैं कि दुनिया के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का बड़ा हिस्सा कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के इस्तेमाल से पैदा होता है। इस सबके बावजूद अगर विश्व के कई देशों की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है, तो यह गैरजिम्मेदाराना रवैये से कैसे अलग है! जलवायु वार्ता में अंतिम समझौते पर सहमति नहीं बन पाने का घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब वैश्विक तापमान में वृद्धि औद्योगिक युग से पहले के स्तर की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यदि मौजूदा नीतियां जारी रहती हैं, तो इस सदी के भीतर वैश्विक तापमान में वृद्धि 2.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकती है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के खतरे की गंभीरता का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। दरअसल, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन समेत सौ से अधिक देशों का मानना है कि जलवायु समझौते में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की स्पष्ट प्रतिबद्धता शामिल की जानी चाहिए। मगर रूस और सऊदी अरब सहित कई तेल उत्पादक देश इसका विरोध कर रहे हैं। उनकी चिंता यह है कि जीवाश्म ईंधन से दूरी बनाने का फैसला उनकी अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर सकता है। मगर, सवाल है कि जब भारत समेत दुनिया के कई देश नवीकरणीय ऊर्जा की ओर कदम बढ़ा रहे हैं, तो तेल उत्पादक देश इस दिशा में आगे क्यों नहीं बढ़ना चाहते! जलवायु समझौते को लेकर मतभेदों की दूसरी कड़ी वित्तपोषण से जुड़ी है। यह बात छिपी नहीं है कि विकसित देशों ने औद्योगिक विकास के दौरान सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन किया है, जबकि जलवायु परिवर्तन का सबसे गंभीर असर उन गरीब और विकासशील देशों पर पड़ रहा है, जिनका इसमें योगदान बेहद कम है। इन देशों की मांग रही है कि विकसित राष्ट्र उन्हें पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएं। जलवायु वार्ता में यह मुद्दा चर्चा में तो आया, लेकिन विकसित देशों की ओर से स्पष्ट वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं मिलने के कारण इस पर भी कोई सहमति नहीं बन पाई। जाहिर है, यदि विकसित देश अपनी जिम्मेदारियों से बचते रहे और विकासशील देशों की चिंताओं को नजरअंदाज किया जाता रहा, तो जलवायु वार्ताएं केवल औपचारिकता बनकर रह जाएंगी। अब समय घोषणाओं और आश्वासनों के बजाय ठोस फैसले लेने का है, क्योंकि जलवायु संकट से निपटने में होने वाली देरी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को खतरे में डाल सकती है।

हाईकोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना भाजपा ने अपने पार्षद को दिलाई शपथ, एमसीडी सदन की पांच मिनट की बैठक पर आम आदमी पार्टी ने उठाए सवाल : अंकुश नारंग

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 23 नवंबर 2026। आम आदमी पार्टी ने पुष्प विहार वार्ड संख्या 166 से भाजपा पार्षद नरेश को शपथ दिलाए जाने पर सवाल उठाए हैं। एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने आरोप लगाया कि भाजपा ने हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार किए बिना ही अपने पार्षद को शपथ दिला दी, जबकि इस वार्ड से पहले विजयी घोषित आम आदमी पार्टी के पार्षद अरुण नवारिया का मामला अभी हाईकोर्ट में लंबित है। अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा को आशंका थी कि 26 नवंबर को आने वाले संभावित न्यायालय के आदेश में निचली अदालत के फैसले पर रोक लग सकती है, इसलिए उसने जल्दबाजी में सदन बुलाकर नरेश को शपथ दिला दी। अंकुश नारंग ने बताया कि भाजपा ने सोमवार सुबह 10 बजे एमसीडी का तत्काल सदन बुलाया, लेकिन बैठक महज पांच मिनट में समाप्त कर दी गई। इस दौरान पुष्प विहार वार्ड-166 से अरुण नवारिया की जगह भाजपा के नरेश को पार्षद पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई लंबित है और स्टे से संबंधित आदेश सुरक्षित है। ऐसे में भाजपा को न्यायालय के फैसले का इंतजार करना चाहिए था।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब 27 नवंबर को एमसीडी का सामान्य सदन पहले से निर्धारित था और 26 नवंबर को हाईकोर्ट का आदेश आने की संभावना थी, तो भाजपा ने एक दिन पहले आनन-फानन में विशेष सदन बुलाने की जरूरत क्यों समझी? सदन बुलाने में अधिकारियों और अन्य व्यवस्थाओं पर जनता के टैक्स का पैसा खर्च होता है। इसके बावजूद बैठक केवल पांच मिनट में समाप्त कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह जनता के लाखों रुपये बर्बाद किए गए। अंकुश नारंग ने कहा कि यदि भाजपा ने एमसीडी का सदन बुलाया ही था तो दिल्ली की जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा क्यों नहीं की गई? राजधानी में मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर लगातार खराब हो रहा है और स्मॉग टॉवर काम नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली में सफाई व्यवस्था प्रभावित है तथा नगर निगम कर्मचारियों को नियमित करने का मुद्दा भी लंबित है। इन सभी समस्याओं पर चर्चा किए बिना ही सदन समाप्त कर दिया गया।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा को दिल्ली की जनता की समस्याओं से ज्यादा अपने पार्षदों की संख्या बढ़ाने की चिंता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हाईकोर्ट के संभावित आदेश से पहले ही अपने पार्षद को शपथ दिलाने के लिए तत्काल सदन बुलाया। अंकुश नारंग ने सवाल किया कि जब 27 नवंबर को सामान्य सदन की बैठक होनी थी तो जनता के पैसे और अधिकारियों के समय का उपयोग इस तरह क्यों किया गया? उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने जिन उम्मीदों के साथ भाजपा को जिम्मेदारी सौंपी थी, उन पर ध्यान देने के बजाय पार्टी का ध्यान केवल राजनीतिक और सदन से जुड़े घटनाक्रमों पर केंद्रित दिखाई दे रहा है।

ऑपरेशन जमतारा की सफलता पर सीपी दिल्ली ने वेस्ट जिला पुलिस टीम की सराहना की, 22 साइबर अपराधी गिरफ्तार, पूरी टीम को कैश रिवॉर्ड की घोषणा

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के वेस्ट जिला की ओर से चलाए गए ऑपरेशन जमतारा की बड़ी सफलता पर दिल्ली के पुलिस आयुक्त श. अनुराग कुमार, आईपीएस और विशेष पुलिस आयुक्त, कानून व्यवस्था, जोन-क श. नीरज ठाकुर ने पूरी टीम की जमकर सराहना की। इस उपलब्धि को लेकर एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों को पूरे ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में बताया गया कि यह ऑपरेशन संयुक्त पुलिस आयुक्त, पश्चिमी रेंज सुश्री सुमन गोयल, आईपीएस और डीसीपी वेस्ट जिला श. हरेश्वर वी. स्वामी, आईपीएस के करीबी पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में बड़ी ही सावधानी से प्लान कर चलाया गया। ब्रीफिंग के दौरान प्लानिंग, तकनीकी जांच, अंतरराज्यीय समन्वय, पुलिस टीमों के सामने आई चुनौतियों और 22 साइबर अपराधियों की सफल गिरफ्तारी के बारे में बताया गया। गिरफ्तार अपराधियों में खतरनाक एपीके पैनल डेवलपर्स भी शामिल हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों ने ऑपरेशन की प्लानिंग, क्रियान्वयन और उपलब्धियों को दर्शाने वाली पूरी वीडियो प्रेजेंटेशन भी देखी। पूरे ऑपरेशन की समीक्षा के बाद उन्होंने वेस्ट जिला की पूरी ऑपरेशन जमतारा टीम को उनकी असाधारण निष्ठा, पेशेवर दक्षता, सूक्ष्म योजना, टीमवर्क और सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई दी, जिनकी वजह से एक बड़े अंतरराज्यीय साइबर ठगी सिंडिकेट को ध्वस्त किया जा सका।

वरिष्ठ अधिकारियों ने विशेष रूप से 64 पुलिसकर्मियों की सातों पुलिस टीमों के समन्वित प्रयासों की सराहना की, जिनके निरंतर प्रयासों से संगठित साइबर अपराध के खिलाफ यह बड़ी सफलता मिली।

टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के सम्मान में माननीय सीपी दिल्ली ने पूरी टीम के लिए कैश रिवॉर्ड की भी घोषणा की। वरिष्ठ नेतृत्व की इस सराहना और प्रोत्साहन से वेस्ट जिला पुलिस के जवानों का मनोबल और बढ़ा है और साइबर अपराध से प्रभावी ढंग से निपटने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की उनकी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है।

पूर्वी दिल्ली पुलिस ने महिला व बाल सुरक्षा अभियान तेज किया, स्कूलों-पार्कों में सेल्फ डिफेंस व साइबर सुरक्षा की दी ट्रेनिंग

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली पूर्वी जिला पुलिस ने महिला और बच्चों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सशक्त पहल के तहत विभिन्न स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता, सेल्फ डिफेंस और सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए। मयूर पब्लिक स्कूल, मंडावली में छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक गुर सिखाए गए और गुड टच-बैड टच, पॉक्सो एक्ट, बुलिंग, मानव तस्करी, नशा व साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। आरएसके वी, पटपड़गंज में साइबर ठगी, फर्जी प्रोफाइल, साइबर बुलिंग व फोटो के दुरुपयोग से बचाव के उपाय बताए गए। संजय झील पार्क में महिलाओं, बच्चों व स्थानीय लोगों को असुरक्षित स्थिति पहचानने और बसों में रडर बटन के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। वहीं शिष्टाचार स्क्वाड ने नरवाना रोड व डिस्ट्रिक्ट पार्क, वेस्ट विनोद नगर में सादे कपड़ों में फुट पेट्रोलिंग कर 6 लोगों को सत्यापन के लिए हिरासत में लिया और महिलाओं से बेझिझक शिकायत करने की अपील की। एक उमंग एनजीओ, त्रिलोकपुरी में बच्चों को सेल्फ डिफेंस व सुरक्षित रहने के तरीके सिखाए गए। पुलिस ने अपील की है कि किसी भी तरह के उत्पीड़न, दुर्व्यवहार या साइबर अपराध की सूचना तुरंत 112, 1091, 1098 व 1930 पर दें या cybercrime.gov.in पर शिकायत करें।



सुभाष नगर में अवैध क्रिकेट सट्टा रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली दिल्ली पुलिस के पश्चिम जिले की पीपी सुभाष नगर की सतर्क टीम ने अवैध क्रिकेट सट्टा रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 21 नवंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि सुभाष नगर के मकान नंबर 10/67 व 68 की पहली मंजिल से ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाया जा रहा है। सूचना पर एसआई अनुज मोर के नेतृत्व में टीम ने छापा मारा, जहां दोनों आरोपी पंटरों से बात कर सट्टे के रेट बता रहे थे और लैपटॉप पर बेटिंग असिस्टेंट आई-बुक एप के जरिए एंट्री कर रहे थे। आरोपियों की पहचान सुखविंदर सिंह निवासी सुभाष नगर और सुनील सचदेवा निवासी पहाड़गंज के रूप में हुई है। मौके से 8 मोबाइल फोन, सट्टे का डेटा वाला एक एचपी लैपटॉप और एक कैश काउंटिंग मशीन बरामद की गई। इस संबंध में थाना राजौरी गार्डन में एफआईआर नंबर 629/2026, धारा 3/4/5/9 दिल्ली पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट 1955 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।



नन्हे कुंवर नक्ष के स्वागत एवं आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित हुए विभु बंसल

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। विभु बंसल कल गाजियाबाद में आयोजित अनिल सांवरिया के परिवार के नन्हे राजकुमार कुंवर नक्ष के स्वागत एवं आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने नन्हे नक्ष को अपना स्नेह, आशीर्वाद एवं शुभाशीष प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।



इस अवसर पर उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि नन्हे कुंवर नक्ष का जीवन सदैव सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं अपार खुशियों से परिपूर्ण रहे। वह अपने संस्कारों एवं उपलब्धियों से परिवार का नाम रोशन करें तथा जीवन में निरंतर सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें।

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर भारत सिटी में गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ में शामिल हुए अमित प्रजापति

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। के लोनी भारत सिटी, लोनी विधानसभा क्षेत्र में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर आयोजित गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। भारत सिटी के प्रबुद्ध जनों द्वारा श्रद्धा, भक्ति एवं भव्यता के साथ आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अमित प्रजापति ने लोनी विधानसभा के उज्ज्वल भविष्य, क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि, आपसी भाईचारे एवं सद्भाव की कामना करते हुए अरदास की। कार्यक्रम में भारत चौहान,दीपक पीलवान, प्रदेश अध्यक्ष श्रवण चंदेल,पारस कांगड़ा, सोनू सैन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



अमित प्रजापति ने आयोजन कताओं एवं समस्त श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं हमें प्रेम,सेवा, मानवता, समानता और भाईचारे का संदेश देती हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में सद्भाव एवं सेवा भावना को मजबूत करना हम सभी का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि लोनी की खुशहाली, शांति एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रार्थना और जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ते रहेंगे।

संविधान दिवस पर कांग्रेस निकालेगी संविधान रक्षा यात्रा, एक वोट बचाने का लिया संकल्प वोट के अधिकार और संविधान की रक्षा के लिए सड़क पर उतरेगा भारत का प्रजातंत्र: सतीश शर्मा

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेस पार्टी 26 नवंबर को संविधान रक्षा यात्रा निकालकर संविधान और मताधिकार की रक्षा का संकल्प लेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि आज देश के सामने संविधान और लोकतंत्र को बचाने की बड़ी चुनौती है। एक वोट की बुनियाद पर खड़े भारत के प्रजातंत्र और संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस जनता के बीच जाएगी। जिला कांग्रेस की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि यात्रा की शुरूआत 26 नवंबर को नेहरू भवन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर होगी। इसके बाद यात्रा एआईसीसी भवन होते हुए हजरतगंज स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तक पहुंचेगी,जहां पुष्पांजलि अर्पित कर इसका समापन किया जाएगा। यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप होगी। इसमें सिविल सोसाइटी, सामाजिक संगठनों, युवाओं और संविधान में आस्था रखने वाले लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। सतीश शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में अपने विचार रखते हुए लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था को लेकर चेताया था। आज संविधान में दिए गए अधिकारों और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने एसआई आर प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मतदाता सूची से नाम कटने और नागरिकता के मुद्दे को जोड़ने से आम मतदाताओं में चिंता पैदा हो रही है। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठ रहे हैं।? प्रेस नोट में चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया तथा नागरिकता से जुड़े अधिकारों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि वोट का अधिकार लोकतंत्र की बुनियाद है। कांग्रेस का कहना है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहना चाहिए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर अजय चौधरी, राजाराम भारती, पीसीसी सदस्य सुरेंद्र शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, आशुतोष गुप्ता, हाजी खुर्शीद रंगरेज, लक्ष्मण यादव, लज्जा यादव, आरटीआई अध्यक्ष उदय सिंह पाल, हरपाल सिंह और राजू शर्मा सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



महापौर श्री प्रवेश वाही के प्रयासों से दिवंगत कर्मचारियों के 65 आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर एमटीएस (इंजीनियरिंग) पद पर नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



दिल्ली के महापौर श्री प्रवेश वाही ने दिल्ली नगर निगम में कार्यरत दिवंगत कर्मचारियों के 65 आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर मल्टी टास्किंग स्टाफ (इंजीनियरिंग विभाग) के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की है।

महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। जिन कर्मचारियों ने दिल्ली की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया, उनके परिवारों की देखभाल करना निगम का नैतिक कर्तव्य है। अनुकंपा के आधार पर यह नियुक्ति दिवंगत कर्मचारी के परिवार के प्रति निगम का सम्मान और जिम्मेदारी है।

महापौर ने कहा कि इन 65 आश्रितों की नियुक्ति से न केवल उनके परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा, बल्कि इंजीनियरिंग विभाग में कर्मचारियों की कमी भी दूर होगी। एमटीएस के रूप में ये सभी कर्मचारी सड़कों, नालों, भवनों और जन सुविधाओं के रख-रखाव जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में योगदान देंगे।

उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पात्रता की जांच के बाद इन 65 मामलों को स्वीकृति दी गई है। शेष पात्र मामलों का भी नियमानुसार शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

महापौर ने सभी 65 आश्रितों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपने दिवंगत परिजन की तरह ही ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण भाव से दिल्ली की सेवा करेंगे।

हर्ष विहार पुलिस ने होटल से बैग, बाइक और 3.90 लाख चोरी करने वाले दो आरोपी पानीपत से दबोचे, चोरी की बाइक-फोन के साथ चोरी के पैसों से खरीदी बाइक और नया फोन भी बरामद

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



उत्तर-पूर्व जिला पुलिस के थाना हर्ष विहार की टीम ने चोरी की एक बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों राहुल (33) और सावन कश्यप (32) को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई होंडा एसपी-125 मोटरसाइकिल और रेडमी मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इसके अलावा चोरी के पैसों से खरीदी गई हीरो स्प्लेंडर बाइक, नया ओप्पो मोबाइल फोन और ?5,300 नकद भी बरामद हुए हैं।

शिकायतकर्ता अमित ने 19 नवंबर 2026 को थाना हर्ष विहार में ई-एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वे सेवा धाम रोड स्थित एक होटल में ठहरे थे और वॉशरूम गए थे, तभी दो लोगों ने उनका बैग चुरा लिया, जिसमें एक रेडमी फोन और ?3,90,000 नकद थे, साथ ही उनकी मोटरसाइकिल भी चोरी कर ली गई।

मामले की जांच के लिए एसएचओ इंस्पेक्टर तेज दत्त गौर के नेतृत्व में एसआई दीपांशु, एचसी कुलदीप और एचसी राजप्रीत की टीम गठित की गई, जिसकी निगरानी एसीपी नंद नगरी गौरव कुमार त्रिपाठी ने की। तकनीकी सर्विलांस और स्थानीय खुफिया जानकारी से पुलिस को पानीपत में छिपे संदिग्धों का सुराग मिला।

पुलिस टीम ने पानीपत के बिल्लू कॉलोनी, भोला चौक में राहुल के घर पर दबिश दी, लेकिन वह वहां नहीं मिला। उसकी पत्नी से एचसी कुलदीप ने सिविल कपड़ों में डिलीवरी बॉय बनकर संपर्क किया और आरोपी के ठिकाने व मोबाइल नंबर की जानकारी हासिल की। इसके बाद भारत नगर इंडस्ट्रियल एरिया, पानीपत में छापा मारकर राहुल और उसके साथी सावन को पकड़ लिया गया।

पूछताछ में सावन की निशानदेही पर चोरी की मोटरसाइकिल और राहुल के कब्जे से चोरी का रेडमी फोन व चोरी के पैसों से ?60,000 में खरीदी हीरो स्प्लेंडर बाइक बरामद हुई। पुलिस रिमांड के दौरान सावन की निशानदेही पर चोरी के पैसों से ?20,000 में खरीदा नया ओप्पो फोन और ?5,300 नकद भी बरामद किए गए। दोनों आरोपियों का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। आगे की जांच जारी है।

गुरु नानक देव जी की 557वीं जयंती पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब में माथा टेककर देश की सुख-शांति और समृद्धि के लिए की अरदास, कहा—गुरु जी ने जात-पात और ऊंच-नीच के भेद मिटाकर मानवता, समानता और सेवा का मार्ग दिखाया

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 24 नवंबर। श्री गुरु नानक देव जी की 557वीं प्रकाश पर्व जयंती के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब पहुंचकर माथा टेका और देशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए अरदास की। इस अवसर पर उनके साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। तीनों नेताओं ने गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेकने के साथ कीर्तन श्रवण किया और गुरु नानक देव जी के आदर्शों को स्मरण किया। गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से गुरु परंपरा के अनुसार भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को सम्मान स्वरूप सरोपा भेंट किया गया।

इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को मानवता के लिए सदैव प्रासंगिक बताते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने पूरी दुनिया को "एक ओंकार, एक ज्योति" का संदेश दिया। उन्होंने जात-पात, ऊंच-नीच और सामाजिक भेदभाव को मिटाकर मानव समाज को "नाम जपो, कीरत करो, वंड छको" का मार्ग दिखाया। गुरु जी की शिक्षाएं आज भी हमें मानवता, समानता, सेवा, परिश्रम और परोपकार की प्रेरणा देती हैं। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत किया जा सकता है।

नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गुरु नानक देव जी के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए अंत्योदय और 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने गुरु नानक देव जी की 557वीं जयंती पर कामना की कि गुरु जी का प्रकाश सभी के जीवन को करुणा, परिश्रम और परोपकार से आलोकित करे तथा भारत विश्वगुरु बने।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने भी गुरु नानक देव जी की 557वीं जयंती पर समस्त दिल्लीवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने पूरी मानवता को प्रेम, भाईचारे, समानता और सेवा का संदेश दिया। दिल्ली भाजपा गुरु जी के आदर्शों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गुरु जी की शिक्षाएं समाज को एकजुट करने और आपसी सद्भाव को मजबूत बनाने का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने समस्त संगत को प्रकाश पर्व की लख-लख बधाइयां देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी का संदेश 'सबदा भला' ही हमारी सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारों की मयार्दा और सिख विरासत को संरक्षित करने के लिए सरकार सदैव तत्पर है। गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं हमें सभी के कल्याण, सेवा और मानवता के प्रति समर्पण का भाव सिखाती हैं।

इस अवसर पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी के दिखाए मार्ग पर चलकर ही देश एकता और भाईचारे की डोर में बंध सकता है। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष ऊषा अग्रवाल, विधायक सरदार तरविन्दर सिंह मारवाह, निगम पार्षद योगिता सिंह, पंजाबी एकेडमी के उपाध्यक्ष सरदार इमप्रीत सिंह बख्शी और दिल्ली भाजपा प्रवक्ता यासिर जिलानी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं संगत उपस्थित रहे। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब में आयोजित यह कार्यक्रम उनकी शिक्षाओं, मानवता की सेवा, सामाजिक समानता और आपसी भाईचारे के संदेश को समर्पित रहा।

एशिया पावर इंडेक्स 2026 में भारत को तीसरी सबसे बड़ी शक्ति का स्थान, रविशंकर प्रसाद बोले- दुनिया मान रही भारत की बढ़ती ताकत, राहुल गांधी विदेशों में देश की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 23 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा सांसद रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में भारत की बढ़ती वैश्विक शक्ति, आर्थिक प्रगति और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने लोवी इंस्टीट्यूट की एशिया पावर इंडेक्स 2026 रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत एशिया की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में उभरा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभाव, मजबूत होती अर्थव्यवस्था और बेहतर होती कूटनीतिक स्थिति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि एक ओर दुनिया भारत की बढ़ती ताकत को स्वीकार कर रही है, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी विदेशों में जाकर भारत की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया स्थित लोवी इंस्टीट्यूट की एशिया पावर इंडेक्स 2026 रिपोर्ट में एशिया के 27 देशों का 131 मानकों पर अध्ययन किया गया है। इस व्यापक अध्ययन में भारत ने 40.5 अंक हासिल किए हैं। वर्ष 2018 के आकलन की तुलना में भारत के प्रदर्शन में सुधार दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत एशिया की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। भारत की राजनीतिक और आर्थिक क्षमता, कूटनीतिक प्रभाव, रक्षा नेटवर्क तथा सांस्कृतिक प्रभाव में लगातार मजबूती आई है।

उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एशिया का दूसरा सबसे प्रभावशाली क्षेत्रीय नेता बताया गया है। कूटनीतिक प्रभाव के मामले में भारत को 70.3 अंक मिले हैं, जबकि भविष्य के संसाधनों के विकास और निवेश की संभावनाओं के मामले में भारत ने 56.2 अंक हासिल किए हैं। रक्षा नेटवर्क के क्षेत्र में भारत को 18.6 अंक मिले हैं और इस श्रेणी में भारत दो स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गया है। वहीं भारत का सांस्कृतिक प्रभाव बढ़कर 43.8 अंक हो गया है, जो भारतीय संस्कृति, संस्कारों और सभ्यतागत मूल्यों की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता को दर्शाता है। आर्थिक संबंधों में स्थिरता के मामले में भी भारत उन पांच देशों में शामिल है, जिनके अन्य देशों के साथ आर्थिक संबंधों में गिरावट नहीं आई है। इस क्षेत्र में भारत दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंचा है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति को केवल देश के भीतर ही नहीं, बल्कि दुनिया की प्रतिष्ठित आर्थिक संस्थाएं भी स्वीकार कर रही हैं। उन्होंने नवंबर 2026 की गोल्डमैन सैक्स रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें भारत को वर्ष 2027 में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बताया गया है और विकास की गति में भारत के चीन से आगे रहने की बात कही गई है। इसी तरह अक्टूबर 2026 की अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की रिपोर्ट में भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास का महत्वपूर्ण ग्रोथ इंजन बताया गया है। विश्व बैंक की अक्टूबर 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने वर्ष 2011 से 2023 के बीच 4.96 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।

रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि आखिर वे किस आधार पर भारतीय अर्थव्यवस्था को निराशाजनक और डिजास्टर बताते हैं, जबकि दुनिया की प्रतिष्ठित संस्थाओं की रिपोर्ट भारत की आर्थिक मजबूती और विकास की संभावनाओं को रेखांकित कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेशों में जाकर भारत के बारे में नकारात्मक बयान देते हैं और देश की वास्तविक उपलब्धियों को नजरअंदाज करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्टों का अध्ययन करना चाहिए और तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति भारत की उपलब्धियों को नकारने तक सीमित होती जा रही है, जबकि भारत दुनिया में अपनी नई पहचान बना रहा है। भारत गरीबी कम करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके बावजूद राहुल गांधी को देश की सफलता से परेशानी दिखाई देती है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या राहुल गांधी ने भारत को बदनाम करने का पट्टा ले लिया है और क्या वे किसी ताकत के इशारे पर काम कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता होने के नाते राहुल गांधी की जिम्मेदारी है कि वे देश की वास्तविक आर्थिक स्थिति और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों को समझकर बयान दें। रविशंकर प्रसाद ने विदेशों में भारत के राजनीतिक मुद्दों को उठाने की परंपरा पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि विदेश यात्रा के दौरान देश की प्रतिष्ठा को दलगत राजनीति से ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने अपने वर्ष 2013 के अमेरिका दौरे का उदाहरण देते हुए बताया कि उस समय वे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता थे। न्यूयॉर्क में अमेरिकी और भारतीय निवेशकों ने उनसे मुलाकात कर भारत में अपने निवेश की सुरक्षा को लेकर सवाल पूछे थे। उस दौरान उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया था कि भारत संभलेगा और यहां सब कुछ ठीक रहेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने विदेश की धरती पर भारत की आलोचना करने के बजाय देश की आर्थिक क्षमता और भविष्य के प्रति विश्वास व्यक्त किया था। भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में राहुल गांधी जिस तरह की टिप्पणियां करते हैं, उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री के संयम की सराहना करते हुए कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन विदेशों में देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाले बयान देना उचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के मामले में देश के भीतर एक व्यापक सहमति होनी चाहिए। अंत में रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा की रक्षा करना हर भारतीय की जिम्मेदारी है। राजनीतिक दलों के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन विदेश की धरती पर भारत की उपलब्धियों और उसकी छवि को कमजोर करने से बचना चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी से अपील की कि वे अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों का अध्ययन करें, देश की वास्तविक स्थिति को समझें और राजनीतिक बयानबाजी करते समय भारत के हितों तथा प्रतिष्ठा को सर्वोपरि रखें।

गुन्नौर में संजीव यादव की बढ़ती लोकप्रियता की चर्चा, दस वर्षों से जनता के सुख-दुख में निभा रहे हैं साथ

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गुन्नौर। में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा से दावेदारी,लगातार जनसंपर्क और सामाजिक सक्रियता के चलते क्षेत्र में बना रहे हैं अपनी अलग पहचान संभल, गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। इस बीच भाजपा के संभावित दावेदार संजीव यादव लगातार अपने जनसंपर्क और सामाजिक गतिविधियों को लेकर चर्चा में हैं पिछले करीब दस वर्षों से क्षेत्र के लोगों के बीच रहकर उनके सुख-दुख में शामिल होने और सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने के कारण संजीव यादव की क्षेत्र में पहचान बनी है। संजीव यादव की राजनीतिक सक्रियता केवल चुनावी गतिविधियों तक सीमित नहीं रही है। क्षेत्र में किसी परिवार में खुशी का अवसर हो या दुख की घड़ी, सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी लगातार देखने को मिलती रही है। स्थानीय लोगों के साथ उनका व्यक्तिगत संपर्क और निरंतर संवाद उनकी सार्वजनिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए गुन्नौर क्षेत्र में उनकी सक्रियता और बढ़ गई है। युवाओं,किसानों, व्यापारियों और विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोगों से संपर्क कर वे क्षेत्र की समस्याओं और अपेक्षाओं को समझने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय राजनीतिक चचाओं में भी उनके नाम को लेकर रुचि दिखाई दे रही है। भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जुड़े संजीव यादव पार्टी के कार्यक्रमों और चुनावी गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करते रहे हैं। मार्च 2026 में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गुन्नौर विधानसभा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा और तैयारी सार्वजनिक रूप से व्यक्त की थी। संजीव यादव का मानना है कि राजनीति का वास्तविक उद्देश्य जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना है। उनका कहना है कि पिछले दस वर्षों से जनता के साथ बना उनका रिश्ता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक जुड़ाव का भी है। गुन्नौर विधान सभा में 2027 के चुनाव को लेकर भाजपा के संभावित दावेदारों की चर्चा के बीच संजीव यादव की गतिविधियों पर भी लोगों और राजनीतिक हलकों की नजर बनी हुई है। अब देखना होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी नेतृत्व उन्हें क्या जिम्मेदारी देता है।



सिवालखास और मोदीनगर में बढ़ रही राहुल चौधरी की लोकप्रियता, 2027 में किसी भी विधानसभा से हो सकते हैं भाजपा के मजबूत दावेदार

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ मेरठ। सिवालखास विधानसभा में पिछड़ा वर्ग के बीच लगातार जनसंपर्क और संगठनात्मक सक्रियता से बना रहे हैं अपनी अलग पहचान

मेरठ। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश मंत्री राहुल चौधरी इन दिनों सिवालखास और मोदीनगर विधानसभा क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क कर राजनीतिक और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पिछड़े वर्ग के लोगों के बीच उनकी बढ़ती सक्रियता और कार्यकताओं से लगातार संवाद के चलते उनकी राजनीतिक चर्चा तेज हो रही है। राहुल चौधरी लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों से जुड़े रहे हैं। पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों, अभियानों और चुनावों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है ।वर्तमान में प्रदेश मंत्री (पिछड़ा मोर्चा), उत्तर प्रदेश के दायित्व का निर्वहन करते हुए वे पिछड़े वर्ग के लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने और संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।



सिवालखास विधानसभा क्षेत्र से उनका पुराना राजनीतिक जुड़ाव रहा है, वहीं मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में भी वे लगातार जनसंपर्क और कार्यकताओं के बीच अपनी सक्रियता बढ़ा रहे हैं। दोनों क्षेत्रों में सामाजिक कार्यक्रमों,कार्यकर्ता बैठकों और जनसंवाद के माध्यम से वे अपनी राजनीतिक उपस्थिति मजबूत कर रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी नेतृत्व राहुल चौधरी की संगठनात्मक क्षमता, सामाजिक स्वीकार्यता और क्षेत्रीय सक्रियता को देखते हुए उन्हें सिवालखास अथवा मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतारने पर विचार कर सकता है ।राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पिछड़े वर्ग के बीच लगातार संपर्क,युवाओं के साथ संवाद और संगठन के प्रति उनकी सक्रियता उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में एक महत्वपूर्ण संभावित चेहरे के रूप में स्थापित कर रही है। हालांकि अंतिम निर्णय भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ही करेगा, लेकिन दोनों विधान सभा क्षेत्रों में राहुल चौधरी की बढ़ती राजनीतिक सक्रियता ने 2027 के चुनावी समीकरणों में उनकी चर्चा को महत्वपूर्ण बना दिया है। राहुल चौधरी, प्रदेश मंत्री (पिछड़ा मोर्चा), उत्तर प्रदेश सिवालखास और मोदीनगर में लगातार जनसंपर्क के माध्यम से संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं।

भाजपा-अकाली दल का गठबंधन फिर बहाल, पंजाब विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे; अमित शाह ने 31 दिसंबर 2029 तक पंजाब को नशामुक्त बनाने का लिया संकल्प

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 24 नवंबर। पंजाब की राजनीति में मंगलवार को एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया, जब भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल ने एक बार फिर अपने पुराने गठबंधन को बहाल करने की घोषणा की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने नई दिल्ली स्थित भाजपा केंद्रीय कार्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता कर आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने का ऐलान किया। इस घोषणा के साथ ही शिरोमणि अकाली दल की एनडीए में आधिकारिक रूप से वापसी हो गई। अमित शाह ने गुरु पर्व के पावन अवसर पर अकाली दल और सरदार सुखबीर सिंह बादल का एनडीए परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा और अकाली दल का रिश्ता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, भावनात्मक जुड़ाव और पंजाब के गौरवशाली इतिहास से जुड़ा हुआ है। अकाली दल के जुड़ने से एनडीए पूर्ण होता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा और अकाली दल ने कई चुनाव साथ लड़े हैं और राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बावजूद दोनों दलों का रिश्ता हमेशा मजबूत बना रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एनडीए के विस्तार के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त की है और स्वयं सरदार सुखबीर सिंह बादल से बातचीत कर इस गठबंधन का स्वागत किया है। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के शासनकाल में पंजाब नशामुक्त होने के बजाय नशे और गैंगस्टरवाद की समस्या से और अधिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता अब वादाखिलाफी करने वाली सरकार को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। एनडीए का संकल्प है कि 31 दिसंबर 2029 तक पंजाब को पूरी तरह नशामुक्त बनाया जाएगा। इसके साथ ही राज्य से भ्रष्टाचार, ड्रग माफिया और गैंगस्टरों के आतंक का उन्मूलन कर भयमुक्त वातावरण और कानून का राज स्थापित किया जाएगा।

अमित शाह ने कहा कि पंजाब के किसानों की समस्याओं, राज्य के आर्थिक विकास और युवाओं के रोजगार से जुड़े मुद्दों पर अगले तीन महीनों में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के बीच विस्तृत चर्चा होगी। इन चचाओं के आधार पर पंजाब के विकास के लिए एक साझा रोडमैप तैयार किया जाएगा, जिस पर एनडीए की आगामी सरकार काम करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा और अकाली दल के एक साथ आने से पंजाब में राजनीतिक परिवर्तन का रास्ता मजबूत होगा और जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए को समर्थन देगी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गठबंधन को पूरी तरह स्वाभाविक और नेचुरल बताते हुए कहा कि भाजपा और अकाली दल के कार्यकताओं तथा नेताओं के बीच वर्षों पुराना सहज जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियां मिलकर पंजाब के विकास, युवाओं के भविष्य, किसानों की समस्याओं, व्यापारियों की सुरक्षा और मजदूरों के कल्याण के लिए काम करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और पंजाब में डबल इंजन की सरकार राज्य की जवानी, किसानी, व्यापार और उद्योग को नई दिशा देगी। नवीन ने स्पष्ट किया कि यह गठबंधन सत्ता हासिल करने के लिए नहीं, बल्कि पंजाब की सेवा करने के संकल्प के साथ बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे पर चर्चा बाद में होगी, लेकिन दोनों दलों का एक साथ आना पंजाब की जनता के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है।

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने गठबंधन की वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा और अकाली दल का रिश्ता नाखून और मांस की तरह अटूट है। उन्होंने अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री सरदार प्रकाश सिंह बादल, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी के बीच वर्ष 1996 में बने पारिवारिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि वही रिश्ता एक बार फिर मजबूत हो रहा है। बादल ने कहा कि पिछले दस वर्षों में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के शासन ने पंजाब को नशे, गैंगस्टरवाद और बदहाल व्यवस्था की ओर धकेला है। आज पंजाब की जवानी, किसानी, व्यापारियों और मजदूरों को बचाने तथा राज्य को फिर से विकास के रास्ते पर लाने की जरूरत है।

सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि पंजाब को दोबारा अमन-शांति, भाईचारे और विकास के रास्ते पर ले जाना उनका प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और नितिन नवीन का पंजाब की समस्याओं के समाधान तथा राज्य को फिर से खुशहाल बनाने का भरोसा देने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि पंजाब सीमावर्ती राज्य होने के कारण देश की सुरक्षा में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है और यहां के किसान तथा जवान देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि एनडीए के साथ मिलकर पंजाब में नशे और गैंगस्टरवाद को समाप्त करने के साथ व्यापारियों और आम नागरिकों के बीच सुरक्षा का माहौल बनाया जाएगा।

बादल ने यह भी जानकारी दी कि 8 तारीख को उनके पिता सरदार प्रकाश सिंह बादल के जन्मदिन के अवसर पर मोगा में एक बड़ा समागम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं शामिल होने की सहमति दी है। संयुक्त प्रेस वार्ता में पंजाब भाजपा अध्यक्ष सरदार केवल सिंह ढिल्लों, पंजाब भाजपा प्रभारी सतीश पुनिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, अकाली दल के वरिष्ठ नेता सरदार बलविंदर सिंह भुंडर और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह सहित दोनों दलों के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस गठबंधन को पंजाब की आगामी विधानसभा चुनावी राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है।

सदर बाजार में गुरुपर्व पर विश्व शांति और मानवता के लिए हुई विशेष अरदास

सदर बाजार में सभी धर्मों के लोगों ने मिल-जुलकर मनाया गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व, भाईचारे और एकता की पेश की मिसाल - परमजीत सिंह पम्मा

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली। सदर बाजार में श्री गुरु नानक देव जी का पावन प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर सदर बाजार बारी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा की अध्यक्षता में कुतुब रोड पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बारी मार्केट ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा, दिल्ली व्यापार महासंघ के अध्यक्ष देवराज बबेजा, फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन (FESTA) के अध्यक्ष राकेश यादव एवं कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी युगिंदर सिंह,महासचिव रजिंदर शर्मा, व्यापारी नेता नरेंद्र गुप्ता एवं बारी मार्केट ट्रेड एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. चंद्र प्रकाश धवन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र आर्य, कुलदीप सिंह, महासचिव दीपक निम्भल, सचिव शेखर कटारिया एवं अभय सबरवाल सहित अन्य विश्व शांति, मानवता की भलाई और पूरी दुनिया में आपसी भाईचारा कायम रहने के लिए विशेष अरदास की गई।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि आज पूरी दुनिया में जिस प्रकार के हालात बने हुए हैं, कहीं युद्ध और तनाव का माहौल है तो कहीं महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक परेशानियां और सामाजिक असमानता लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे समय में श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शन का काम कर सकती हैं। यदि दुनिया का हर इंसान गुरु साहिब के संदेश 'नाम जपो, किरत करो और वंड छको' को अपने जीवन में अपनाए तो नफरत की जगह प्रेम, भेदभाव की जगह समानता और स्वार्थ की जगह सेवा की भावना पैदा हो सकती है। पम्मा ने कहा कि हमारी अरदास है कि दुनिया के सभी देशों में शांति बनी रहे, युद्ध समाप्त हों, सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे का सम्मान करें और कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। समाज में अमीर-गरीब का भेदभाव कम हो तथा जरूरतमंदों को उनका अधिकार और सम्मान मिले। गुरु नानक देव जी ने पूरी मानवता को एक होने का संदेश दिया था। आज जरूरत है कि हम उनके बताए रास्ते पर चलकर पूरी दुनिया को एक परिवार समझें।

पम्मा ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का संदेश किसी एक धर्म या समुदाय के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए है। अगर हम उनकी शिक्षाओं को मानकर चलें तो समाज में आपसी वैर-विरोध, नफरत और भेदभाव समाप्त करने में बड़ी मदद मिल सकती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर गुरु का लंगर छका। बाजार के व्यापारियों ने आपसी सहयोग से सेवा में हिस्सा लिया। विशेष बात यह रही कि सभी धर्मों के लोगों ने मिल-जुलकर इस पावन पर्व को मनाया और आपसी एकता एवं भाईचारे की मिसाल पेश की।

अंत में परमजीत सिंह पम्मा ने सभी से अपील की कि गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को केवल उत्सव के रूप में न मनाएं, बल्कि उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें और समाज में प्रेम, सेवा, समानता तथा विश्व शांति का संदेश फैलाएं।

भारत-नेपाल के शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करने की पहल अभिनंदनीय : अभाविप

सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक स्थलों के दर्शन हेतु भारतवासियों को नेपाल के प्रधानमंत्री का आमंत्रण भारत-नेपाल के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं जन-जन के संबंधों को दृढ़ता प्रदान करेगा : डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) नेपाल के प्रधानमंत्री श्री बालेन शाह के भारत आगमन के अवसर पर भारत एवं नेपाल के नेतृत्व द्वारा दोनों देशों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में की गई पहलों का अभिनंदन करती है। भारत सरकार द्वारा शिक्षा, कृषि, चिकित्सा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में नेपाल के साथ सहयोग विस्तार के लिए की गई पहल तथा नेपाल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण एवं पुनर्वास के लिए भारत द्वारा प्रदान किया गया उल्लेखनीय सहयोग दोनों देशों की पारस्परिक मैत्री एवं प्रतिबद्धता का परिचायक है। भारत की जनता को श्री मुक्तिनाथ, श्री पशुपतिनाथ, माँ जानकी की पावन भूमि जनकपुर, जीवित कुमारी की परंपरा एवं भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी के दर्शन हेतु आमंत्रित करने का नेपाल के प्रधानमंत्री श्री बालेन शाह का हार्दिक आमंत्रण, दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक विरासत और आत्मीय संबंधों को नई मजबूती प्रदान करने वाला है।

भारत और नेपाल के मध्य शैक्षिक सहयोग को नई गति देने के लिए नेपाल में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) का परिसर स्थापित करने, कानून, प्रौद्योगिकी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) जैसे विषयों में छात्रवृत्ति एवं प्रशिक्षण के अवसरों का विस्तार करने तथा शिक्षकों एवं विशेषज्ञों के आदान-प्रदान की पहल की गई है। साथ ही, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना, लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय में नालंदा केंद्र की स्थापना, कृषि अनुसंधान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) का उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने तथा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के प्रमुख संस्थानों के बीच शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच संपर्क एवं सांस्कृतिक मैत्री को बढ़ावा देने वाली वंदे भारत ट्रेन जैसी पहल भी इस सहयोग को नई दिशा प्रदान करती है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा, "भारत और नेपाल के संबंध सदियों पुराने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक संबंधों पर आधारित हैं। दोनों देशों के युवाओं के बीच शिक्षा, शोध, नवाचार एवं कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग की असीम संभावनाएं हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री श्री बालेन शाह द्वारा भारत के नागरिकों को नेपाल के हिमालय की गोद में बसे भगवान मुक्तिनाथ, श्री पशुपतिनाथ, तराई के मैदानों में स्थित माता जानकी की पावन भूमि जनकपुर, जीवित देवी कुमारी की परंपरा तथा शांति के अग्रदूत भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी के दर्शन हेतु दिया गया आमंत्रण दोनों देशों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ करने वाला है। नेपाल में IIT परिसर की स्थापना तथा उच्च शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग का विस्तार दोनों देशों के युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने वाला महत्वपूर्ण कदम है। भारत सरकार द्वारा इस दिशा में की गई पहल तथा दोनों देशों के नेतृत्व द्वारा युवा केंद्रित सहयोग को प्राथमिकता देना सराहनीय है। अभाविप इन पहलों का अभिनंदन करती है और विश्वास करती है कि भारत एवं नेपाल के बीच शैक्षिक एवं सांस्कृतिक सहयोग आने वाले समय में दोनों देशों की मैत्री को और अधिक सुदृढ़ करेगा।"

आर्य नेता योगी प्रवीण आर्य ने 69वें जन्मदिन को वैदिक यज्ञ से मनाया

व्यापारियों ने शाल-पीतवस्त्र एवं मोतीमाला पहनाकर किया भावभीना स्वागत

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ



गाजियाबाद। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष योगी प्रवीण आर्य ने अपने 69वें जन्मदिन को अत्यंत सरल एवं वैदिक परंपरा के अनुरूप मनाया।उन्होंने अपने निवास पर सपरिवार वैदिक यज्ञ का आयोजन किया। दैनिक अग्निहोत्र के मंत्रों के साथ-साथ दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य तथा तीव्र बुद्धि (मेधा) की प्राप्ति के लिए विशेष वेद मंत्रों से आहुतियाँ अर्पित कीं।इसके पश्चात वे शम्भु दयाल वैदिक सन्यास आश्रम,दयानन्द नगर पहुँचे,जहाँ उन्होंने गौशाला में गौमाता को हरा चारा खिलाकर गौसेवा की तथा गुरुकुल के ब्रह्मचारियों को फल वितरित किये। व्यापारियों ने आज प्रिन्स कुर्ती कलेक्शन, 87 सब्जी मण्डी मार्केट, घंटाघर में उनका भव्य स्वागत किया। उन्हें शाल एवं पीतवस्त्र ओढ़ाकर तथा मोतीमाला पहनाकर भावभीनी शुभकामनाएँ दी गईं।सभी उपस्थित व्यापारियों ने उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। प्रातःकाल संत निवास, नेहरू नगर में योगाभ्यास के उपरांत योग शिक्षिकाओं वीना वोहरा, वीनस गुप्ता, सुमन बंसल व विभा भारद्वाज ने भी उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी।इस अवसर पर योगी प्रवीण आर्य ने कहा कि जन्मदिन केवल उत्सव का दिन नहीं,बल्कि बीते वर्ष के कार्यों का मूल्यांकन करने तथा दुगुणों का त्याग कर विद्या, स्वास्थ्य, माता-पिता की सेवा एवं परोपकार के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का अवसर होना चाहिए। उपस्थित प्रमुख व्यक्ति व्यापारी नेता प्रमोद गुप्ता, समाजसेवी प्रवीण बत्रा, मनोज गुप्ता, डॉ. प्रमोद सक्सेना, योगाचार्य नेतराम, संजय खंडेलवाल, चौधरी मंगल सिंह, सुभाष शर्मा, त्रिपेश गौतम, अशोक खुराना, अशोक मदान, संजय कटारिया, मुकेश शर्मा, विनोद गुप्ता, नवनीत बुद्धिराजा, राहुल आर्य, पंकज आर्य, भावना सरोज, सूरज, हनी, चेतन एवं मनोज वर्मा आदि।

मतदाता सूची में अपना नाम जरूर जांचें,पात्र लोग फॉर्म-6 भरकर कराएं पंजीकरण -- डीएम

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार न मादंड ने जनपद के नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और सभी पात्र लोगों से मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने की अपील की है।



उन्होंने कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है या किसी कारणवश कट गया है, वे फॉर्म-6 भरकर नाम जुड़वाने के लिए आवेदन करें। डीएम ने बताया कि मतदाता सूची में नाम, आयु, पता या अन्य विवरण में गलती होने पर फॉर्म-8 के माध्यम से संशोधन कराया जा सकता है। वहीं, किसी अपात्र या मृत व्यक्ति का नाम हटवाने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत फॉर्म-7 भरकर आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नागरिक मतदाता सूची में नाम जांचने और अन्य सुविधाओं के लिए अपने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट या ईसी आईनेट मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे मतदाता सूची में नाम जांचने, नया नाम जुड़वाने और विवरण में सुधार के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। डीएम ने बताया कि नए पंजीकरण के लिए आयु और सामान्य निवास से संबंधित निर्धारित दस्तावेज देने होंगे। आयु प्रमाण के लिए जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, दसवीं या बारहवीं का प्रमाण पत्र और पासपोर्ट जैसे दस्तावेज मान्य हैं।निवास प्रमाण के लिए आधार कार्ड, बैंक या डाकघर की पासबुक, पासपोर्ट और निर्धारित उपयोगिता बिल सहित अन्य मान्य दस्तावेज प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधार संख्या देना स्वैच्छिक है और इसके अभाव में आवेदन निरस्त नहीं किया जा सकता। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी है। उन्होंने लोगों से स्वयं के साथ परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम भी मतदाता सूची में सुनिश्चित कराने की अपील की।

मक्खनपुर पुलिस ने तमंचा और तीन जिंदा कारतूसों के साथ अभियुक्त को दबोचा, पांच मुकदमों का है आपराधिक इतिहास

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत थाना मक्खनपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व



में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने 23 नवंबर 2026 को रवी पुत्र नानकचन्द निवासी जेबड़ा, थाना मक्खनपुर, फिरोजाबाद को जेबड़ा रेलवे पुल के पास सर्विस रोड पर टावर के निकट से गिरफ्तार किया।एटा और आगरा में दर्ज हैं मुकदमे पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध एटा जनपद के जलेसर थाने में वर्ष 2015 में लूट एवं अन्य धाराओं तथा गैंगस्टर एक्ट के तहत तीन मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। वहीं, आगरा जनपद के खंदौली थाने में वर्ष 2014 में लूट और बरहन थाने में भी लूट से संबंधित मुकदमा दर्ज है। इस प्रकार प्रेस नोट में अभियुक्त के विरुद्ध कुल पांच मुकदमों का उल्लेख किया गया है।पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम कार्रवाई में थानाध्यक्ष चमन कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक भूपाल सिंह, कांस्टेबल महेश कुमार, अभिषेक शर्मा, शांतनु चौहान और ब्रजभान शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि जनपद में अवैध असलहों और अपराधियों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

मिशन शक्ति अभियान में फिरोजाबाद पुलिस की कार्रवाई, 29 शोहदों पर शिकंजा, 6 परिवारों में कराया समझौता

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फिरोजाबाद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-06 के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार, 24 नवंबर 2026 को जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान 29 शोहदों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई, जबकि पारिवारिक विवादों में काउंसलिंग के माध्यम से 6 परिवारों के बीच समझौता कराया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत प्रमुख मंदिरों, बाजारों, चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। वहीं, महिला पुलिसकर्मियों ने सादे वस्त्रों में संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी।चेकिंग के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं पर अशोभनीय टिप्पणियां करने और संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई



की गई। पुलिस ने संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में ऐसी गतिविधियों की पुनरावृत्ति न करने की सख्त हिदायत भी दी।इसके अलावा, विभिन्न थानों की मिशन शक्ति टीमों ने पारिवारिक विवादों में दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर आपसी सहमति से छह मामलों का निस्तारण कराया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, 181, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर सहायता लेने के लिए जागरूक किया गया।फिरोजाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति छेड़छाड़ और अन्य आपत्तिजनक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उनमें सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना मजबूत करना है।

नवयुवक परिषद का 68 वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मेघनगर में हुआ परिषद के ध्वज का ध्वजारोहण

रहीम शेरानी जिला ब्यूरो चीफ झाबुआ



मेघनगर वर्ष 1959 में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ दिन विश्वपूज्य दादा गुरुदेव श्रीमद विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा के नाम से पीताम्बर विजेता, व्याख्यान वाचस्पति, परिषद संस्थापक गुरुदेव श्रीमद विजय यतीन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा द्वारा अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद की स्थापना की गई थी। पुण्य सम्राट गुरुदेव श्रीमद विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी महाराजा ने परिषद को पोषित एवं पल्लवित कर विशाल वटवृक्ष का स्वरूप प्रदान किया। अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद के आह्वान पर आज देशभर में परिषद का 68वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इसी क्रम में मेघनगर स्थित श्री राजेन्द्र सूरी जैन ज्ञान मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवयुवक परिषद अध्यक्ष देवेंद्र जैन एवं महिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता कावड़िया द्वारा परिषद का ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर श्रीसंघ अध्यक्ष शांतिलाल लोढ़ा, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहरलाल चोरड़िया, नवयुवक परिषद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राहुल रांका, तरुण परिषद के राष्ट्रीय सहमंत्री अभिधान कावड़िया, श्रीसंघ के वरिष्ठ सदस्य दिलीप कोठारी, विमल जैन, सेलेस. भंडारी, शीतल कावड़िया, विशाल भंडारी, राहुल रूनवाल, संतोष भंडारी, अर्चित मुथा महिला परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती विमला कोठारी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता रुनवाल, प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती राखी लोढ़ा, स्थानीय महामंत्री श्रीमती अलका लोढ़ा, श्रीमती अर्चना कावड़िया, श्रीमती सोनू कोठारी, वर्षा जैन, शालू रांका, कल्पना शाह, प्रिया जैन, रुचिता कावड़िया, रेनू कावड़िया, पूनम कोठारी, चेतना कोठारी सहित बड़ी संख्या में श्रीसंघ तथा परिषद परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय पहल

रहीम शेरानी जिला ब्यूरो चीफ झाबुआ



झाबुआ माँ त्रिपुरा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, झाबुआ के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम बड़ी सेमलिया, जिला झाबुआ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना था।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें ब्लड प्रेशर, वजन, सामान्य स्वास्थ्य जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां प्रदान की गईं। साथ ही लोगों को स्वच्छता, संतुलित आहार, व्यक्तिगत साफ-सफाई, मौसमी बीमारियों से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जागरूक किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति सचेत रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना एवं समाज के प्रति सेवा भावना विकसित करना था।

माँ त्रिपुरा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, झाबुआ द्वारा इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक, सुरक्षा व अधिकारों की दी जानकारी



दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया

फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-06 अभियान के अंतर्गत फिरोजाबाद पुलिस महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों, गांवों, ब्लॉक, स्कूलों और विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों की ओर से रैली, संगोष्ठी और जनसंपर्क के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मिशन शक्ति पुलिस टीम महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैला रही है।अभियान के दौरान साइबर अपराध एवं साइबर हिंसा से बचाव, नशे के दुष्परिणाम, पारिवारिक विवादों, बाल विवाह और समाज में व्याप्त अन्य कुरीतियों के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है, ताकि वे जागरूक होकर अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें।पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर *1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930* की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर इनका उपयोग करने की अपील की। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है।

जनगणना-2027 : स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जनपद फिरोजाबाद के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर चलाया गया स्व-गणना अभियान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, मरीजों एवं तीमारदारों ने उत्साहपूर्वक की स्व-गणना

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा



फिरोजाबाद जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना जागरूकता सप्ताह के नौवें दिवस को विशेष स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद डॉ. राम बदन राम के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरगढ़ सहित जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यापक स्व-गणना जागरूकता अभियान संचालित किया गया।

अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों, फार्मासिस्टों, लैब टेक्नीशियनों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम, आशा कार्यकत्रियों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपनी स्व-गणना की गई।इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर उपचार हेतु आए मरीजों एवं उनके तीमारदारों को जनगणना-2027 के महत्व एवं स्व-गणना की ऑनलाइन प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए उनकी भी स्व-गणना कराई गई। स्व-गणना अभियान में स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय सहभागिता

स्वास्थ्य केंद्रों पर स्व-गणना हेतु आवश्यक सहयोग एवं तकनीकी सहायता प्रदान की गई। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आम नागरिकों को स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों एवं आसपास के लोगों को भी स्व-गणना के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम द्वारा समस्त चिकित्सा अधीक्षकों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने अधीनस्थ समस्त चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्व-गणना सुनिश्चित कराते हुए समेकित प्रगति आख्या आज सायं 05:00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद को उपलब्ध कराएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि जनगणना-2027 के स्व-गणना अभियान में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें तथा आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in के माध्यम से अपनी स्व-गणना करें।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनगणना-2027 के स्व-गणना जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।स्व-गणना करें, दूसरों को भी प्रेरित करें और राष्ट्र के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

डीएम ने एलईडी वैन को दिखाई हरी झंडी, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में होगा प्रचार-प्रसार

सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह



मैनपुरी, में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या की गणना) को लेकर आम जनता को जागरूक करने और इस राष्ट्रीय महाभियान में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने व्यापक प्रचार अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर से जन जागरूकता एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विकास और नीति निर्धारण की आधारशिला है जनगणना

इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि जनगणना देश और प्रदेश के समग्र विकास, नीति निर्धारण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की आधारशिला होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही और सटीक आंकड़ों के संकलन के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि जनपद का प्रत्येक नागरिक जनगणना के महत्व को समझे और घर आने वाले प्रगणकों को सही जानकारी उपलब्ध कराए।

ऑडियो-विजुअल माध्यम से दी जाएगी जानकारी

डीएम ने बताया कि यह एलईडी वैन जनपद की समस्त तहसीलों, नगर निकायों के प्रमुख बाजारों, चौराहों, बस स्टैंडों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करेगी। वैन के माध्यम से ऑडियो-विजुअल संदेशों, लघु फिल्मों और प्रचार सामग्री के जरिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को जनगणना-2027 की प्रक्रिया और इसकी उपयोगिता के बारे में सरल भाषा में समझाया जाएगा। अधिकारियों को निगरानी के निर्देश और नागरिकों से अपील

डॉ. त्रिपाठी ने समस्त उप जिलाधिकारियों और नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इस प्रचार-प्रसार अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और अपने-अपने क्षेत्रों में एलईडी वैन के भ्रमण की स्वयं निगरानी करें। साथ ही, लक्षित क्षेत्रों में अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित कराते हुए कार्यक्रम की फोटोग्राफ, वीडियो और प्रगति विवरण जिला जनगणना कार्यालय को उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों, जन-प्रतिनिधियों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे इस जागरूकता अभियान से जुड़ें और राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर जिला इंचार्ज जनगणना शैलजा त्रिवेदी, नाजिर ओमकार शर्मा और जनगणना सहायक सुमित कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

डीएम और एसपी ने किया घर घर मतदाता सत्यापन

सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह



मैनपुरी, 24 नवंबर: भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को शत-प्रतिशत सफल, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए शहर के विभिन्न मोहल्लों में घर-घर जाकर मतदाता सूची सत्यापन कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

मोहल्लों में पहुंचकर की जांच

अधिकारियों ने शहर के गोपाल नगर, शिवाजी नगर, आवास विकास कॉलोनी और आसपास की घनी आबादी वाले क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने एक-एक घर के दरवाजे पर दस्तक दी और परिवार के सभी सदस्यों के विवरण का मिलान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास उपलब्ध मतदाता सूची तथा डिजिटल मोबाइल ऐप से किया।

युवाओं और वंचित पात्रों पर विशेष ध्यान

निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से ऐसे युवाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं या आगामी अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष के होने जा रहे हैं। सत्यापन के समय जो पात्र नागरिक, नवविवाहित महिलाएं या नए निवासी मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित पाए गए, उनके नाम जोड़ने के लिए मौके पर ही बीएलओ के माध्यम से फॉर्म-6 भरवाए गए।

त्रुटि सुधार और नाम विलोपन की कार्यवाही

• जिन मतदाताओं के पहचान पत्र में नाम, पिता या पति के नाम, मकान संख्या, आयु या धुंधली फोटो से जुड़ी त्रुटियां मिलीं, उनके तत्काल संशोधन के लिए मौके पर ही फॉर्म-8 भरवाया गया।

• जिन परिवारों में किसी सदस्य की मृत्यु हो चुकी है या जो स्थायी रूप से अन्यत्र चले गए हैं, उनके नाम सूची से हटाने के लिए फॉर्म-7 भरवाकर मतदाता सूची को अद्यतन किया गया।

एक ही बूथ पर होंगे परिवार के सभी सदस्य

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. त्रिपाठी ने निरीक्षण में पाया कि कई स्थानों पर एक ही परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग बूथों पर दर्ज हैं। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि एक ही परिवार के सभी मतदाताओं को एक ही मतदान केंद्र और एक ही बूथ से संबद्ध किया जाए, ताकि मतदान के दिन परिवार को असुविधा न हो।

अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश

डीईओ ने बीएलओ को अपने रजिस्टर में प्रत्येक घर का क्रमांक, मतदाताओं की संख्या, भरे गए फॉर्म का प्रकार और आवेदक का मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद बीएलओ, सुपरवाइजरों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सभासदों, कोटा डीलर और नगर पालिका कर्मियों से कहा कि वे आपसी समन्वय के साथ काम करें और केवल औपचारिकता न निभाएं। जिन घरों में दिन के समय ताले लटके मिले या सदस्य अनुपस्थित रहे, वहां दोबारा संपर्क कर सत्यापन पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

नागरिकों से सहयोग की अपील

जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी है। उन्होंने लोगों से घर आने वाले बीएलओ को आधार कार्ड, फोटो और अन्य आवश्यक विवरण उपलब्ध कराकर सहयोग करने का आग्रह किया। प्रशासन का लक्ष्य एक ऐसी स्वच्छ और अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना है, जिसमें कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे और किसी अपात्र या मृतक का नाम शामिल न हो।

इस निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर प्रकाश चौधरी, अधिशासी अधिकारी बुद्धिप्रकाश, संबंधित बीएलओ, सभासद, कोटा डीलर और बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) आदि उपस्थित रहे।

छोटी खबरें

गंगा स्नान पर्व भारतीय संस्कारों, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का पावन संदेशवाहक -- पं. अरुण शर्मा

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। के मुरादनगर के राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष विधानसभा मुरादनगर पं. अरुण शर्मा ने कार्तिक पूर्णिमा एवं गंगा स्नान पर्व पर देशवासियों को दीं शुभकामनाएं। राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष विधानसभा मुरादनगर पं. अरुण शर्मा ने कार्तिक पूर्णिमा एवं पवित्र गंगा स्नान पर्व के अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मां गंगा भारतीय संस्कृति की आत्मा और हमारी सनातन परंपराओं की अमूल्य धरोहर हैं। गंगा स्नान का यह पावन पर्व हमें श्रद्धा के साथ-साथ आत्मिक शुद्धता, त्याग, सेवा और परोपकार का मार्ग अपनाने की प्रेरणा देता है। हमारी संस्कृति में पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों को आत्मसात करने के अवसर होते हैं। पं. अरुण शर्मा ने कहा कि मां गंगा की पवित्रता और अविरलता बनाए रखना प्रत्येक भारतीय का दायित्व है। आइए, इस शुभ अवसर पर सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लें। उन्होंने मां गंगा से सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।



ओम सन स्कूल मे अंतर्विद्यालयी योगा प्रतियोगिता में विजयी हुई छात्राओं को किया सम्मानित

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ मुरादनगर। दिल्ली मेरठ रोड स्थित ओम सन पब्लिक स्कूल में अंतर्विद्यालयी योगा प्रतियोगिता में विजयी हुई छात्राओं को सम्मानित किया गया।यह प्रतियोगिता ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय गाजियाबाद स्पोर्ट्स तरंग मे आयोजित हुई थी, जिसमे ओम सन पब्लिक स्कूल की होनहार छात्राओं ने भाग लिया। अंडर 12 योग प्रतियोगिता मे कक्षा 5 की कामाक्षी ने द्वितीय



स्थान, मिष्टि ने तृतीय स्थान एवं अंडर 14 मे कक्षा 7 की मायरा गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन विजयी छात्राओं ने मेडल व सर्टिफिकेट प्राप्त कर गौरव गाजियाबाद जिले मे स्कूल का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त अंशिका खरी,अलिशा,प्रसिद्धि, जस्लीन, तेजस्वी, जीविका, आरध्या शर्मा, यशस्वी ने भी प्रतियोगिता मे भाग लेकर सर्टिफिकेट प्राप्त किए। स्कूल निदेशक अनुराग गुप्ता ने सभी छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी व उनके उज्वल भविष्य की कामना की।स्कूल प्रधानाचार्या डॉक्टर पूर्णिमा वाश्नेय ने सभी प्रतियोगियों को बधाई देते हुए अन्य छात्र- छात्राओं को भी ऐसी प्रतियोगिताओं मे भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उपस्थित छात्र- छात्राओं के साथ सभी अध्यापकगणो ने विजयी छात्राओं के लिए जोरदार तालियाँ बजाकर उनको सम्मानित किया।

रोटरी पूर्व अध्यक्ष भानु गुप्ता ने पुलिस उपायुक्त से मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग की

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मोदीनगर। पूर्व रोटरी अध्यक्ष भानु गुप्ता का इन दिनों अपनी पत्नी दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में शिक्षिका उपासना गुप्ता से पारिवारिक विवाद चल रहा है। परिवार न्यायालय में मामले विचाराधीन हैं। इसी बीच भानु गुप्ता की बेटी अदिति गुप्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपने पिता पर आरोप लगाए की उनके पिता किसी तीसरे व्यक्ति से फोन करवाकर उनको परेशान कर रहे हैं साथ ही आरोप लगाया कि दयावती मोदी पब्लिक स्कूल की एक शिक्षिका को फोन करवाकर उनके बेटे से उनको मिलवाने का दबाव बनाया जा रहा है। मोदीनगर पुलिस ने अपनी जांच रिपोर्ट में दोनों पक्षों को समझाया गया दिखाकर मामला निस्तारित कर दिया गया। आज



भानु गुप्ता पुलिस रिपोर्ट को खारिज करते हुए बताया कि स्थानीय पुलिस ने किसी तरह की कोई जांच नहीं की है। गुप्ता मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराने की मांग को लेकर पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र नाथ तिवारी से मिले और मांग की कि उनकी पुत्री से उन सभी नम्बरों को लेकर जिनसे धमकी भरे फोन आए हैं और उन नंबरों की कॉल डिटेल रिकॉर्डिंग (सी. डी. आर) निकलवाकर गहन जांच की जाए और दयावती मोदी पब्लिक स्कूल की उस अध्यापिका से भी पूछताछ की जाए जिनको धमकी दिए जाने का आरोप है।

पुलिस उपायुक्त ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी मोदीनगर को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए।

अलंकार योजना के अंतर्गत महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के कायाकल्प कार्यों का विधिवत शुभारंभ

राष्ट्रीय सुनहरा संहार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मोदीनगर। विधानसभा क्षेत्र के गोविंदपुरी स्थित महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में अलंकार योजना के अंतर्गत विद्यालय के कायाकल्प एवं आधार भूत सुविधाओं के विकास कार्यों का विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित हवन-



यज्ञ में भी सहभागिता कर सभी के सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य तथा विद्यालय की निरंतर प्रगति की कामना की।

इस परियोजना के अंतर्गत 25 लाख की धनराशि विधायक निधि से तथा ?75 लाख की धनराशि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत की गई है। इस प्रकार कुल ?1 करोड़ की लागत से विद्यालय में विभिन्न विकास एवं कायाकल्प कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक डॉ. मंजू शिवाच जी ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में आधुनिक सुविधाओं का विकास कराना और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। हमारा प्रयास है कि मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों।कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली,कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अंशु सिंह सहित विद्यालय परिवार एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

गाजियाबाद भाजपा को बड़ा झटका,पूर्व क्षेत्रीय मंत्री अनुज शर्मा ने बीजेपी का दामन छोड़कर समाजवादी पार्टी का थामा दामन,अखिलेश यादव ने सम्मान सहित कराया शामिल

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। लखनऊ भारतीय जनता पार्टी को गाजियाबाद में बड़ा झटका लगा है।भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री अनुज शर्मा ने भाजपा की गलत नीतियों और गलत गतिविधियों से आहत होकर भारतीय जनता पार्टी का दामन छोड़ दिया है और समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से उनकी मुलाकात हुई। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अनुज शर्मा को समाजवादी पार्टी में सम्मान सहित शामिल किया और उन्हें सम्मान सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने अनुज शर्मा को साथ देने का वचन दिया और हमेशा समाज में समाज हित के लिए कार्य करने के लिए प्रेरणा दी। बताया जा रहा है कि अनुज शर्मा लंबे समय से भाजपा में रहकर संगठन के लिए निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे थे। वे गाजियाबाद से पूर्व भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय मंत्री रहे हैं और हमेशा उन्होंने समाज हित के लिए काम किया है। लेकिन पिछले कुछ समय से भाजपा की गलत नीतियों और



जन विरोधी गतिविधियों के कारण वे काफी आहत थे। भाजपा पर बड़ा हमला बोलते हुए अनुज शर्मा ने कहा कि"यह पार्टी अब चापलूसों की पार्टी बन चुकी है।उन्होंने कहा कि पार्टी में अब जमीनी कार्यकताओं और गरीबों की आवाज सुनने वाले लोगों की कोई कद्र नहीं बची है। जो चापलूसी करता है, सिर्फ उसी को तवज्जो दी जाती है। गरीबों, मजदूरों, किसानों और आम जनता की आवाज को भाजपा में लगातार अनसुना किया जा रहा था, जिसके कारण उन्होंने भाजपा छोड़ने का फैसला लिया। अनुज शर्मा समाज में गरीबों के लिए और समाज के हित के लिए हमेशा आवाज उठाते रहे हैं। चाहे वह गाजियाबाद क्षेत्र का मामला हो या कहीं बाहर का मामला हो, उन्होंने कभी अपनी परिसीमा नहीं देखी। वह हमेशा निडर होकर कार्य करते रहे हैं।किसी के साथ गलत ना हो, किसी गरीब का शोषण ना हो, इसके लिए वे हमेशा आगे खड़े रहते हैं। उनकी यही समाजसेवा की भावना और गरीबों के प्रति समर्पण ही है, जिसकी वजह से आज पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें समाजवादी पार्टी में सम्मान सहित शामिल किया। अनुज शर्मा के पास युवाओं की एक बड़ी टीम है बताया जा रहा है कि गाजियाबाद सहित पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उनके साथ हजारों युवा जुड़े हुए हैं, जो उनके एक इशारे पर समाज सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। उनकी युवा टीम लगातार गरीबों की मदद, रक्तदान, शिक्षा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहती है। इस बड़ी युवा टीम के समाजवादी पार्टी में आने से पार्टी को गाजियाबाद में युवा वर्ग में और मजबूती मिलेगी। समाजवादी पार्टी में शामिल होने के दौरान अनुज शर्मा के साथ बीके शर्मा समाजसेवी मोदीनगर, विशाल वत्स, विक्की पंडित और संजीव यादव साथ रहे। सभी ने अनुज शर्मा जी के इस फैसले का स्वागत किया और कहा कि अनुज शर्मा जैसे जमीनी और संघर्ष शील नेता के आने से समाजवादी पार्टी गाजियाबाद में और मजबूत होगी।

इस अवसर पर अनुज शर्मा ने कहा कि वे समाजवादी पार्टी के सिद्धांतों, गरीबों के हित और सामाजिक न्याय की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में ही उत्तर प्रदेश का विकास और गरीबों का भला संभव है। वहीं, समाजवादी पार्टी के नेताओं का कहना है कि अनुज शर्मा के आने से पार्टी को गाजियाबाद में बड़ी मजबूती मिलेगी। क्षेत्र में अनुज शर्मा के समाजवादी पार्टी में शामिल होने की खबर फैलते ही उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सिमरन सभा भूड भारत नगर में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सिमरन सभा,भूड़ भारत नगर, गाजियाबाद में मंगलवार को श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया गया। इस पावन अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साध-संगत एवं क्षेत्रवासियों ने शामिल होकर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे श्री सुखमनी साहिब के पाठ से हुआ। इसके पश्चात सहज पाठ का भोग डाला गया तथा गुरु महाराज के चरणों में सर्वत्र सुख-शांति एवं सरबत के भले की अरदास की गई। इस अवसर पर भाई अमरजीत सिंह (हजूरी रागी), भाई गुरदीप सिंह एवं भाई करणवीर सिंह (यूके वाले) ने अपनी मधुर



गुरबाणी एवं शबद-कीर्तन से संगत को निहाल किया। गुरबाणी कीर्तन के दौरान पूरा गुरुद्वारा साहिब का परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। संगत ने गुरु साहिब की वाणी का श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में गुरु के अटूट लंगर की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवादारों एवं संगत के परिवारों ने तन-मन-धन से सेवा करते हुए आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान सरदार जोगेंद्र सिंह ने समस्त साध-संगत, क्षेत्रवासियों, रागी जत्थों, सेवादारों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सभी परिवारों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं मानवता, समानता, प्रेम, भाईचारे, सेवा एवं सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। गुरु नानक देव जी का संदेश 'नाम जपो, किरत करो और वंड छको' आज भी पूरे समाज के लिए मार्गदर्शक है। प्रोग्राम में हरचरणजीत सिंह, अनिल कुमार, सतनाम सिंह, जसबीर सिंह, जगनमोहन सिंह, राजेन्द्र सिंह, बलजीत सिंह, मनमीत कौर, गुरविंदर सिंह चावला, हाकम सिंह, इकबाल सिंह का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने समस्त संगत से गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव एवं मानवता की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया।

गुरु पूरब पर गुरु नानक देव जी से ऊपर अपनी तस्वीर लगाने पर मेयर प्रवेश वाही पर भड़के अंकुश नारंग, सिख समाज से माफी मांगने की मांग की

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली, 24 नवंबर 2026। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने गुरु पूरब पर जारी शुभकामना संदेश में श्री गुरु नानक देव जी की तस्वीर से ऊपर अपनी फोटो लगाने को लेकर के मेयर प्रवेश वाही पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने गुरु पूरब पर सिख धर्म का मजाक बनाया है। अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की ओर से भेजे गए संदेश में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं लिखी हैं, लेकिन उसमें मेयर प्रवेश वाही की तस्वीर गुरु नानक देव जी की फोटो से ऊपर दिखाई दे रही है। साथ ही उस तस्वीर में प्रवेश वाही का सिर भी नंगा है।



उन्होंने सवाल उठाया कि क्या मेयर को सिख धर्म के बारे में जानकारी नहीं है या फिर जानबूझकर सिख समाज का मजाक बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जहां गुरु नानक देव जी की फोटो होती है, वहां से ऊपर अपनी फोटो नहीं लगाई जा सकती और सिर नंगा करके गुरु नानक देव जी की फोटो नहीं लगाई जा सकती।

अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली के प्रथम नागरिक होने के बावजूद मेयर ने सिख धर्म का मजाक उड़ाया है। उन्होंने मांग की कि प्रवेश वाही पूरे सिख और पंजाबी समाज से माफी मांगें।

गुरु पर्व के पावन अवसर पर नगर कीर्तन मार्ग पर दिल्ली नगर निगम ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

महापौर श्री प्रवेश वाही एवं निगम आयुक्त श्री संजीव खिरवार ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया; धार्मिक शोभायात्रा के दौरान स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों एवं मशीनरी की तैनाती

राष्ट्रीय सुनहरा संसार

नई दिल्ली, 23 नवंबर 2026 श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व अर्थात गुरु पर्व के पावन अवसर पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने नगर कीर्तन मार्ग पर व्यापक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इसका उद्देश्य धार्मिक आयोजन के दौरान पूरे मार्ग पर स्वच्छता एवं उचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करना था।

दिल्ली के महापौर श्री प्रवेश वाही, निगम आयुक्त श्री संजीव खिरवार एवं निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने नगर कीर्तन मार्ग का दौरा कर सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा निगम द्वारा किए गए स्वच्छता प्रबंधों का निरीक्षण किया। नगर निगम द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं कि नगर कीर्तन के पूरे मार्ग पर शोभायात्रा के दौरान साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनी रहे। गुरु पर्व के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली नगर कीर्तन शोभायात्रा गुरुद्वारा शीश गंज साहिब, चांदनी चौक से प्रारंभ होकर पुरानी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए गुरुद्वारा नानक प्याऊ साहिब जी पर संपन्न हुई। शोभायात्रा का मार्ग शीश गंज साहिब, फतेहपुरी, खारी बावली, नया बाजार चौक, पीली कोठी रोड, मिठाई पुल, जोरावर सिंह मार्ग, बर्फ खाना चौक, पुल बंगश मेट्रो स्टेशन, रोशनआरा रोड, क्लॉक टावर सब्जी मंडी, शक्ति नगर चौक एवं बेबे नानकी चौक से होते हुए गुरुद्वारा नानक प्याऊ साहिब जी तक रहा।

व्यापक स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निगम द्वारा 22 नवंबर की रात्रि को नगर कीर्तन मार्ग पर विशेष गहन सफाई अभियान चलाया गया। 23 नवंबर को नगर कीर्तन के दौरान समर्पित सफाई टीमों की तैनाती की गई तथा आयोजन संपन्न होने के बाद उसी रात्रि पुनः गहन सफाई अभियान चलाया गया। इस कार्य के लिए दो पालियों में लगभग 500 सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई, जिनमें प्रत्येक पाली में 250 कर्मचारी शामिल थे। इनके साथ प्रत्येक पाली में 20 सहायक स्वच्छता निरीक्षक/स्वच्छता निरीक्षक तथा 20 से 25 टिपर वाहन भी तैनात किए गए। इसके अतिरिक्त गहन सफाई कार्यों के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों एवं मशीनरी की भी व्यवस्था की गई।

सफाई कर्मचारियों की टीमें पूरे नगर कीर्तन मार्ग पर लगातार सफाई कार्य में जुटी रहीं तथा निगम के ठोस कचरे का समयबद्ध तरीके से उठान सुनिश्चित किया गया। वरिष्ठ स्वच्छता अधिकारियों द्वारा पूरे अभियान की निगरानी की गई। वहीं, संबंधित उपायुक्त के पर्यवेक्षण में सहायक आयुक्त को समग्र समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई।

विशेष व्यवस्थाओं के तहत नगर निगम द्वारा मिठाई पुल पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की गई, ताकि नगर कीर्तन शोभायात्रा का आवागमन सुगम रहे तथा मार्ग पर आवाजाही के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सके।

दिल्ली नगर निगम ने महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। निगम ने ऐसे आयोजनों के दौरान स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए आम नागरिकों से भी सामूहिक जिम्मेदारी निभाने एवं सहयोग करने की अपील की।

सौरव दास ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी नहीं, प्राइवेट संस्था ऑक्सफोर्ड यूनियन में पैसे देकर लेक्चर देने जा रहे थे, ने खोली पोल

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली, 24 नवम्बर: दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि सौरव दास ने आज एयरपोर्ट जाकर नया नाटक रचा कि उन्हें भारत सरकार ने ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में लेक्चर देने जाने से रोक दिया, जबकि सच्चाई यह है कि ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने उन्हें बुलाया ही नहीं है।



उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की पत्रकार नाओमी कैन्टन ने एक्स पर पोस्ट करके यह स्पष्ट कर दिया है, जिससे सौरव दास और उनके समर्थन में पोस्ट करने वाले अरविंद केजरीवाल की पोल खुल गई है।

प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि अब तक केजरीवाल स्टाइल में देश की सरकार का विरोध करते रहे सौरव दास विदेश जाना चाहते थे ताकि वहां से राहुल गांधी स्टाइल में संविधान दिवस 26 नवम्बर को भारत को बदनाम कर सकें। उन्होंने कहा कि सौरव दास का प्रीपेड लेक्चर पंजीकरण 1 दिसम्बर के लिए है, फिर भी वे एक सप्ताह पहले लंदन जाना चाह रहे थे, इसलिए सवाल उठता है कि उनके इतने लंबे विदेश भ्रमण का खर्च कौन उठाने वाला था।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सच यह है कि सौरव दास ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में नहीं बल्कि एक प्राइवेट संस्था ह्यऑक्सफोर्ड यूनियनह्ल में खुद पैसे देकर पंजीकरण करवाकर देश-विरोधी जहर उगलने जाना चाहते थे।

भगवान दूधेश्वर के 573 वें प्राकटय महोत्सव में भक्तों पर भगवान दूधेश्वर की कृपा बरसी

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के पावन सानिध्य व अध्यक्षता में मंदिर के आसपास का क्षेत्र भी भगवान दूधेश्वर के जयकारों से गूंज उठा भगवान दूधेश्वरनाथ महादेव का यह धाम आज पूरे विश्व भक्तों की आस्था का महान केंद्र बना हुआ है: श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज

अमेरिका से पधारे स्वामी महंत ओंकारानन्द गिरि महाराज की विशेष उपस्थिति ने महोत्सव की आध्यात्मिक गरिमा बढ़ाई 573 दीपकों से जगमगाए दूधेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए देर रात्रि तक भक्तों का तांता लगा रहा गाजियाबादः प्राचीन, ऐतिहासिक एवं पौराणिक सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मंदिर में भगवान श्री दूधेश्वरनाथ महादेव का ह्ल573वाँ प्राकट्य महोत्सवह्ल सोमवार को श्रद्धा, भक्ति, उत्साह एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के पावन सानिध्य व अध्यक्षता में भगवान का विशेष महाभिषेक, रुद्राभिषेक व



पूजा- अर्चन किया गया और 56 प्रकार के व्यंजनों का महाभोग अर्पित किया गया तथा 573 दीपक प्रज्जवलित किए गए। भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना करने के लिए सुबह से देर रात्रि तक भक्तों का तांता लगा रहा। देश-विदेश के भक्तों ने भगवान दूधेश्वर की पूजा- अर्चना कर महाराजश्री से भेंटकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान दूधेश्वर का प्राकटय 573 वर्ष पूर्व कार्तिक शुक्ल वैकुंठ चतुर्दशी के दिन हुआ था। श्रीमहन्त नारायण गिरि जी महाराज ने कहा कि यह सिद्धपीठ केवल एक शिव मंदिर नहीं, बल्कि अनेक सिद्ध संतों, तपस्वियों, योगियों एवं महान गुरुजनों की तपस्या से पवित्र हुई आध्यात्मिक भूमि है। मंदिर की प्राचीन परंपरा के अनुसार यहाँ भगवान दूधेश्वरनाथ महादेव की आराधना सदियों से होती आ रही है। इस पवित्र धाम का संबंध महान तपस्वियों एवं सिद्ध महापुरुषों की साधना से रहा है। इस सिद्धपीठ में कुल 28 पूज्य गुरुजनों की समाधियाँ विराजमान हैं। इनमें 15 महंतों तथा 13 सिद्ध महापुरुषों की समाधियाँ सम्मिलित हैं।ये समाधियाँ मंदिर की अखंड गुरु परंपरा, तपस्या, त्याग, वैराग्य एवं शिवभक्ति की अमूल्य धरोहर हैं। यहाँ विराजमान सिद्ध गुरुजनों की तपस्या एवं आशीर्वाद से भगवान दूधेश्वरनाथ महादेव का यह धाम आज पूरे विश्व भक्तों की आस्था का महान केंद्र बना हुआ है।

श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि दीपक केवल प्रकाश का साधन नहीं, बल्कि ज्ञान, श्रद्धा, विश्वास एवं आत्मिक चेतना का प्रतीक है। भगवान के 573वें प्राकट्य महोत्सव पर 573 दीपकों का प्रज्वलन भक्तों के लिए अत्यंत पुण्यदायी एवं प्रेरणादायक है। 573 वर्ष पूर्व जब भगवान दूधेश्वर का प्राकटय हुआ था, उस दिन भी सोमवार था और आज भी सोमवार है, जो भगवान दूधेश्वर की भक्तों पर कृपा का प्रतीक है। महोत्सव में अमेरिका से स्वामी महंत ओंकारानन्द गिरि महाराज विशेष रूप से पधारे। उन्होंने भगवान दूधेश्वर के साथ मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की व सभी सिद्ध गुरू मूर्तियों को मत्था टेका। स्वामी ओंकारानन्द गिरि महाराज अमेरिका स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर से जुड़े हैं तथा हरिद्वार, उत्तराखंड के सूरज गिरि बंगला की संत परंपरा से संबंध रखते हैं। वे आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विश्वानन्द गिरि महाराज के शिष्य हैं। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विश्वानन्द गिरि महाराज संन्यास आश्रम ;विले पार्ले मुंबई और सूरतगिरी बंगला ;हरिद्वार के अध्यक्ष हैं और संत परम्परा के महान संत हैं।स्वामी ओंकारानन्द गिरि महाराज का श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मंदिर एवं यहाँ की गुरु परंपरा से विशेष आध्यात्मिक लगाव है। वे समय-समय पर भगवान दूधेश्वरनाथ महादेव के दर्शन एवं संत.महात्माओं के सान्निध्य के लिए यहाँ पधारते रहते हैं।भगवान श्रीदूधेश्वरनाथ महादेव के 573 वें प्राकट्य महोत्सव पर प्रातःकाल 4 बजे से ही मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चारण, शंखनाद, घंटानाद, भगवान दूधेश्वर व हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। मंदिर के विद्वान आचार्यों एवं श्री दूधेश्वर वेद विद्यालय के विद्यार्थिया ने भगवान श्री दूधेश्वरनाथ महादेव का विशेष जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, पंचामृत अभिषेक, रुद्राभिषेक, पूजन-अर्चन एवं हवन संपन्न कराया। भगवान भोलेनाथ को गंगाजल, दूध, दही, घी, मधु, पंचामृत, बिल्वपत्र, पुष्प, चंदन एवं अन्य पवित्र पूजन सामग्रियाँ अर्पित की गईं। वैदिक ऋचाओं,श्रीरुद्राष्टाध्यायी एवं शिव स्तुति के मंत्रों के साथ भगवान का अभिषेक किया गया। भगवान श्री दूधेश्वरनाथ महादेव का आकर्षक एवं अलौकिक श्रृंगार किया गया। भगवान के दरबार को सुगंधित पुष्पों, मालाओं, दीप मालाओं एवं रंग-बिरंगी सजावट से सुसज्जित किया गया। श्रीदूधेश्वर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल एवं समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों के विशेष सहयोग से भगवान का भव्य श्रृंगार कर छप्पन भोग अर्पित किए गए।

आचार्य तोयराज उपाध्याय,आचार्य लक्ष्मीकांत पाण्डेय, आचार्य नित्यानंद, आचार्य अजय दाधीच सहित वेद विद्यालय के अन्य आचार्यों एवं बटुक विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक अनुष्ठानों में विशेष सहयोग प्रदान किया। मंदिर के प्रबंधक अमित कुमार शर्मा ने आयोजन, श्रद्धालुओं की सुविधा, पूजा सामग्री एवं मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं में विशेष सहयोग किया गया। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष अनुज धर्म गर्ग वं समिति के समस्त सदस्यों का भी इस धार्मिक आयोजन में विशेष सहयोग रहा।

भगवान श्रीदूधेश्वरनाथ महादेव के 573वें प्राकट्य महोत्सव को मंदिर परिसर में प्रज्जवलित किए देशी घी के 573 दीपकों ने ऐतिहासिक बना दिया।

मिशन शक्ति अभियान में फिरोजाबाद पुलिस की कार्रवाई, 29 शोहदों पर शिकंजा, 6 परिवारों में कराया समझौता

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फिरोजाबाद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-06 के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार, 24 नवंबर 2026 को जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग और जागरूकता



अभियान चलाया। इस दौरान 29 शोहदों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई, जबकि पारिवारिक विवादों में काउंसलिंग के माध्यम से 6 परिवारों के बीच समझौता कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत प्रमुख मंदिरों, बाजारों, चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। वहीं, महिला पुलिसकर्मियों ने सादे वस्त्रों में संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी।चेकिंग के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं पर अशोभनीय टिप्पणियां करने और संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस ने संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में ऐसी गतिविधियों की पुनरावृत्ति न करने की सख्त हिदायत भी दी।इसके अलावा, विभिन्न थानों की मिशन शक्ति टीमों ने पारिवारिक विवादों में दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर आपसी सहमति से छह मामलों का निस्तारण कराया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, 181, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर सहायता लेने के लिए जागरूक किया गया।फिरोजाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति छेड़छाड़ और अन्य आपत्तिजनक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उनमें सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना मजबूत करना है।

डीग में ऑपरेशन काउंटडाउन के तहत बड़ी कार्रवाई, कामां पुलिस ने 7 साइबर ठगों को दबोचा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी डीग -जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन काउंटडाउन के तहत कामां पुलिस और साइबर सेल डीग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से साइबर ठगी में प्रयुक्त सात फर्जी मोबाइल फोन मय सिम कार्ड जब्त किए हैं।



थानाधिकारी सुनील कुमार के निर्देशन में एएसआई बलवीर सिंह मय पुलिस जाप्ता और साइबर सेल की टीम ने कार्रवाई करते हुए विनोद निवासी लुहेसर, जुबेर निवासी नंदेराबास, वसीम निवासी बिलग, नसीर निवासी लालपुर, वाहिद निवासी दांतका, नासिम निवासी उदाका और साहिल निवासी पाई को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया पर लड़की बनकर अश्लील वीडियो भेजकर ब्लैकमेलिंग, सस्ती क्रिकेट बैट और स्कूटी बेचने तथा शादी कराने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर ऑनलाइन ठगी करते थे। आरोपियों के खिलाफ कामां थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि आरोपियों ने अब तक कितने लोगों से कितनी ठगी की है। पुलिस ने आम लोगों से सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से सावधान रहने, लालच में आकर पैसे नहीं भेजने और ब्लैकमेलिंग होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की है।

कामां में आज 25 नवंबर को लगेगा 70वां निशुल्क नेत्र शिविर

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामां -कामां में 25 नवंबर बुधवार को 70वां निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। सकल दिगंबर जैन समाज कामां के तत्वावधान में वेणु आई इंस्टीट्यूट हॉस्पिटल शेख सराय, दिल्ली के सहयोग से यह शिविर कोट ऊपर स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर के प्रांगण में लगाया जाएगा। शिविर संयोजक कपूर चन्द जैन ने बताया कि शिविर में नेत्र रोगियों की निशुल्क जांच की जाएगी और मौके पर ही निशुल्क दवाएं भी वितरित की जाएंगी। शिविर स्थल पर प्रातः 8 बजे से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। पहले आओ, पहले जांच कराओ की तर्ज पर रोगियों की जांच होगी। विगत साढ़े पांच वर्षों से माह के अंतिम बुधवार को यह शिविर अनवरत रूप से आयोजित किया जा रहा है। शिविर में अब तक हजारों गरीब एवं जरूरतमंद रोगियों को लाभ मिल चुका है। हर शिविर में लगभग 50 से 55 रोगियों का लेंस प्रत्यारोपण निशुल्क करवाया जाता है। अनुभवी चिकित्सकों की टीम मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र रोगों की जांच करेगी और जरूरत पड़ने पर ऑपरेशन के लिए चयन करेगी। क्षेत्र के लोगों ने इस मानव सेवा कार्य की जमकर सराहना की है। आयोजकों ने बड़ी संख्या में लोगों से समय पर जरूर पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।



कामवन रामलीला का छठवां दिवस : वनगमन की लीला देख भावुक हुए दर्शक

दैनिक सुनहरा संसार
ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामवन- कामवन रामलीला समिति कामां के तत्वाधान में कामवन में चल रहे रामलीला मंचन के छठवें दिवस सोमवार को भगवान श्रीराम के वनगमन की भावपूर्ण लीलाओं का मंचन किया गया। मंचन की शुरूआत दशरथ दरबार एवं मंत्रियों के साथ संवाद से हुई। इसके बाद मंथरा-कैकेयी संवाद ने दर्शकों को भावुक कर दिया। कोप भवन में कैकेयी के प्रवेश और राजा दशरथ से वरदान मांगने के दृश्य ने पूरे पंडाल को स्तब्ध कर दिया। श्रीराम द्वारा माताओं से वनगमन की आज्ञा मांगने का दृश्य अत्यंत मार्मिक रहा। श्रीराम के वन प्रस्थान और सुमंत एवं राजा दशरथ के मध्य भावपूर्ण वार्ता ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। मंचन में श्रीराम का पात्र ईशान शर्मा, लक्ष्मण का योगम शर्मा, सीता का कुनाल शर्मा, दशरथ का उमाशंकर जी, सुमंत का धनेश शर्मा, कैकेयी का श्याम गौतम, सुमित्रा का लक्ष्मी नारायण जी चौधरी, कौशल्या का नरेंद्र शर्मा, मंथरा का गिरधर शर्मा ने निभाया। द्वारपाल गुरु वशिष्ठ मुकेश शर्मा, दूत शेखर शर्मा, सुमंत पुत्र नितिन शर्मा, भरत आर्यन शर्मा और शत्रुघ्न तेजल शर्मा ने भी शानदार अभिनय किया। दर्शकों ने कलाकारों की जमकर सराहना की। पात्र प्रधान एवं निर्देशक डॉ. भगवान मकरंद और सह-पात्र प्रधान अरुण पाराशर ने सभी धर्मप्रेमियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लीला का आनंद लेने की अपील की।

घड़साना पुलिस ने गुरुद्वारे में हुई चोरी का किया खुलासा, CCTV के आधार पर आरोपी गिरफ्तार

6 नवंबर को 17 टऊस्थित गुरुद्वारा साहिब की गुल्लक तोड़कर चुराई थी नकदी, आरोपी से चोरी की रकम बरामद

महेन्द्र पाल मेघवाल



घड़साना। क्षेत्र के 17 टऊ स्थित गुरुद्वारा साहिब में गुल्लक तोड़कर नकदी चोरी करने के मामले में घड़साना पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उऊळश फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे काबू किया तथा उसके कब्जे से चोरी की नकदी भी बरामद की।

थाना प्रभारी आलोक सिंह चारण के निर्देशन में हेड कांस्टेबल राजीव कुमार राणा ने कार्रवाई को अंजाम दिया गिरफ्तार आरोपी की पहचान इकबाल सिंह पुत्र खजान सिंह, निवासी वार्ड नंबर 5, रावला के रूप में हुई है। हेड कांस्टेबल राजीव कुमार राणा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस द्वारा उऊळश फुटेज के आधार पर आरोपी तक पहुंचकर कार्रवाई की गई

जो बोले सो निहाल के जयकारों से गूंजा श्रीकरणपुर; अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मना गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व











पंजाब से पधारे रागी जत्थों ने अमृतवाणी और शबद-कीर्तन से संगत को किया निहाल

शहर में निकला भव्य नगर कीर्तन, फौजी बैंड के हैरतअंगेज करतबों ने मोहा मन; जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा

समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने वाले स्थानीय पत्रकारों को मंदिर समिति ने किया सम्मानित

राम भरोसे शर्मा श्री करनपुर।

श्रीकरणपुर स्थानीय श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर में सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में अलसुबह से लेकर देर रात्रि तक सत्संग, शबद-कीर्तन, नगर कीर्तन और अटूट लंगर सेवा का दौर सतत जारी रहा, जिसमें शहर की धर्मप्रेमी जनता ने पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष टेका मत्था, अमृतवाणी का किया श्रवण

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। धर्मप्रेमी जनता ने अत्यंत श्रद्धापूर्वक श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष नतमस्तक होकर मत्था टेका और परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए अरदास की। इस दौरान विशाल पंडाल में बैठी संगत ने बड़ी शांति और एकाग्रता के साथ गुरु ग्रंथ साहिब जी की अमृतवाणी और सत्संग का श्रवण किया।

पंजाब से आए जत्थों ने कीर्तन वाणी से माहौल को बनाया भक्तिमय

कार्यक्रम में पंजाब से विशेष रूप से आमंत्रित किए गए संतों और रागी जत्थों ने अपनी मधुर कीर्तन वाणी से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इनमें प्रमुख रूप से बाबा श्री निरभय जी (पंच गराही कलां, पंजाब), भाई तरसेम सिंह जी (हररायपुर, पंजाब) और भाई गरीब सिंह जी (रामामंडी वाले) ने शिरकत की। सभी संतों ने गुरु नानक देव जी के जीवन दर्शन, ह्यकिरत करो, नाम जपो और वंड छकोह्न के उपदेशों तथा मानवता के प्रति प्रेम व सेवा के संदेश पर प्रकाश डालते हुए संगत को निहाल किया। कीर्तन समाप्ति के पश्चात गुरु का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की।

भव्य नगर कीर्तन और फौजी बैंड के करतब रहे आकर्षण का केंद्र

दोपहर ठीक 2:15 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य नगर कीर्तन का शुभारंभ हुआ। पालकी साहिब की अगुवाई में निकला यह नगर कीर्तन शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में शहरवासियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर और जलपान की व्यवस्था कर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान फौजी बैंड द्वारा प्रस्तुत किए गए शानदार संगीत और हैरतअंगेज करतबों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। रात्रि के समय भी विशेष भजन व शबद-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसे संगत ने देर रात तक श्रद्धाभाव पूर्वक सुना और भक्ति रस में विभोर हो गई।

स्थानीय पत्रकारों का किया गया विशेष सम्मान

इस धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा समाज में निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्थानीय पत्रकारों व रिपोर्टर्स का विशेष सम्मान किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पत्रकार प्रवीन राजपाल, ओम प्रकाश शर्मा, डॉ. रणवीर राणा, रघु शर्मा, राजेश मुन्दड़ा, अनिल शर्मा, पवन शर्मा, राम भरोसे शर्मा और अमन चावला को गुरु घर का स्वरूप भेंट कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मंदिर कमेटी और संरक्षकों ने संभाली व्यवस्थाओं की कमान

संपूर्ण आयोजन को सुव्यवस्थित और सफल बनाने में मंदिर समिति के पदाधिकारियों व संरक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। संरक्षक जगदीश प्रसाद रस्सेवट, जगदीश प्रसाद आहूजा, सुभाष बवेजा, डॉ. नीरज अरोड़ा और गौतम आहूजा ने कार्यक्रम में अपनी भरपूर सेवाएं दीं। वहीं, व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए अध्यक्ष विनय तनेजा, कोषाध्यक्ष दिनेश बवेजा, धर्मशाला प्रभारी ओम प्रकाश गुंबर और लंगर प्रभारी अशोक आहूजा पूरे कार्यक्रम के दौरान सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

श्री ऋषभदेव बावन जिनालय के सभी शिखरों पर हुआ भव्य ध्वजारोहण

ध्वजाओं की निकली भव्य शोभायात्रा, जय श्री आदिनाथ के जयकारों से गूंजा जिनालय

सिद्धाचल तीर्थ की भावयात्रा एवं नवांणु प्रकार पूजन का हुआ आयोजन, साध्वी भगवंत का चातुर्मास परावर्तन विहार भी संपन्न

परिषद का 68 वा स्थापना दिवस मनाया गया

सुनहरा संसार





रहीम शेरानी जिला ब्यूरो चीफ झाबुआ कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर धर्मनगरी झाबुआ में जैन धर्म की आस्था, श्रद्धा एवं भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ द्वारा जैन तीर्थ श्री ऋषभदेव बावन जिनालय के सभी शिखरों पर मंगलवार को विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य ध्वजारोहण किया गया। इस पावन अवसर पर ध्वजारोहण से पूर्व सभी ध्वजाओं की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरा जिनालय परिसर जय श्री आदिनाथ के जयकारों एवं ओम पुण्याहं-पुण्याहं के मंगल मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो उठा।

समस्त धार्मिक आयोजन पुण्य सम्राट श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वर जी महाराज साहेब की सुशिष्या एवं वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य श्री नित्यसेन सूरीश्वर जी महाराज साहेब की आज्ञानुवर्तिनी परम विदुषी साध्वी श्री अविचलदृष्टा श्री जी म.सा. आदि ठाणा-7 की पावनकारी निश्रा में संपन्न हुए। इस अवसर पर पूज्य साध्वी भगवंत ने श्री सिद्धाचल जी तीर्थ के पट्ट के समक्ष देववंदन एवं भावयात्रा की विशिष्ट धार्मिक क्रियाएं भी संपन्न करवाईं।

जैन श्री संघ के मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 7 बजे शुभ मुहूर्त में बावन जिनालय के सभी शिखरों पर ध्वजारोहण निमित्त सत्तरभेदी पूजन का लाभार्थी डॉ. गौरव जितेंद्र छबीलचंद रूनवाल परिवार रहा। पूजन की विधि ओएल जैन सा. श्री आदिनाथ राजेंद्र जयंत संगीत मंडल द्वारा संपन्न करवाई गई। पूज्य साध्वीजी भगवंत द्वारा सभी ध्वजाओं पर वासक्षेप किया गया। अष्टप्रकारी पूजन के पश्चात सभी ध्वजाओं के लाभार्थी परिवारों द्वारा जिनालय की तीन प्रदक्षिणा की गई।

ध्वजाओं की निकली भव्य शोभायात्रा

प्रातः 8 बजे श्री ऋषभदेव बावन जिनालय से प्रभुजी एवं सभी ध्वजाओं की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में मुख्य ध्वजा के लाभार्थी दिलीप कुमार केसरीमल जी राठौड़ परिवार सबसे आगे चल रहे थे। उनके पीछे समस्त ध्वजाओं के लाभार्थी परिवार अपने सिर पर ध्वजाएं धारण कर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ चल रहे थे।

शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह समाजजनों द्वारा भगवान के सम्मुख अक्षत एवं श्रीफल से गहुली कर भव्य स्वागत किया गया। युवाओं द्वारा जय श्री आदिनाथ के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। शोभायात्रा लक्ष्मीबाई मार्ग, राजवाड़ा एवं जगमोहनदास मार्ग होते हुए पुनः बावन जिनालय पहुंची।

जिनालय पहुंचने पर मुख्य ध्वजा सहित बावन जिनालय के सभी शिखरों पर लाभार्थी परिवारों द्वारा ओम पुण्याहं-पुण्याहं के मंगल मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान पूरा परिसर धर्ममय हो उठा। दादा गुरुदेव की ध्वजा का लाभ लीलाबाई शांतिलाल जी भंडारी परिवार ने लिया। वहीं सांभरण के कलश की अष्टप्रकारी पूजन का लाभ प्रकाशचंद एवं प्रदीप कुमार सुजानमल जी कटारिया परिवार ने प्राप्त किया।

सिद्धाचल तीर्थ की भावयात्रा का हुआ आयोजन

प्रातः 11 बजे उपाश्रय में पूज्य साध्वीजी भगवंत ने श्री सिद्धाचल जी तीर्थपट के समक्ष देववंदन करवाकर 21 खमासमणा की धार्मिक क्रिया संपन्न करवाई। इस अवसर पर साध्वीजी भगवंत ने श्री सिद्धाचल जी तीर्थ की महत्ता बताते हुए कहा कि तीनों लोकों में श्री सिद्धाचल तीर्थ के समान अन्य कोई तीर्थ नहीं है। इसके कंकर-कंकर में अनंत आत्माओं ने सिद्ध पद प्राप्त किया है और अनंत आत्माएं आगे भी यहां से मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर होंगी। इस पवित्र तीर्थ की स्पर्शना एवं भावयात्रा करने से जीव के कर्मों की निर्जरा होती है तथा वह मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर बनता है।

आरती, पुष्प अर्पण एवं भाता प्रसादी का लिया लाभ

श्री सिद्धाचल जी तीर्थ की आरती उतारने का लाभ राजेंद्र प्रसाद, जितेंद्र एवं अशोक मेहता परिवार ने लिया। गुरुदेव की आरती का लाभ श्रीमती चंदनबाला, चंद्रशेखर, मनोज एवं मुकेश नाकोड़ा परिवार ने प्राप्त किया। पुष्प अर्पण करने का लाभ पंकज कुमार एवं वेद कुमार कोठारी परिवार ने लिया, जबकि भाता प्रसादी के लाभार्थी दिलीप राठौर परिवार रहे।

दोपहर 12:30 बजे से श्री संघ की ओर से श्री ऋषभदेव बावन जिनालय धर्मशाला में समस्त समाजजनों के लिए साधर्मी वात्सल्य का आयोजन किया गया। वहीं दोपहर 1 बजे से श्री सिद्धाचल नवांणु प्रकार पूजन का भव्य आयोजन हुआ, जिसका लाभ जतनबेन बाबूलाल जी नवलखा परिवार ने लिया।

साध्वी भगवंत का चातुर्मास परावर्तन विहार हुआ

कार्तिक पूर्णिमा के इस पावन अवसर का एक विशेष प्रसंग पूज्य साध्वीजी भगवंत आदि ठाणा-7 का चातुर्मास उपरांत परावर्तन विहार रहा। दोपहर 3 बजे बावन जिनालय से पूज्य साध्वीजी भगवंत का परावर्तन विहार प्रारंभ हुआ। समाजजनों ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विहार में सहभागिता की। शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ यह परावर्तन विहार लाभार्थी संघवी वालीबाई सागरमल जी, मनोहरलाल जी छाजेड़ परिवार के राजगढ़ नाका स्थित निवास स्थान पर पहुंचा।

इस प्रकार कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर ध्वजारोहण, भव्य शोभायात्रा, सिद्धाचल तीर्थ की भावयात्रा, नवांणु प्रकार पूजन, साधर्मी वात्सल्य एवं साध्वी भगवंत के परावर्तन विहार सहित संपूर्ण आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ संपन्न हुए।

परिषद का 68 वा स्थापना दिवस मनाया गया

परम पूज्य व्याख्यान वाचस्पति आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय यतींद्र सुरीश्वरजी महाराज साहेब जी द्वारा स्थापित अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद का 68 वा स्थापना दिवस कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 52 जिनालय उपाश्रय पर पूज्य साध्वी जी भगवंत श्री अविचलद्रष्टा श्री जी म.सा.की पावनकारी शुभा निश्रा में मनाया गया, जिसके अंतर्गत सभी श्री संघ एवं परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने परिषद का ध्वजारोहण किया साथ ही परिषद ध्वज गीत गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्री संघ एवं परिषद के सदस्य उपस्थित थे

ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर , बाइक चालक घायल एम्बुलेंस से सीएचसी गोला भेजा

सुनहरा संसार अनुराग मिश्र केशवापुर । हैदराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत केशवापुर-सिकंदराबाद मार्ग पर गांव घुग्घुलपुर के निकट सोमवार रात पौने आठ बजे सिसंवा कला की ओर से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली की सामने से आ रही बाइक में भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक चालक सदाराम (35)पुत्र सोनेलाल निवासी गांव रोशननगर थाना नीमगांव घायल हो गये। राहगीरों ने पुलिस व घायल सदाराम के परिजनों को घटना की सूचना दी, ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़ मौके से भाग गया, जिसे ढकवा पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल सदाराम को एम्बुलेंस से सीएचसी गोला भिजवाया।ढकवा चौकी पुलिस ट्रैक्टर चालक का पता लगाने में जुटी है।



कृष्णानगर पुलिस ने कमरे में बंद बुजुर्ग की बचाई जान, हथौड़े से तोड़ा दरवाजा

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया मथुरा पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का सराहनीय उदाहरण शनिवार रात थाना कोतवाली क्षेत्र के कृष्णानगर में देखने को मिला। कमरे के दरवाजे का लॉक खराब होने से अंदर बंद हुए बुजुर्ग की हालत बिगड़ने लगी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने हथौड़े और लातों की मदद से दरवाजा तोड़कर बुजुर्ग को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से बड़ी अनहोनी टल गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, महावीर नगर, कृष्णानगर निवासी विशंभर दयाल पुत्र एमपी शास्त्री शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे अपने कमरे में थे। इसी दौरान कमरे के दरवाजे का लॉक खराब हो गया और दरवाजा अंदर से नहीं खुल सका। उन्होंने काफी प्रयास किया और परिचितों से मदद मांगी। कारपेंटर को बुलाने का भी प्रयास किया, लेकिन समय पर सहायता नहीं मिल सकी। इस बीच कमरे में घुटन बढ़ने लगी और बुजुर्ग की परेशानी गंभीर होती चली गई।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस कृष्णानगर चौकी प्रभारी संजीव कुमार के अनुसार, कमरे में बंद बुजुर्ग का दम घुटने लगा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। दरवाजे का लॉक नहीं खुलने पर पुलिसकर्मियों ने हथौड़े और लातों की मदद से काफी मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़ा और बुजुर्ग को बाहर निकाला।बाहर निकलने के बाद बुजुर्ग ने राहत की सांस ली। उन्होंने पुलिसकर्मियों का आभार जताते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस की 112 आपातकालीन सेवा और कृष्णानगर पुलिस की सराहना की।चौकी प्रभारी ने बताया कि यदि पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंचती, तो जनहानि भी हो सकती थी। पुलिस की तत्परता से बुजुर्ग को सुरक्षित बचा लिया गया। इस घटना ने एक बार फिर आपात स्थिति में पुलिस की त्वरित सहायता और मानवीय भूमिका को उजागर किया।



शिकोहाबाद में आबकारी विभाग ने देशी शराब व कंपोजिट दुकानों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी फिरोजाबाद के आदेशों के अनुपालन में मंगलवार, 24 नवंबर 2026 को आबकारी विभाग की टीम ने शिकोहाबाद क्षेत्र में फुटकर देशी शराब एवं कंपोजिट दुकानों का निरीक्षण किया।यह कार्रवाई उप आबकारी आयुक्त, आगरा प्रभार एवं जिला आबकारी अधिकारी फिरोजाबाद के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 शिकोहाबाद द्वारा स्टाफ के साथ की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और संचालकों को निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।आबकारी विभाग की टीम ने दुकानों एवं कैंटीन परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, दुकान के बाहर मदिरा का सेवन न होने देने तथा ग्राहकों की मांग के अनुरूप विभिन्न ब्रांडों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही पर्याप्त स्टॉक रखने, सीसीटीवी





कैमरों को निरंतर चालू रखने और पॉस मशीन के माध्यम से शत-प्रतिशत बिक्री करने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान दुकान संचालकों को अभिलेख अद्यतन रखने, ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा मदिरा की बिक्री निर्धारित मूल्य पर ही करने की हिदायत दी गई। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि दुकानों पर नियमों एवं निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे बिक्री व्यवस्था पारदर्शी बनी रहे और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

कंस वध मेले की झांकी में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के चित्रण पर विवाद, बृजवासियों में आक्रोश

आचार्य रोहित रिछारिया के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिले बृजवासी, ज्ञापन सौंपकर प्राथमिकी दर्ज कराने और कानूनी कार्रवाई की मांग

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया मथुरा कंस वध मेला-2026 के दौरान निकाली गई एक झांकी में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को कथित रूप से कंस के रूप में प्रदर्शित किए जाने को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मामले को लेकर बृजवासियों में नाराजगी है। आचार्य रोहित रिछारिया के नेतृत्व में हिंदूवादी नेता संजय हरियाणा, कार्ष्णी नागेंद्र महाराज, भागवत आचार्य सुमंत कृष्ण शास्त्री, आरके पांडे सहित अन्य लोगों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर शिकायती ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित आयोजकों एवं जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की।आचार्य रोहित रिछारिया ने बताया कि माथुर चतुर्वेदी परिषद के तत्वावधान में आयोजित कंस वध मेला-2026 के दौरान निकाली गई झांकी में पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को कंस के रूप में दिखाते हुए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उन्हें पीटने का दृश्य प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रति करोड़ों हिंदुओं और सनातन धर्मावलंबियों की आस्था एवं श्रद्धा जुड़ी हुई है। ऐसे में इस प्रकार का चित्रण उनके अनुयायियों और श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है।दाऊजी महाराज मंदिर के पूर्व रिसीवर आरके पांडे ने कहा कि इस तरह की झांकी से समाज में विद्वेष और वैमनस्य फैलने की आशंका है। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 का उल्लेख करते हुए प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।वहीं, भागवत आचार्य सुमंत कृष्ण शास्त्री ने ज्ञापन में 29 अक्टूबर को कथा के दौरान पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के संबंध में कथित टिप्पणी को लेकर प्रकाशित समाचार पर भी आपत्ति जताई। उनका कहना था कि महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति भक्तिभाव और प्रेम व्यक्त किया था, जिसे कथित तौर पर गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया।कार्ष्णी नागेंद्र महाराज सहित अन्य बृजवासियों ने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर संबंधित आयोजकों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।इस अवसर पर अनुराग कृष्ण शास्त्री, चतुर नारायण शास्त्री, शिवम साधक, अनुज शास्त्री, अंशुल पराशर, मनप्रीत कौर, विनय कांत त्रिपाठी, अधिवक्ता मनीष कुमार गुप्ता, अधिवक्ता उषा सोलंकी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



झाँसी में 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक होगी श्रीराम कथा, कैलाशानंद गिरि जी महाराज करेंगे अमृत वर्षा



सुनहरा संसार ब्यूरो एच्च सिद्दीकी

झाँसी। नगर में धर्म और भक्ति का महापर्व शुरू होने जा रहा है। परम पूज्य निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज के मुखारविन्द से प्रवाहित श्रीराम कथा का पावन आयोजन 26 नवंबर से 2 दिसंबर 2026 तक होगा।

कथा का आयोजन राजा गंगाधर राव मुक्ताकाशी मंच, झाँसी में किया जाएगा। प्रतिदिन कथा दोपहर 1 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगी।

आयोजक श्री ठाकुर जी महाराज एवं चरण सेवक एड. अनूप कुमार शिवहरे 'देहाती' ने बताया कि कथा का शुभारंभ 26 नवंबर, गुरुवार को भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा से होगा। कलश यात्रा प्रातः 10 बजे मुरली मनोहर मंदिर, बड़ा बाजार, झाँसी से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुंचेगी।

मुख्य आकर्षण :

28 नवंबर, शनिवार को प्रातः 11 बजे से बुंदेलखंड की सुप्रसिद्ध गायिका कविता शर्मा जी द्वारा भजन प्रस्तुति की जाएगी।

2 दिसंबर, बुधवार को दोपहर 12 बजे से प्रभु इच्छा तक विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

दैनिक कथा प्रसंग :

* प्रथम दिन - 26 नवंबर : भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा ड्ड द्वितीय दिन - 27 नवंबर : शिव पार्वती विवाह ड्ड तृतीय दिन - 28 नवंबर : श्रीराम प्राकट्योत्सव (जन्मोत्सव) ड्ड चतुर्थ दिन - 29 नवंबर : बाल लीला एवं अहिल्या उद्धार ड्ड पंचम दिन - 30 नवंबर : श्री सीताराम विवाह एवं परशुराम संवाद ड्ड षष्ठम दिन - 1 दिसंबर : श्रीराम वनवास एवं केवट प्रसंग ड्ड सप्तम दिन - 2 दिसंबर : भरत चरित्र, शबरी प्रसंग, भंडारा एवं प्रसाद वितरण

आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर श्रीराम कथा का रसपान कर अपने जीवन को धन्य बनाने का आह्वान किया है।

पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कर्तव्य निष्ठा की दिलाई शपथ

सुनहरा संसार ब्यूरो एच्च सिद्दीकी



झांसी दिनांक 23.11.2026 को पुलिस झंडा दिवस के पावन अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, विकास कुमार द्वारा पुलिस लाइन, झाँसी में पुलिस ध्वज फहराकर सलामी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने पुलिस ध्वज की गरिमा, गौरव एवं प्रतिष्ठा को सदैव बनाए रखने तथा पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया।*

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को उसकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता, अदम्य साहस, अनुशासन एवं समर्पित सेवाओं के लिए 'पुलिस कलर' अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। यह गौरव प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य पुलिस बल है। लाल एवं नीले रंग का पुलिस ध्वज उत्तर प्रदेश पुलिस की शौर्यगाथा, कर्तव्यनिष्ठा एवं गौरवशाली परंपराओं का प्रतीक है।

पुलिस झंडा दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि पुलिस बल की गौरवशाली विरासत, अनुशासन, त्याग एवं कर्तव्यपरायणता के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। यह दिवस प्रत्येक पुलिसकर्मी को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग, प्रतिबद्ध एवं समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर पुलिस ध्वज के सम्मान में सभी पुलिसकर्मियों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ करने तथा उत्तर प्रदेश पुलिस की गौरवशाली परंपराओं एवं प्रतिष्ठा को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया।

हत्या के 07 अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक 50,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित

सुनहरा संसार ब्यूरो एच्च सिद्दीकी

झांसी दिनाँक 06.01.2025 को वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना लहचूरा पर मु.अ.सं. 05/2025 धारा 190/191(2)/191(3)/126(2)/103(2)/351(3)/352 बीएनएस व 3(2)5/3(2)5क/3(1)द/ध एससी/एसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। उपरोक्त के संबंध में झाँसी पुलिस एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जा रही थी, जिस क्रम में दिनाँक 23.11.2026 को विशेष न्यायालय एससी/एसटी कोर्ट झाँसी द्वारा अभियुक्त- 1.मनोज पुत्र रामदासअहिरवार, 2. लाल सिंह उर्फ डालचन्द उर्फ बब्लू श्रीवास, 3. नीरज पुत्र रामदास अहीरवार, 4. मिथ्थो उर्फ मिथलेश पुत्र बब्लू श्रीवास, 5. बालादीन पुत्र किशोरीलाल अहीरवार, 6. अम्मू उर्फअमोल पुत्र कुदडुम अहीरवार 7.सुरेश चन्द्रराय पुत्र हरप्रसाद नि0गण खरकामाफ थाना लहचूरा जनपद झांसी को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 50,000/- रुपये के जुमार्ने से दण्डित किया गया । दण्डित कराने में ए.डी.जी.सी. केशवेन्द्र सिंह, कपित कुमार करौलिया, विवेचक क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम, कोर्ट मोहरिर का0 अरविन्द कुमार व पैरोकार का0 राममनोहर थाना-लहचूरा का विशेष योगदान रहा।

झांसी न्यूज

*चोरी के 01 अभियुक्त को 06 माह के कारावास व 5,000/- हजार रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया

सुनहरा संसार ब्यूरो एएच सिद्दीकी

झांसीदिनाँक 16.01.2026 को वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना नवाबाद पर मु.अ.सं. 309/2026 धारा 303(2).317(2) इठर के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। उपरोक्त के संबंध में झाँसी पुलिस एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जा रही थी, जिस क्रम में दिनाँक 23.11.2026 को मा0 न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट झाँसी द्वारा अभियुक्त- इमरान पठान पुत्र मुमताज निवासी बाहर सैयर गेट, गोविन्द चौराहे के पास, थाना-नवाबाद, झाँसी हाल निवासी अम्बावाई, काशीराम कालोनी, सीपरी बाजार को 06 माह के कारावास व 5,000/- रुपये के जुमार्ने से दण्डित किया गया ।

दण्डित कराने में पीओ प्रदीप कुमार, विवेचक उ0नि0 संतप्रकाश त्रिपाठी, कोर्ट मोहरिर म0का0 ज्ञानवती हे0का0 प्रवीण कुमार तिवारी, पैरोकार का0 विपिन कुमार थाना नवाबाद जनपद झाँसी का विशेष योगदान रहा।

अस्पतालों की दवा दुकानों पर एफएसडीए का शिकंजा, 4 दिसंबर तक प्रदेशभर में चलेगा विशेष जांच अभियान

अस्पतालों की फार्मेसियों को वेबसाइट पर दवाओं के खरीद और बिक्री मूल्य सार्वजनिक करने होंगे, मरीजों को पारदर्शी जानकारी उपलब्ध कराने की पहल।

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ।



लखनऊ। अस्पतालों में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को दवाओं की खरीद में पारदर्शिता तथा सही विकल्प चुनने का अधिकार दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने प्रदेशभर में अस्पतालों की दवा दुकानों के खिलाफ विशेष जांच अभियान शुरू किया है। यह अभियान 4 दिसंबर 2026 तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश के सभी जनपदों में संचालित हॉस्पिटल फार्मेसियों की जांच कर यह पता लगाया जाएगा कि दवाओं की खरीद और बिक्री से संबंधित आवश्यक जानकारी सार्वजनिक की गई है या नहीं। अभियान के तहत अस्पताल परिसर में संचालित दवा दुकानों को अपनी वेबसाइट पर दवाओं के खरीद मूल्य और मरीजों को बिक्री के मूल्य से संबंधित निर्धारित जानकारी उपलब्ध करानी होगी। विभाग का उद्देश्य मरीजों और उनके तीमारदारों को यह जानने का अवसर देना है कि अस्पताल की फार्मेसी दवाएं किस कीमत पर खरीद रही है और उन्हें किस मूल्य पर उपलब्ध करा रही है, ताकि वे बिना किसी जानकारी के अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाने के लिए मजबूर न हों। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. रोशन जैकब ने इस संबंध में सभी सहायक आयुक्त (औषधि) और औषधि निरीक्षकों को निर्देश जारी किए हैं। निदेर्शों के तहत प्रत्येक जनपद में संचालित अस्पताल आधारित फार्मेसियों का निरीक्षण किया जाएगा और 1 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के अनुपालन की स्थिति की पड़ताल की जाएगी। जिन फार्मेसियों ने निर्धारित नियमों के तहत आवश्यक जानकारियां सार्वजनिक नहीं की हैं, उनसे औषधि निरीक्षक संबंधित विवरण मांगेंगे और अनुपालन सुनिश्चित कराने की कार्रवाई करेंगे। एफएसडीए ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का उद्देश्य दवाओं की कीमत निर्धारित करना, अस्पताल फार्मेसियों के मुनाफे पर नियंत्रण लगाना अथवा उनके व्यापारिक मार्जिन की सीमा तय करना नहीं है। विभाग का जोर केवल मूल्य संबंधी जानकारी के स्व-प्रकटीकरण यानी सेल्फ-डिस्क्लोजर पर है, जिससे मरीजों को खरीद मूल्य और बिक्री मूल्य की जानकारी मिल सके। विशेष रूप से उन अस्पतालों की फार्मेसियों पर ध्यान दिया जा रहा है, जहां भर्ती मरीजों के पास बाहर से दवाएं खरीदने का व्यावहारिक विकल्प सीमित होता है और उन्हें अस्पताल परिसर की दवा दुकान पर निर्भर रहना पड़ता है। विभाग की ओर से 1 अक्टूबर को जारी आदेश में ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर-2013 का हवाला देते हुए दवा विक्रेताओं को मूल्य सूची प्रदर्शित करने और आवश्यक जानकारियां सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत फार्मेसियों को अपनी सार्वजनिक वेबसाइट पर लाइसेंस संबंधी विवरण, दुकान का नाम, लाइसेंस संख्या, लाइसेंसधारक का नाम, परिसर का पता, नियुक्त फार्मासिस्ट का नाम, पंजीकरण संख्या एवं फोटो सहित साप्ताहिक स्टॉक का विवरण उपलब्ध कराना होगा। वेबसाइट को नियमित रूप से अपडेट करना, उसका लिंक दुकान के काउंटर पर प्रमुखता से प्रदर्शित करना तथा ग्राहकों की सुविधा के लिए ऐप या क्यूआर कोड के माध्यम से भी उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है। एफएसडीए की पूर्व प्रवर्तन कार्रवाइयों में कुछ दवाओं के खरीद मूल्य और अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के बीच काफी अंतर सामने आया था। जांच में ऐसी स्थितियां भी मिली थीं, जहां दवाएं अस्पताल की फार्मेसियों को एमआरपी से काफी कम कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही थीं, लेकिन उस छूट का लाभ मरीजों तक किस हद तक पहुंच रहा था, इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं थी। कुछ मामलों में खरीद मूल्य की तुलना में एमआरपी कई गुना अधिक होने की बात भी सामने आई थी। विभाग अब ऐसी मूल्य विसंगतियों पर नजर रखते हुए यह भी जांचना चाहता है कि कहीं इनके पीछे दवाओं की गुणवत्ता, प्रामाणिकता या संदिग्ध औषधियों से संबंधित कोई मामला तो नहीं है।अधिकारियों का मानना है कि दवाओं के खरीद और बिक्री मूल्य सार्वजनिक होने से मरीजों को आर्थिक रूप से जागरूक बनाने के साथ-साथ संदिग्ध मूल्य अंतर की पहचान करने में भी मदद मिलेगी। इससे नकली या संदिग्ध दवाओं की जांच को गति देने तथा गुणवत्तापूर्ण और प्रामाणिक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयासों को मजबूती मिल सकती है। विशेष अभियान के दौरान जिन अस्पताल फार्मेसियों ने 1 अक्टूबर के आदेश का पालन नहीं किया है, उनसे औषधि निरीक्षक ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए निर्धारित जानकारियां मांगेंगे। अभियान की निगरानी के लिए औषधि निरीक्षकों को प्रतिदिन निरीक्षण की रिपोर्ट मुख्यालय द्वारा निर्धारित गूगल फॉर्म पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि सहायक आयुक्त (औषधि) अपने-अपने मंडलों में अभियान की नियमित निगरानी और पर्यवेक्षण करेंगे। इस पहल से अस्पतालों में दवाओं की खरीद को लेकर पारदर्शिता बढ़ने, मरीजों को बेहतर जानकारी मिलने और दवा मूल्य संबंधी विसंगतियों पर विभागीय निगरानी मजबूत होने की उम्मीद है।

"अजय सिकरवार बने बुंदेलखंड केसरी, सत्येन्द्र अहिरवार ने जीता बुंदेलखंड कुमार का खिताब, राजवीर बने जिला केसरी"

सुनहरा संसार



झांसीजिला कुश्ती संघ, झाँसी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय प्रतिष्ठित बुंदेलखंड केसरी एवं जिला केसरी दंगल प्रतियोगिता का 24 नवम्बर को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में भव्य एवं गरिमामय समापन हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि समाजसेविका अनुराधा शर्मा माताजी रहीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में रामनरेश तिवारी, राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा भाजपा तथा सुरेश चन्द्र उपाध्याय, मुख्य वरिष्ठ प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ, आयोजन अध्यक्ष डॉ अशोक राय उपस्थित रहे। जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मनमोहन गेड़ा की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में बुंदेलखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 125 पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला, शारीरिक क्षमता और अदम्य खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन 23 नवम्बर को विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में पहलवानों का वजन परीक्षण एवं वर्ग निर्धारण करने के पश्चात मुकाबलों का शुभारंभ हुआ। पहले दिन के मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल एवं फाइनल तक पहुंचे पहलवानों के बीच दूसरे दिन खिताबी भिड़ंत हुई। अखाड़े में उतरे पहलवानों ने दांव-पेंच, पकड़, पलट और तकनीकी कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। कई मुकाबलों में अंतिम क्षणों तक रोमांच बना रहा और दर्शक हर दांव पर उत्साहपूर्वक तालियां बजाते रहे। निर्णायक मंडल ने निर्धारित नियमों के अनुसार मुकाबलों के परिणाम घोषित किए।

प्रतियोगिता के विभिन्न भार वर्गों में हुए फाइनल मुकाबलों के परिणाम इस प्रकार रहे—

बुंदेलखंड केसरी (80 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग) प्रथम स्थान एवं बुंदेलखंड केसरी का खिताब अजय सिकरवार, झाँसी ने अपने नाम किया। द्वितीय स्थान पर शिवम यादव, झाँसी रहे। तृतीय स्थान संयुक्त रूप से उदयवीर, बबीना एवं जतिन, झाँसी ने प्राप्त किया।

बुंदेलखंड कुमार (70 से 80 किलोग्राम भार वर्ग) प्रथम स्थान प्राप्त कर सत्येन्द्र अहिरवार, बबीना बुंदेलखंड कुमार बने। द्वितीय स्थान पर सोहेल, बबीना रहे। तृतीय स्थान संयुक्त रूप से आर्यन यादव, सागर एवं देव राजपूत, लहरगिर्द ने हासिल किया।

जिला केसरी (60 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग) राजवीर, करारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला केसरी का प्रतिष्ठित खिताब जीता। द्वितीय स्थान पर राजदीप, बबीना रहे। तृतीय स्थान संयुक्त रूप से धीरेंद्र अहिरवार, टपरियन एवं जयवीर गुर्जर, करारी ने प्राप्त किया।

वीर अभिमन्यु (45 से 50 किलोग्राम भार वर्ग) प्रथम स्थान जयप्रकाश, हंसारी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर तनिष्क, बबीना रहे। तृतीय स्थान संयुक्त रूप से सागर, डगरवाहा एवं ऋतिक पाल, मिलान ने हासिल किया।

महिला पहलवानों ने भी दिखाया दमखम

प्रतियोगिता में महिला पहलवानों की कुश्ती भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। महिला वर्ग में विजेता पहलवानों में श्रद्धा, निधि, सुहानी, हर्षिता, रितिका, प्रथा, विधि, अनुष्का एवं तमन्ना शामिल रहीं। वहीं उपविजेता के रूप में अनुष्का, आयुषी, प्रतीक्षा, जैनवी, अमृता, रितु, वेदिका, शिखा एवं दीक्षा ने स्थान प्राप्त किया। महिला पहलवानों के उत्साहपूर्ण प्रदर्शन को दर्शकों ने खूब सराहा।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि अनुराधा शर्मा ने विजेता एवं प्रतिभागी पहलवानों को बधाई देते हुए कहा कि कुश्ती केवल शारीरिक शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य, आत्मविश्वास और संघर्षशीलता का परिचायक खेल है। बुंदेलखंड की माटी ने सदैव ऐसे खिलाड़ियों को जन्म दिया है जिन्होंने अपनी प्रतिभा से क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। आज विजेता बने पहलवानों के लिए यह उपलब्धि एक नई यात्रा का आरंभ है। उन्हें निरंतर अभ्यास और समर्पण के साथ आगे बढ़ते हुए प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करनी चाहिए। उन्होंने जिला कुश्ती संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई प्रतिभाओं को सामने लाने और खेल संस्कृति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी विजेता पहलवानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अखाड़े में मिली जीत केवल एक खिताब नहीं, बल्कि वर्षों के अभ्यास, अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास का परिणाम होती है।

ओवरलोड ट्रॉले की टक्कर से महिला की मौत,शादी की खुशियां मातम में बदलीं

मुरादनगर के चुंगी नंबर-3 पर हुआ दर्दनाक हादसा पति के साथ शादी समारोह में शामिल होने आ रही थी बागपत निवासी महिला

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ



मुरादनगर। चुंगी नंबर-3 के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब महिला अपने पति के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए मुरादनगर आ रही थी। इस घटना के बाद शादी वाले घर की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। जानकारी के अनुसार, बागपत निवासी नूर हसन अपनी पत्नी सहनाज (45) के साथ किसी वाहन से मुरादनगर में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। जैसे ही उनका वाहन मुरादनगर की चुंगी नंबर-3 के पास पहुंचा, तभी सामने या बगल से आ रहे गन्ने से लदे एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉले ने उनके वाहन को साइड से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सहनाज ट्रॉले की चपेट में आ गईं और गंभीर चोट लगने के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ देर के लिए वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया।हादसे की सूचना मिलते ही मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। पति नूर हसन और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस परिवार में शादी की शहनाइयां गूंजनी थीं, वहां इस दुखद हादसे के बाद शोक की लहर दौड़ गई है।

कौशाम्बी की स्कूल बस का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, चार मासूम छात्रों की दर्दनाक मौत, 35 से अधिक घायल

सुनहरा संसार मो.युनुस पत्रकार (मंझनपुर)कौशांबी



कौशाम्बी। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। कौशाम्बी के ओरिएंटल पब्लिक स्कूल की बस दुर्घटना का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि वृंदावन-मथुरा से पिकनिक मनाकर वापस कौशाम्बी लौट रहे छात्र-छात्राओं से भरी बस एक्सप्रेस-वे पर खड़ी थी। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। इस दर्दनाक हादसे में चार छात्रों की मौत हो गई, जबकि 35 से अधिक छात्र घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस और राहत-बचाव दल ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को बस से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। यह भीषण दुर्घटना ठठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 209.9 पर हुई। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समेत वरिष्ठ अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के उपचार की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एक साथ चार मासूमों की मौत और बड़ी संख्या में बच्चों के घायल होने की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार के लोग अपनों का हाल जानने के लिए परेशान हो उठे।

इस हृदयविदारक घटना से कौशाम्बी जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

हाईटेक नर्सरी में विद्यार्थियों ने सीखी गुणवत्तायुक्त सब्जी पौध तैयार करने की आधुनिक तकनीकें

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झाँसी। रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी के कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में विद्यार्थियों को भी आधुनिक कृषि तकनीकों में दक्ष एवं अग्रणी बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय के हाईटेक नर्सरी परिसर में विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त सब्जी पौध तैयार करने की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को टमाटर, बैंगन, मिर्च एवं गोभी जैसी प्रमुख सब्जियों की स्वस्थ एवं गुणवत्तायुक्त पौध तैयार करने की विभिन्न वैज्ञानिक विधियों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने स्वयं प्रयोग करके कोकोपीट, वर्मीकुलाइट एवं परलाइट के उपयोग से पौध उत्पादन के लिए उपयुक्त ग्रोइंग मीडिया तैयार करना, तीनों घटकों को उचित अनुपात में मिलाना, प्रो-ट्रे में मीडिया भरना, बीज बुवाई के लिए मार्किंग करना, बीजों की बुवाई एवं उन्हें मीडिया से ढकने की प्रक्रिया सीखी। इसके साथ ही बूम रेन सिस्टम के माध्यम से पौधों की आवश्यकतानुसार सिंचाई करने का भी व्यावहारिक अभ्यास किया। इस अवसर पर सब्जी विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक नर्सरी प्रबंधन की तकनीकी जानकारी के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है। इससे विद्यार्थी भविष्य में किसानों के लिए स्वस्थ, मजबूत एवं उच्च गुणवत्ता वाली सब्जी पौध तैयार करने में सक्षम होंगे। साथ ही वे आधुनिक सब्जी उत्पादन तकनीकों को किसानों तक पहुँचाकर कृषि उत्पादन एवं किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ प्रयोगात्मक दक्षता प्रदान की जा रही है, जिससे वे भविष्य में कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में कुशल उद्यमी, तकनीकी विशेषज्ञ और किसानों के मार्गदर्शक बन सकें।

"शोक शास्त्रीय नहीं है : राघवेंद्र चैतन्य

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी `चिन्मय मिशन झांसी के ब्रह्मचारी राघवेंद्र चैतन्य ने बताया कि शोक या दुःख शास्त्रीय दृष्टी में किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। यदि हम स्वयं को ब्रह्म की दृष्टि से देखते हैं, तब तो शोक का अस्तित्व ही सिद्ध नहीं होता है। यदि हम स्वयं को जीव दृष्टि से देखते हैं, तो जीव तो इस शरीर के बाद दूसरे शरीर में भी यात्रा करता है,नष्ट नहीं होता है। इसलिए जीव दृष्टि से भी शोक करना उचित नहीं है। यदि हम स्वयं को शरीर मात्र की दृष्टि से देखते हैं ,तो शरीर तो नश्वर है एक दिन नष्ट होगा ही। तो जो नष्ट होने वाली चीज है उसके लिए भी शोक करना समझदारी नहीं है। ये विचार ब्रह्मचारी राघवेंद्र चैतन्य ने श्रीमती नूपुर आशीष श्रीवास्तव के निवास प्रेम गंज में आयोजित चिन्मय गीता स्वाध्याय मंडल में प्रकट किए। गीता के दूसरे अध्याय की व्याख्या करते हुए उन्होंने बताया कि परमात्मा हमको किसी भी स्तर पर दुखी नहीं देखना चाहते हैं। जीवन में दुखी होने का मतलब है हमारे जीवन में शास्त्र एवं गुरु परंपरा का न होना। शास्त्रों में कहा गया है कि विद्वान से विद्वान व्यक्ति को भी बिना गुरु के शास्त्र अध्ययन नहीं करना चाहिए। इस समागम में उपस्थित साधकों ने गुरु स्तोत्र ,आरती, शांति पाठ एवं चिन्मय प्रतिज्ञा का गायन भी किया।

बबीना विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई इबारत : 6 गांवों में बारात घर बनकर तैयार, ग्रामीणों को मिली बड़ी सौगात

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



बबीना / झाँसी। बबीना विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा काम पूरा हो गया है। क्षेत्र के विधायक श्री राजीव सिंह पारीछा के प्रस्ताव पर स्वीकृत सभी 6 बारात घरों का निर्माण कार्य अब पूर्ण हो चुका है। इन बारात घरों के बन जाने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीण परिवारों को विवाह, मांगलिक कार्यक्रमों और सामाजिक आयोजनों के लिए अब स्थायी, सुविधाजनक और सस्ता स्थान मिल गया है। कुल 2 करोड़ 56 लाख 07 हजार रुपये की लागत से बने इन बारात घरों का लाभ अब सीधे ग्रामीणों को मिलने लगा है।

कहाँ-कहाँ बनकर तैयार हुए बारात घर

1. ब्लॉक - बबीना

ग्राम सिमरावारी में बारात घर का निर्माण पूर्ण - 24.82 लाख रुपये ड्ड ग्राम खजराहा बुजुर्ग में बारात घर का निर्माण पूर्ण - 24.82 लाख रुपये

2. ब्लॉक - बड़ागाँव

ग्राम फुटेरा में बारात घर का निर्माण पूर्ण - 24.82 लाख रुपये ड्ड ग्राम बनगुवां में बारात घर का निर्माण पूर्ण - 24.82 लाख रुपये

3. ब्लॉक - चिरगाँव

ग्राम कुकरगाँव में बारात घर का निर्माण पूर्ण - 131.97 लाख रुपये (इश्ठ राज्यांश 2022-26)

चिरगाँव देहात में बारात घर का निर्माण पूर्ण - 24.82 लाख रुपये

इनमें से 5 बारात घरों का निर्माण परियोजना प्रबंधक, यू०पी० प्रोजेक्ट्स कापोर्रेशन लि०, निर्माण इकाई-12, झाँसी द्वारा वर्ष 2026-27 में कराया गया। वहीं कुकरगाँव का बारात घर इश्ठ राज्यांश 2022-26 मद से निर्मित हुआ है।

अब टेंट और खुले मैदान की मजबूरी खत्म

पहले ग्रामीणों को शादी-विवाह और अन्य आयोजनों के लिए अस्थायी टेंट, खुले मैदान या महंगे निजी मैरिज हॉल पर निर्भर रहना पड़ता था। बरसात के मौसम में तो आयोजन करना और भी मुश्किल हो जाता था। अब गांव में ही पक्का बारात घर होने से यह परेशानी दूर हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें दूसरे गांव या शहर में जाकर महंगा हॉल बुक नहीं करना पड़ेगा। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को इसका सबसे अधिक लाभ मिलेगा। विधायक श्री राजीव सिंह पारीछा ने कहा बबीना विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है। मेरा हमेशा से प्रयास रहा है कि गांव-गांव तक विकास पहुंचे और ग्रामीणों को शहर जैसी सुविधाएं अपने गांव में ही मिलें। बारात घरों की मांग लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को शादी-विवाह के लिए महंगे हॉल बुक करने पड़ते थे, जिससे उन पर आर्थिक बोझ पड़ता था। इसी को देखते हुए हमने 6 गांवों में बारात घरों का प्रस्ताव रखा था, जो अब बनकर तैयार हो गए हैं। मेरा संकल्प है कि बबीना क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से वंचित न रहे। सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ सामुदायिक सुविधाओं को भी लगातार मजबूत किया जा रहा है। आगे भी क्षेत्र के विकास के लिए इसी तरह काम करते रहेंगे।

क्या कह रही है जनता

सिमरावारी के ग्रामीण ने कहा - पहले शादी के लिए टेंट लगाना पड़ता था, बरसात में तो बहुत परेशानी होती थी। अब गांव में ही पक्का बारात घर बन गया है। विधायक जी ने हमारी बड़ी समस्या दूर कर दी। खजराहा बुजुर्ग के ग्रामीण ने कहा - हम लोग कई साल से बारात घर की मांग कर रहे थे। अब हमारा सपना पूरा हुआ है। अब गांव में ही सारे कार्यक्रम आसानी से हो जाएंगे, पैसा भी बचेगा। फुटेरा के ग्रामीण ने कहा - बारात घर बनने से गरीब परिवारों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। अब बेटी की शादी के लिए बाहर भटकना नहीं पड़ेगा। हम विधायक जी का दिल से आभार व्यक्त करते हैं। बनगुवां की महिला ग्रामीण ने कहा - पहले कार्यक्रमों में महिलाओं को बहुत दिक्कत होती थी। अब सुरक्षित और पक्की जगह मिल गई है। पंचायत की बैठक, भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी यहीं हो सकेंगे। कुकरगाँव के ग्रामीण ने कहा - कुकरगाँव में बना बारात घर पूरे क्षेत्र में सबसे सुंदर है।

सांसद अनुराग शर्मा ने मतदाता जोड़ो अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर किया जनसंपर्क, आम नागरिकों को वितरित किए मतदाता पंजीकरण फॉर्म

सुनहरा संसार ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झाँसी। भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित मतदाता जोड़ो अभियान के अंतर्गत सांसद अनुराग शर्मा ने सिविल लाइंस मंडल, झाँसी की बूथ संख्या 110 के अंतर्गत विभिन्न मोहल्लों में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान सांसद अनुराग शर्मा ने आम नागरिकों से संवाद किया तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं एवं अन्य पात्र नागरिकों को नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने हेतु फॉर्म वितरित किए। उन्होंने नागरिकों से फॉर्म भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील भी की। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम, पता अथवा अन्य व्यक्तिगत विवरणों में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आवश्यक संशोधन कराने के लिए भी लोगों को जागरूक किया। सांसद ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में पंजीकरण आवश्यक है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे तथा मतदाता सूची में सभी के विवरण सही एवं अद्यतन रहें। इस अवसर पर भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, 6 वर्षीय पोती गंभीर रूप से घायल

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार ।अमरनाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ

मैगलागंज लखीमपुर खीरी । जिले के मैगलगंज विकास खंड के अंतर्गत एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक बेसहारा विधवा महिला न्याय पाने के लिए कानूनी प्रक्रिया पूरी करने को संघर्ष कर रही है, लेकिन प्रशासनिक सुस्ती और कथित मिलीभगत उसके रास्ते का कांटा बन गई है। मृतका की पत्नी द्वारा जिला अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, ग्राम विकास अधिकारी द्वारा द्वेष भावना और विपक्षी के प्रभाव में आकर परिवार रजिस्टर की नकल देने से साफ इंकार किया जा रहा है।

क्या है पूरा मामला

पीड़िता रानी देवी पत्नी स्वर्गीय राहुल बाजपेयी, निवासी ग्राम मैगलगंज, विकास खंड पसगवां ने जिला अधिकारी को सौंपे गए पत्र में बताया है कि उनके पति के निधन के बाद माननीय न्यायालय में एक आवश्यक वाद के सिलसिले में परिवार रजिस्टर की नकल दाखिल करनी है। न्यायालय द्वारा दी गई समय-सीमा बेहद सीमित है जिसके लिए नकल का मिलना अनिवार्य है। ?आरोप है कि पीड़िता ने आधार कार्ड, पति का आधार कार्ड, विवाह की तस्वीरें और पति का मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे अकाट्य साक्ष्य प्रस्तुत करने के बाद भी ग्राम विकास अधिकारी नकल देने में आनाकानी कर रहे हैं।

दबंग जेठ का साया और राजनीतिक दबाव

मामले में नया मोड़ तब आया जब पीड़िता ने अपने ही जेठ पर गंभीर आपराधिक आरोप लगाए। आरोप है कि विपक्षी जेठ एक आपराधिक और दबंग किस्म का व्यक्ति है, जिसके ऊपर न्यायालय में 08 मुकदमे दर्ज हैं। वह अपनी दबंगई के बल पर परिवार रजिस्टर की नकल न मिलने देने की साजिश रच रहा है ?ग्राम विकास अधिकारी पर आरोप है कि वह विपक्षी से मिलकर और उसके अनुचित राजनीतिक व निजी प्रभाव में आकर कागज अपर्याप्त हैं का बेबुनियाद बहाना बना रहे हैं ताकि विधवा महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा सके और न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके।

प्रशासनिक महकमे में हड़कंप

इस गंभीर प्रार्थना पत्र के सामने आने के बाद स्थानीय प्रशासन में सुगबुगाहट तेज हो गई है। पीड़ित महिला ने जिला अधिकारी से त्वरित हस्तक्षेप करने और ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित कर अविलंब परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है, ताकि उसे समय रहते न्याय मिल सके। अब देखना यह होगा कि इस मामले में प्रशासन क्या सख्त कदम उठाता है। क्रमशः.....।

गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन यज्ञ कुंडों में दी गईं आहुतियां, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



मितौली-खीरी। मितौली मुख्यालय स्थित आदर्श इंटर कॉलेज के सामने मेला मैदान में सोमवार से चल रहे विराट 24 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारी टोली के निर्देशन में प्रातःकाल विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देव पूजन संपन्न कराया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने यज्ञ भगवान को आहुतियां समर्पित कर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और जनमंगल की कामना की। इस अवसर पर गोला से पधारे गायत्री परिवार के जिला समन्वयक सुरेश कुमार वर्मा ने गायत्री परिजनों को संबोधित करते हुए नशा उन्मूलन और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज को खोखला कर देता है। समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूकता की अलख जगानी होगी। वहीं पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती का जीवन आधार हैं। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना और उनकी देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल करते हुए गायत्री परिजनों को 14 प्रजातियों के पौधे वितरित किए गए। इनमें हरड़, बहेड़ा, आंवला, महुआ, बेल, अनार, आड़ू और अशोक सहित विभिन्न उपयोगी एवं औषधीय पौधे शामिल रहे। पौधों की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद उनका वितरण किया गया। साथ ही प्रत्येक गायत्री परिजन से कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण और नियमित देखभ

आबकारी अधिनियम के आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा, तीन हजार रुपये जुमार्ना

सुनहरा संसार कृष्ण कुमार मिश्रा

चित्रकूट। माननीय न्यायालय ने आबकारी अधिनियम के एक आरोपी अभियुक्त को दोषसिद्ध पाए जाने पर न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई है। साथ ही अभियुक्त पर 3,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत न्यायालय में लंबित मामलों की प्रभावी पैरवी की जा रही है। इसका उद्देश्य अभियुक्तों को न्यायालय से अधिकतम सजा दिलाना और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

टेट्रा पैक से शराब निकाल कर पानी मिलने का आरोप जनता ने पड़ा तो सामने आई हकीकत

सुनहरा संसार रोहित कुमार रिपोर्टर



बांकेगंज। जटपुरा गांव स्थित देसी जटपुरा की दुकान पर सिरज शराब की दुकान पर सोमवार दोपहर से पानी मिलाने की शिकायत टेट्रा पैक में पानी मिलाकर बेचने का विभाग ने शुरू की जांच आरोप लगाते हुए ग्राहकों ने हंगामा किया। आरोप है कि विक्रेता सिरिंज से टेट्रा पैक में पानी मिलाकर रीब ग्राहवकों को शराब बेच रहा था। को सूचना पर पहुंची डायल 112 का और स्थानीय फूटी से शराब निकालकर पानी मिलाने का आरोप, जनता ने पकड़ा तो सामने आई हकीकत! सम इमलिया कोठी निवासी युवक पर गंभीर आरोप बताया जा रहा है कि सम इमलिया कोठी का रहने वाला एक युवक जटपुरा भट्टी पर सेल्समैन का काम करता था। आरोप हैयहां फूटी के पैकेटों से शराब निकालकर उसमें पानी मिलाने का काम किया जा रहा था। जब स्थानीय जनता ने इस कथित गड़बड़ी को पकड़ लिया, तो पूरे मामले की हकीकत सामने आने लगी। अब सवाल यह है कि आखिर इस पूरे मामले में कौन-कौन शामिल है? क्या संबंधित विभाग इस मामले की जांच क दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा? प्रशासन से निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग।

भूरागढ़ में नटबली सिद्ध बाबा परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद बांदा के ग्राम भूरागढ़ में नटबली सिद्ध बाबा के परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर इंस्पेक्टर श्रीनिवास यादव, एटीएस पुलिस एवं डॉक्टर अनिल कुमार शंकरगढ़ ने फलदार पौधे रोपित करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान नटबली मंदिर के पुजारी ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल व पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया।

हापुड़ : गढ़मुक्तेश्वर से लौटते समय बाइक से घायल हुए भाजपा जिला महामंत्री श्यामेंद्र त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश राणा पहुंचे निवास स्थान पर



राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता/ महिपाल तोमर

हापुड़ - भाजपा जिला महामंत्री हापुड़ श्यामेंद्र त्यागी गढ़मुक्तेश्वर से लौटते समय बाइक से हादसे में घायल हो गए। हादसे की खबर मिलते ही भाजपा कार्यकताओं में हड़कंप मच गया। पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश राणा निवास स्थान पर पहुंचे और उनका हालचाल जाना। जानकारी के अनुसार भाजपा जिला महामंत्री श्यामेंद्र त्यागी गढ़मुक्तेश्वर से किसी कार्यक्रम से लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में श्यामेंद्र त्यागी को चोटें आईं। आसपास के लोगों ने उन्हें उठाकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां उनके हाथ में फैक्चर आया है। हादसे की सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश राणा उनके निवास स्थान पर पहुंचे। उन्होंने श्यामेंद्र त्यागी से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने श्यामेंद्र त्यागी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। हादसे की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उनके निवास स्थान पर पहुंच गए और श्यामेंद्र त्यागी का हालचाल जाना। कार्यकताओं ने उनके स्वस्थ होने की बात कही और संगठन में कारवां को बढ़ाने की। चर्चा भी हुई

हापुड़ : कानून व्यवस्था को चुनौती, चार युवकों ने कार की छत पर बैठकर मचाया हुड़दंग, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता महिपाल तोमर



हापुड़ - जनपद हापुड़ में कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए चार युवकों ने कार की छत पर बैठकर जमकर हुड़दंग मचाया। युवकों ने चलती कार की छत पर बैठकर हुडदंग किया और हंगामा किया। इसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल करने वाले की अभी पुष्टि नहीं हुई है / जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो में चार युवक एक कार की छत पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं। कार सड़क पर चल रही है और युवक छत पर बैठकर शोर मचा रहे हैं। वीडियो में युवक काफी हुड़दंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि युवक नशे में भी हो सकते हैं और राहगीरों को भी परेशान कर रहे थे। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोगों ने कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना है कि इस तरह की हरकतों से सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की जान को खतरा पैदा हो जाता है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस तरह हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी युवक इस तरह कानून व्यवस्था को चुनौती देने की हिम्मत न करे।

कार्तिक पूर्णिमा पर कालिंजर दुर्ग में उमड़ा आस्था का सैलाब, लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान नीलकंठेश्वर का किया जलाभिषेक

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



ऐतिहासिक और पौराणिक कालिंजर दुर्ग में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार को भव्य और ऐतिहासिक मेले का आयोजन हुआ। जिसमें आस्था का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा उत्तर प्रदेश के दूर दराज के जनपदों और पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान नीलकंठेश्वर के दर्शन और दुर्ग के पवित्र सरोवरों में स्नान के लिए पहुंचे मेले में शामिल होने के लिए सोमवार शाम पांच बजे से ही श्रद्धालुओं के दुर्ग की ओर बढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया था जो पूरी रात अनवरत जारी रहा।मंगलवार सुबह सूर्योदय के साथ ही पूरा दुर्ग परिसर भक्तों की अपार भीड़ से पट गया और चारों ओर हर हर महादेव तथा बम बम भोले के जयकारे गूंजने लगे जिससे संपूर्ण वातावरण शिवमय हो गया। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं ने दुर्ग स्थित पवित्र स्वगारोहण कुंड में आस्था की डुबकी लगानी शुरू कर दी। कुंड में स्नान के पश्चात भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान नीलकंठेश्वर का जलाभिषेक एवं विधिवत दर्शन पूजन कर अपने परिवार की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए स्वगारोहण कुंड के साथ साथ दुर्ग के अन्य प्राचीन व पवित्र सरोवरों कोटि तालाब बुद्ध बुद्धा तालाब और राम कटोरा तालाब पर भी स्नान करने वालों का सुबह से दोपहर तक तांता लगा रहा। इस ऐतिहासिक मेले की जड़ें चंदेलकालीन गौरवशाली परंपरा से जुड़ी हुई हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान नीलकंठ के पुत्र कार्तिकेय के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सदियों से कार्तिक पूर्णिमा के दिन कालिंजर दुर्ग में यह विशाल मेला लगता आ रहा है।अपनी प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए आज भी आसपास के जिलों सहित दूर दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ इस उत्सव में शामिल होने पहुंचते हैं। मंदिर में दर्शन पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने मेला परिसर में सजी पारंपरिक दुकानों से घरेलू सामान खिलौनों और प्रसाद की जमकर खरीदारी की वहीं बच्चों और युवाओं ने झूलों व अन्य मनोरंजक आकर्षणों का भरपूर आनंद उठाया। मेले में उमड़ने वाली संभावित भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस और जिला प्रशासन ने यातायात व सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। जाम की स्थिति से बचने के लिए बघेलावाड़ी मार्ग पर बैरियर लगाकर वाहनों का आवागमन पूरी तरह रोक दिया गया। इसके अतिरिक्त नरैनी मार्ग और पन्ना मार्ग पर भी बैरियर लगाकर भारी वाहनों व चार पहिया वाहनों को मेला परिसर की ओर प्रवेश नहीं दिया गया जिससे पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में काफी सहूलियत मिली। सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाए रखने के लिए मेला क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। सिविल पुलिस के जवान लगातार भीड़ के बीच गश्त करते रहे वहीं किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी पूरे मेले की निरंतर निगरानी की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वास्थ्य रक्षा के लिए मेला परिसर में बांदा स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में तैनात चिकित्सक डॉ. आरबी मिश्रा और डॉ. साधना पटेल ने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाएं वितरित कीं।

बांदा की बदहाल व्यवस्थाओं पर सपा ने उठाए सवाल, बड़े आंदोलन की चेतावनी

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद की बदहाल व्यवस्थाओं, प्रशासनिक लापरवाही और जनहित से जुड़े विभिन्न गंभीर मुद्दों को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन की उदासीनता के चलते छात्र, किसान, मरीज और आम नागरिक तमाम समस्याओं से जूझ रहे हैं। वक्ताओं ने स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, अवैध खनन, सड़क और अधूरे विकास कार्यों को लेकर सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। प्रेस वार्ता में रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया गया कि वहां अव्यवस्थाओं और चिकित्सकों की मनमानी के चलते गरीब मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वक्ताओं का आरोप था कि बिना पैसे दिए गरीबों के ऑपरेशन तक नहीं किए जाते। उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर में नवजात मृत शिशु के शव को आवारा कुत्तों द्वारा उठाकर नोचने की कथित घटना को बेहद गंभीर और शर्मनाक बताते हुए इसे स्वास्थ्य व्यवस्था की घोर लापरवाही करार दिया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए वक्ताओं ने कहा कि राजकीय महिला महाविद्यालय में बीएससी की कक्षाएं संचालित होने के बावजूद शिक्षकों का अभाव है, जिससे छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं, जनपद में सैकड़ों विद्यालय बंद किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे बीटीसी, डीएलएड और बीएड प्रशिक्षित हजारों युवा बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि सरकार को शिक्षा और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। किसानों की समस्याओं को उठाते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली सरकार आज उन्हें पर्याप्त खाद और बीज तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। इसके साथ ही पूरे जनपद में लो-वोल्टेज की समस्या के कारण किसानों के निजी नलकूप नहीं चल पा रहे हैं, जिससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और खेती-किसानी पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अवैध खनन के मुद्दे पर वक्ताओं ने आरोप लगाया कि जनपद की नदियों में नियमों को ताक पर रखकर खनन किया जा रहा है तथा नदियों की जलधारा को रोककर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है। उन्होंने सरकार और प्रशासन की कथित मिलीभगत का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराने की मांग की। वहीं, जनपद की बदहाल सड़कों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से आम जनता को आवागमन में परेशानी हो रही है। ओवरलोड वाहनों के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं,

लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। विकास कार्यों को लेकर भी सरकार को घेरते हुए वक्ताओं ने कहा कि डबल इंजन की सरकार पिछले दस वर्षों में भी रिंग रोड पर दुरेड़ी और राजघाट के बीच प्रस्तावित पुल का निर्माण पूरा नहीं करा सकी है। इसके चलते क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर दिखाई दे रहा है।

जुरहरा-पुनहाना मार्ग की नहर में बहता मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, इलाके में फैली सनसनी



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

डीग - जुरहरा - पुनहाना मार्ग स्थित नहर में मंगलवार को पानी के साथ एक अज्ञात व्यक्ति का शव बहता हुआ मिला। नहर में शव तैरता देख राहगीरों में हड़कंप मच गया। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए शव को आगे बहने से रोका और तुरंत पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, राहगीरों की नजर जब नहर के पानी में शव पर पड़ी, तो उन्होंने शोर मचाया। कुछ ही देर में मौके पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोग शव की पहचान करने का प्रयास करते रहे, लेकिन कोई भी उसे पहचान नहीं सका। सूचना मिलते ही जुरहरा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के गांवों और थानों से संपर्क कर शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि शव कहां से बहकर आया और व्यक्ति की मौत किन परिस्थितियों में हुई। मौत हादसा है, या फिर किसी अन्य कारण से हुई, इसको लेकर पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के परिजन लापता हैं, तो वे थाना पहुंचकर संपर्क करें, जिससे शव की जल्द पहचान हो सके।

सुशासन दिवस पर अरवारी के तोड़ी पुरवा में हुआ नीतीश संवाद, शालिनी पटेल ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 24 नवंबर 2005 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर सुशासन एवं विकास के नए दौर की शुरूआत किए जाने की स्मृति में मंगलवार को सुशासन दिवस के अवसर पर जनपद बांदा की बबेरू तहसील के कमासिन ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत अरवारी के मजरा तोड़ी पुरवा में नीतीश संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की राष्ट्रीय प्रवक्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड संगठन प्रभारी शालिनी सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने नीतीश कुमार के राजनीतिक सफर, सुशासन की अवधारणा, सामाजिक न्याय और बिहार में लागू की गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ सरकार की योजनाओं और सुविधाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर राजनीतिक भागीदारी बढ़ाई गई। वहीं, बालिकाओं को साइकिल योजना के माध्यम से शिक्षा से जोड़ने, छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन देने, शिक्षकों की नियुक्ति तथा सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए गए। उन्होंने महिला सशक्तीकरण, सामाजिक न्याय और अति पिछड़े एवं वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान शालिनी सिंह पटेल ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि जेडीयू का उद्देश्य गांव-गांव पहुंचकर आम जनता से सीधा संवाद करना और उनकी समस्याओं एवं जरूरतों को समझकर शासन-प्रशासन तक पहुंचाना है।

रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना में पक्षपात नहीं होगा बर्दाश्त, पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें :- प्रभारी मंत्री



झांसी` मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन जयवीर सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ शासन द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति समीक्षा सहित झाँसी में कोर कमेटी एवं जिला प्रशासनिक समन्वय समिति की आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में आयोजित की गई। बैठक के शुभारंभ पर प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को ताकीद करते हुए कहा कि कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान दिया जाए जो जिम्मेदारियां आपको दी गई हैं उन पर खरा उतरे, उन्होंने दोहराते हुए कहा कि आप जो कार्य कर रहे हैं उसका परिणाम आना चाहिए। आप अपने कार्यों और दायित्व के प्रति सजग रहें। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखने और टेलीफोनिक संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागों के नए कार्य/ जीर्णोद्धार कार्यों का शिलान्यास/ उद्घाटन जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उनसे कराए जाने के भी निर्देश दिए ताकि किए जा रहे कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जा सके। अभिनव पहल के अंतर्गत प्रभारी मंत्री ने जिला प्रशासन के कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की, इसी अभिनव पहल में जनपद की ग्राम पंचायतों को स्वच्छ बनाने के लिए विशेष अभियान के तहत 08 विकास खंडों की 24 ग्राम पंचायतों का सर्वे के बाद सिमराबारी को कचरा प्रबंधन पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है, जिसके चरण में लगभग 14 ग्राम पंचायतों में भी कचरा प्रबंधन प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। उन्होंने आंगनवाड़ी में नवाचार, स्कूलों में नवाचार एवं खेलकूद व डिजिटल लाइब्रेरी का भी कॉल किया जाये जिस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ऐसे कार्यों के लिए अन्य अधिकारियों को भी प्रोत्साहित किया। समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद में चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की जानकारी ली और निर्देश दिए की अधिकारी और बीएलओ। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भी रुचि लेते हुए अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने का सुझाव दिया। इसकी अतिरिक्त उन्होंने अभियान चलाकर लोहापीट सहित अन्य समुदायों को भी मतदाता सूची में शामिल करने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा में प्रभारी मंत्री जी द्वारा सीएम आवास ग्रामीण का लक्ष्य 14436 के सापेक्ष 13874 आवास पूर्ण, वित्तीय वर्ष 2026-27 में 4469 का लक्ष्य प्राप्त हुआ अब तक160 आवास पूर्ण करा लिए गए हैं। समीक्षा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा टैरोली, खास के ग्राम विकास अधिकारी अजय पाल सिंह सेंगर द्वारा योजना में बरती जा रही घोर अनियमितता एंव लापरवाही की शिकायत पर प्रभारी मंत्री जी ने तत्काल हटाए जाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान सदस्य विधान परिषद डॉ0 बाबूलाल तिवारी द्वारा डीएवी इंटर कॉलेज को स्थाई निर्माण करते हुए बारात घर बना दिए जाने तथा फैब्रिकेशन की स्थायी दुकान सहित अन्य अवैध निर्माण कराए जाने की शिकायत की, जिस पर प्रभारी मंत्री जी द्वारा तत्काल एफआइआर दर्ज करते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी दौरान एमएलसी डॉक्टर तिवारी ने बीके डी में प्राचार्य का कार्यकाल 5 वर्ष पूर्व हो जाने पर वरिष्ठता अनुसार कार्यवाही किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि शासनादेश के अनुसार अनुपालन हो, उन्होंने बुंदेलखंड कॉलेज सोसाइटी झांसी की फर्जी सदस्यता की जांच कराए जाने की बात कही, जिस पर प्रभारी मंत्री जी ने तत्काल मजिस्ट्रेट द्वारा जांच कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्युत विभाग के कार्यों की एवं उच्च अधिकारियों द्वारा समस्याओं का निराकरण न करने की शिकायत पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में विद्युत समस्याओं को समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। महानगर अध्यक्ष श्री सुधीर सिंह ने टास्क फोर्स द्वारा की जा रही असमय घरों पर कार्यवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे बंद करने की मांग की, विधायक बबीना श्री राजीव सिंह पारिछा ने भी विजिलेंस टीम के द्वारा की जा रही कार्यवाही पर नाराजगी व्यक्त की, इसके अतिरिक्त विधायक गरौठा जवाहरलाल राजपूत ने खड़ैनी क्षेत्र के जेई एवं विजिलेंस के एक अधिकारी की शिकायत करते हुए क्षेत्र से हटाए जाने की बात कही। सभी जनप्रतिनिधियों को जवाब देते हुए मुख्य अभियंता विद्युत ने बताया कि छोटे व्यापारी एवं उद्यमियों को विजिलेंस वाले अब कोई कार्यवाही नहीं करेंगे। बैठक में मा0 प्रभारी मंत्री ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में यदि कोई आवास विहीन है, उसका आवेदन लेते हुए जांच कराएं और पात्र पाए जाने पर तत्काल आवास स्वीकृत करें, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि व्यक्ति पात्र रहे और सूची में नाम न हो तो उसे भी आवास का लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक का संचालन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने आज की बैठक में प्रत्येक विभाग की एक-एक परियोजना की प्रगति के विषय में जानकारी दी।

स्वयं के विरूद्ध न्यायालय का कूटरचित दोषमुक्ति आदेश तैयार कर पुलिस विभाग को गुमराह करने वाले पुलिसकर्मी को प्रयागराज से किया गया गिरफ्तार



सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो बांदा

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नरैनी पुलिस द्वारा स्वयं के विरुद्ध वर्ष 2005 में दर्ज मुकदमे में मा० न्यायालय का कूटरचित दोषमुक्ति आदेश तैयार कर पुलिस विभाग को गुमराह करने वाले पुलिसकर्मी (मुख्य आरक्षी) को जनपद प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया । गौरतलब है कि थाना नरैनी में मु0अ0सं0 21/05, धारा 452/323/504/506/325/295/120बी भादवि एवं धारा 12(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत थाना नरैनी में तत्समय तैनात आरक्षी भाई लाल (वर्तमान में मुख्य आरक्षी) के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण में विवेचना के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया था। उक्त मुकदमे में स्वयं को दोषमुक्त दर्शाने के उद्देश्य से आरक्षी भाई लाल द्वारा मा० न्यायालय का दोषमुक्ति आदेश तैयार कर पुलिस विभाग को उपलब्ध कराया गया था, जो जांच के दौरान पूर्णतः कूटरचित पाया गया था तथा इस संबंध में वर्ष 2025 में अभियुक्त पुलिसकर्मी के विरुद्ध थाना नरैनी पर एक अन्य अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त मुकदमे में वांछित अभियुक्त पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में थाना नरैनी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को जनपद प्रयागराज के म्योर रोड से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त में भाई लाल पुत्र शिव निवासी राजपुर आमघाट थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर मौजूद रहा। संबंधित पर पंजीकृत अभियोग मु०अं०सं० 371/25 धारा 419/420/467/468/471 भादवि थाना नरैनी जनपद बांदा, मु०अं०सं० 21/05 धारा 452/323/504/506/325/295/120बी भादवि व 12(2) भ्रष्टाचार निवारण अधि० थाना नरैनी जनपद बांदा में अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में संतोष कुमार ओझा प्र०नि० थाना नरैनी, व०उ०नि० अजीत कुमार, उ०नि० सौरव गौतम, का० अवधेश यादव मौजूद रहे।

पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम में "नशा मुक्त युवा" पर हुई सार्थक चर्चा

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



मंगलवार को मेरा युवा भारत, बाँदा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज, बबेरू, ब्लॉक-बबेरू, जनपद बाँदा (उ.प्र.) के तत्वाधान में पड़ोस युवा संसद 2026-27 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय "विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा" रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी श्रेयांश राय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ बी. पी. वर्मा (पूर्व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी), विशिष्ट अतिथि उमाशंकर यादव (प्रधानाचार्य) उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि "मेरा युवा भारत बाँदा के द्वारा पड़ोस युवा संसद के विषय पर सामाजिक चेतना व बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए जीवन मूल्यों से परिचित कराना अत्यंत प्रशंसनीय कार्य है। जिला युवा अधिकारी श्रेयांश राय ने कहा कि "इस कार्यक्रम के माध्यम से योग के प्रति छात्रों को जागरूक किया गया। 'स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है' इस कथन को सार्थक करते हुए नशे के दुष्प्रभाव के प्रति भी छात्रों को अवगत कराया गया।" कार्यक्रम में नशा मुक्ति एवं सहज योग के माध्यम से चित की एकाग्रता के द्वारा ध्यान से अध्ययन करने के लिए एकाग्रता मजबूत और दृढ़ होता। युवाओं ने नशा मुक्त फॉर विकसित भारत पर प्रश्नोत्तर, भाषण और संकल्प लिया। सभी युवाओं ने प्रतिज्ञा ली कि "हम स्वयं कभी नशा नहीं करेंगे और अपने पड़ोस को नशा मुक्त बनाएंगे।"कार्यक्रम का संचालन कार्यालय सहायक मान सिंह ने किया। इस अवसर पर अमित कुमार (प्रवक्ता भूगोल), अभय पांडे , विवेक कुमार, आशा सिंह, सहज योग नारी शक्ति कोऑर्डिनेटर सुश्री अंजली सिंह युवा शक्ति महिला, सहित लगभग 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन पर मेरा युवा भारत के एकाउंट सहायक रवि अवस्थी एवं मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक हर्ष नामदेव, राजेश कुमार उपस्थिति रहे।

डीग में जिला प्रमुख चुनाव से पहले सियासत गरमाई: 29 में से 15 का आंकड़ा, कांग्रेस को 1 की दरकार, भाजपा की नजर निर्दलीयों पर, आज होगा चुनाव

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



डीग – जिला परिषद डीग में जिला प्रमुख की कुर्सी के लिए आज 25 नवंबर को होने वाले चुनाव से पहले सियासी पारा चढ़ गया है। न कांग्रेस के पास अकेले बहुमत है, न भाजपा के पास। बहुमत का जादुई आंकड़ा 15 है और यही आंकड़ा अब डीग की सियासत का केंद्र बन गया है। निर्दलीय और नाराज सदस्य ही इस बार किंगमेकर की भूमिका में नजर आ रहे हैं।

डीग का सियासी गणित समझिए

जिला परिषद डीग में कुल 29 निर्वाचित सदस्य हैं।

कांग्रेस – 14

भाजपा – 10

बसपा – 1

निर्दलीय – 4

जिला प्रमुख बनने के लिए 15 सदस्यों का समर्थन चाहिए। कांग्रेस बहुमत से महज 1 कदम दूर है, जबकि भाजपा को बहुमत के लिए 5 सदस्यों के समर्थन की जरूरत है। कागज पर कांग्रेस मजबूत दिख रही है, लेकिन असली खेल अब जोड़-तोड़ का है।

कांग्रेस: जीत करीब, लेकिन अंदरूनी कलह बनी मुसीबत

कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती विपक्ष नहीं, बल्कि अपने ही घर की नाराजगी है। पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह की नाराजगी और अंदरूनी खींचतान ने कांग्रेस की राह मुश्किल कर दी है। कांग्रेस खेमे में सबसे बड़ा डर क्रॉस वोटिंग का है। अगर एक भी सदस्य इधर-उधर हुआ, तो पूरा समीकरण पलट सकता है। इसी वजह से कांग्रेस नेतृत्व अपने 14 सदस्यों को एकजुट रखने के लिए लगातार संपर्क में है। आंकड़ों में पीछे होने के बावजूद भाजपा ने हार नहीं मानी है। भाजपा की रणनीति साफ है – निर्दलीय, बसपा और कांग्रेस के नाराज सदस्यों को साधो। भाजपा खेमे का मानना है कि अगर कांग्रेस में एक भी सेंध लगी, तो बहुमत का पूरा खेल बदल जाएगा। यही वजह है कि भाजपा नेता पिछले दो दिनों से निर्दलीय सदस्यों से लगातार संपर्क में हैं। इस चुनाव में सबसे ज्यादा पूछ 4 निर्दलीय और 1 बसपा सदस्य की है। दोनों ही दल इन्हें अपने पाले में लाने के लिए हर दांव आजमा रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि निर्दलीय सदस्य जिस तरफ जाएंगे, जिला प्रमुख की कुर्सी उसी तरफ जाएगी। आज 25 नवंबर को जिला परिषद / पंचायत समिति डीग सभागार में सुबह 10 बजे से निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन, संवीक्षा और नाम वापसी के बाद जरूरत पड़ने पर दोपहर 3 से 5 बजे के बीच मतदान होगा और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। फिलहाल डीग में हर किसी की नजर आज 25 नवंबर पर टिकी है। क्या कांग्रेस अपना बहुमत बचा पाएगी या भाजपा जोड़-तोड़ में बाजी मार लेगी? इसका जवाब कल की वोटिंग ही देगी।

1 दिसंबर 2026 को दिल्ली कूच करेंगे मजदूर, सीटू के आह्वान पर होगा विशाल प्रदर्शन,न्यूनतम वेतन 26000 करने, निजीकरण रोकने और श्रम संहिताओं को वापस लेने सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर होगा दिल्ली चलो, पहाड़ी से भी रवाना होगा जत्था

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

जयपुर –सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस सीटू के आह्वान पर 1 दिसंबर 2026 को देशभर के मजदूर दिल्ली कूच करेंगे। मजदूर विरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, निजीकरण और श्रम संहिताओं के विरोध में दिल्ली में विशाल प्रदर्शन होगा। इसमें पहाड़ी, कामां सहित भरतपुर जिले से भी बड़ी संख्या में मजदूर भाग लेंगे। सीटू नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार मजदूरों के हितों के खिलाफ फैसले ले रही है। 4 श्रम संहिताओं के माध्यम से मजदूरों के पुराने अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। 8 घंटे की बजाय 12 घंटे काम, ठेका प्रथा को बढ़ावा और यूनियन बनाने के अधिकार में कटौती से मजदूरों का शोषण बढ़ेगा। इसी के विरोध में मजदूर दिल्ली में अपनी ताकत दिखाएंगे।

ये हैं प्रमुख 9 मांगें 1. न्यूनतम वेतन 26000 रुपये प्रतिमाह किया जाए।
2. सभी श्रमिकों को पेंशन, एरकऔर ढक्रका लाभ मिले।
3. 4 श्रम संहिताओं को वापस लिया जाए।
4. सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण और विनिवेश पर रोक लगे।
5. ठेका प्रथा समाप्त कर समान काम का समान वेतन दिया जाए।
6. सभी असंगठित मजदूरों का पंजीकरण कर सामाजिक सुरक्षा दी जाए।
7. मनरेगा में 200 दिन काम और 600 रुपये दैनिक मजदूरी दी जाए।
8. महंगाई पर रोक लगे और पेट्रोल-डीजल, गैस की कीमतें कम हों।
9. खाली पड़े सरकारी पदों पर स्थायी भर्ती की जाए।

सीटू के स्थानीय नेताओं ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र के भवन निर्माण मजदूर, मनरेगा मजदूर, आशा, आंगनबाड़ी, मिड-डे-मील, सफाई कर्मचारी, ऑटो चालक, कृषि मजदूर और असंगठित क्षेत्र के मजदूर इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। पहाड़ी से बसों और अन्य वाहनों से जत्था दिल्ली के लिए रवाना होगा। नेताओं ने कहा कि यह प्रदर्शन केवल मजदूरों का नहीं, बल्कि आम जनता, किसान, युवा और महिलाओं का भी है। महंगाई और बेरोजगारी से हर वर्ग परेशान है। सरकार को मजदूरों की आवाज सुननी ही होगी। सीटू ने सभी मजदूरों से अपील की है कि 1 दिसंबर 2026 को दिल्ली चलो आंदोलन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचें और अपनी एकता दिखाएं।

कार्तिक पूर्णिमा पर कामवन में गूंजे राधे-राधे के जयकारे, सैकड़ों भक्तों ने लगाई 50वीं सप्तकोसी परिक्रमा, उमड़ा भक्तों जनसैलाब

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

कामवन –ब्रज के आदि वृंदावन धाम कामवन में 50वीं सप्तकोसी परिक्रमा बड़ी धूमधाम, श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुई। इस ऐतिहासिक परिक्रमा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और राधे-राधे के जयघोष से पूरा कस्बा भक्तिमय हो गया। सुबह से ही कामवन की गलियों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। हर तरफ भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और ठाकुरजी के जयकारे सुनाई दे रहे थे। दूर-दूर से आए श्रद्धालु भी इस पावन अवसर के साक्षी बने। परिक्रमा श्री राधावल्लभ जी मंदिर के सेवायत आशुतोष कौशिक के सानिध्य में श्री राधावल्लभ जी मंदिर से प्रारंभ हुई।

झांसी में श्रद्धा और उल्लास के साथ मना श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व

सुनहरा संसार ब्यूरो एच्च सिद्दीकी



झांसी। सतगुरु नानक प्रगटिया, मिटी धुंध जग चानण होआ... की पावन वाणी और गुरु महाराज के जयकारों के बीच कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व झांसी में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत के तत्वावधान में आयोजित भव्य धार्मिक समारोह में नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर गुरु महाराज के चरणों में शीश नवाया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद माननीय चंद्रपाल सिंह यादव एवं रोहित पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने केक काटकर श्री गुरु नानक देव जी का जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज के जयकारों के साथ उत्सव की खुशियां साझा कीं। मुख्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद माननीय श्री चंद्रपाल सिंह यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने समाज को जाति, धर्म और ऊंच-नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर एक-दूसरे से प्रेम करने, समानता का व्यवहार करने और जरूरतमंदों की सेवा करने का संदेश दिया। गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी उनके समय में थीं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में आपसी सद्भाव, भाईचारे और मानवता की भावना को मजबूत करना चाहिए।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत भवन, 33 रानी महल स्थित गुरुद्वारा साहिब में कई दिनों से धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियां चल रही थीं। आयोजन के अंतर्गत 18 नवंबर को प्रातः 10 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष सात दिवसीय अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ किया गया था। प्रकाश पर्व के दिन 24 नवंबर को प्रातः 10 बजे सत्यनारायण भगवान की व्रत कथा एवं कीर्तन का आयोजन हुआ। इसके पश्चात सात दिवसीय अखंड पाठ साहिब का विधिवत समापन हुआ तथा अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया।

इसके उपरांत कीर्तनी जत्थे के दलजीत सिंह दलेर (नानकसर वाले) एवं मोंटी सिंह ने अपनी मधुर वाणी में गुरु महाराज के शबदों और गुरबाणी का गायन कर उपस्थित संगत को भावविभोर कर दिया। सतगुरु नानक प्रगटिया, मिटी धुंध जग चानण होआ, गुण गावो गुरु वंदना तथा धन्न गुरु दा पिता माता जैसे भजनों और शबदों से पूरा गुरुद्वारा परिसर भक्तिमय हो उठा।

बृजेश खंडेलवाल बने ग्राम पंचायत सबलाना के उपसरपंच, निवास पर हुआ भव्य स्वागत



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

कामां – कामां की ग्राम पंचायत सबलाना में बृजेश खंडेलवाल को उपसरपंच बनाए जाने पर खंडेलवाल समाज सहित पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। उपसरपंच बनने के बाद कामां से समाज के बंधु उनके निवास पर पहुंचे और भव्य स्वागत-सत्कार किया। इस अवसर पर समाज के वयोवृद्ध बंधु विशंभर दयाल, लक्ष्मी नारायण पीतलिया, हरिशंकर अध्यापक, पप्पू जुड़ेरिया वाले, डॉक्टर मदन गुप्ता सहित अनेक गणमान्य बंधु उपस्थित रहे। सभी ने बृजेश खंडेलवाल को माला पहनाकर, साफा बंधवाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया।

इस मौके पर उपस्थित बंधुओं ने कहा कि बृजेश खंडेलवाल युवा, मिलनसार और सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके उपसरपंच बनने से गांव के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। समाज के लोगों ने उम्मीद जताई कि वे सबको साथ लेकर चलेंगे और गांव की हर समस्या के समाधान के लिए हमेशा आगे रहेंगे। स्वागत कार्यक्रम में बृजेश खंडेलवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान सिर्फ उनका नहीं, पूरे समाज और गांव का सम्मान है। उन्होंने कहा कि वे उपसरपंच पद की गरिमा को बनाए रखते हुए गांव के विकास, शिक्षा, स्वच्छता और जनहित के कार्यों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान गांव के अन्य लोगों ने भी उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सीएचसी पहाड़ी का मुख्य रास्ता बना कीचड़ का दलदल, मरीजों की बढ़ी परेशानी

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



डीग – सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी का मुख्य रास्ता इन दिनों कीचड़ के दलदल में तब्दील हो गया है। अस्पताल के सामने और अस्पताल तक पहुंचने वाले मुख्य मार्ग पर जगह-जगह पानी भरा हुआ है। कीचड़ इतना अधिक है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। रोजाना सैकड़ों मरीज, तीमारदार, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे इसी रास्ते से होकर अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें गंदे पानी और फिसलन भरे कीचड़ के बीच से गुजरना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि कई बार मरीजों के परिजनों को मरीज को गोद में उठाकर या सहारा देकर अस्पताल तक ले जाना पड़ता है। अस्पताल परिसर के बाहर का नजारा देखकर ऐसा लगता है कि यह कोई मुख्य सड़क नहीं, बल्कि बरसात के बाद बना कोई कच्चा तालाब है। रास्ते पर बने गड्ढों में पानी भरा हुआ है और ऊपर से कीचड़ की मोटी परत जमी हुई है। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। कीचड़ में पहिया फिसलने से गिरने का खतरा हर समय बना रहता है। कई बार बाइक सवार गिरते-गिरते बचते हैं। ऑटो और अन्य छोटे वाहन भी इस रास्ते पर आने से कतराते हैं। एम्बुलेंस को भी अस्पताल तक पहुंचने में दिक्कत होती है। ऐसे में गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिलना मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी उन मरीजों को हो रही है जो पैदल या साइकिल से अस्पताल आते हैं। बुजुर्ग मरीजों के लिए यह रास्ता किसी चुनौती से कम नहीं है। लाठी के सहारे चलने वाले बुजुर्ग कीचड़ में फिसलकर चोटिल हो सकते हैं। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को लेकर आने वाले परिजनों को भी भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कई बार लोग कीचड़ में फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे उनके कपड़े खराब हो जाते हैं और चोट भी लग जाती है। बरसात के बाद से यह समस्या और अधिक गंभीर हो गई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बीसीएमओ डॉ. मंसूर अली का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें की जा चुकी हैं। संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। मौखिक रूप से भी कई बार बात की गई है। इसके बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों की परेशानी को देखते हुए रास्ते की मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था होना बहुत जरूरी है। अस्पताल प्रशासन की ओर से बार-बार मांग उठाने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे मरीजों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल का रास्ता ही जब इस हाल में होगा, तो मरीजों को समय पर उपचार कैसे मिल पाएगा। लोग सवाल उठा रहे हैं कि स्वास्थ्य केंद्र जैसे महत्वपूर्ण स्थान तक पहुंचने वाला रास्ता यदि इतना खराब है, तो अन्य जगहों की स्थिति क्या होगी। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने भी कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से इस समस्या के समाधान की मांग की है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। अब लोगों का धैर्य जवाब देने लगा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही रास्ता ठीक नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

पिकअप की टक्कर से घायल युवक की भरतपुर में मौत, गांव में शोक की लहर

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी



कामां – बीती रात्रि कामां कस्बे में थाने से आगे बल्लो फौजी के मकान के पास तेज रफ्तार पिकअप ने पैदल जा रहे युवक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की भरतपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान कलावटा निवासी विष्णु गुर्जर पुत्र हंसा गुर्जर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विष्णु रात को पैदल घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान नशे में धुत्त पिकअप चालक ने तेज रफ्तार में आकर उसे पीछे से रौंद दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विष्णु सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे संभाला और कामां अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे भरतपुर रेफर कर दिया। भरतपुर में उपचार के दौरान विष्णु ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक पिकअप को तेज गति से भगाकर ले जा रहा था, तभी रास्ते में पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके बाद चालक पिकअप को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। युवक की मौत की खबर मिलते ही गांव कलावटा सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

डीग में आज 25 नवंबर को चुना जाएगा जिला प्रमुख, कल 26 को उप प्रमुख – तैयारियां पूरी, सभी निर्वाचित सदस्यों को बैठक में पहुंचने के निर्देश

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी

डीग – पंचायतीराज आम चुनाव-2026 की सबसे अहम प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। जिला परिषद डीग के प्रमुख और उप प्रमुख पद के लिए निर्वाचन की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। प्रमुख पद के लिए 25 नवंबर और उप प्रमुख पद के लिए 26 नवंबर को जिला परिषद / पंचायत समिति डीग सभागार में निर्वाचित सदस्यों की बैठक होगी।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी, जिला परिषद डीग एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि पूरा निर्वाचन राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 और राजस्थान पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 59, 60, 61, 62 एवं 63 के तहत होगा। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग के सभी निदेशों का पालन किया जाएगा। प्रशासन ने निर्वाचन को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

25 नवंबरः जिला प्रमुख का निर्वाचन

जिला प्रमुख पद के लिए 25 नवंबर को सुबह 10 बजे से बैठक शुरू होगी।

सुबह 11 बजे तकः नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जाएंगे

सुबह 11:30 बजे सेः नाम निर्देशन पत्रों की जांच (संवीक्षा) होगी

दोपहर 1 बजे तकः नाम वापस लेने का समय रहेगा

इसके बादः चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे

दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तकः जरूरत पड़ने पर मतदान होगा

कार्तिक पूर्णिमा पर दर्शनम् रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसायटी में हुआ भव्य भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



फरीदाबाद – कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर दर्शनम् रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसायटी, बी पी टी पी ए- ब्लॉक , पार्क इलीट फ्लोर पार्किलैंड , सेक्टर - 85, फरीदाबाद (हरियाणा), लाइन : ई 40/24 ३ङ्ख ई 40/62 में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। गंगा स्नान के पर्व पर आयोजित इस भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। भंडारे में आए लोगों ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया और आयोजकों की सराहना की।

इस भंडारे का आयोजन पंकज कुमार गोयल और पूजा गोयल की ओर से किया गया। उनके सहयोगी के रूप में निखलेश मालव , अमर बहादुर, श्याम जी होम्स टीम, यदुवीर सैनी और मेघराज ने पूरे आयोजन की व्यवस्था संभाली। सभी सहयोगियों ने सुबह से ही तैयारियों में जुटकर भंडारे को सफल बनाया। भंडारे के लिए सोसायटी परिसर में विशेष रूप से पंडाल सजाया गया था। माता गंगा की मनमोहक झांकी और दीपों से सजा पोस्टर आकर्षण का केंद्र रहा। पोस्टर पर कार्तिक पूर्णिमा, गंगा स्नान और भंडारे का संदेश श्रद्धालुओं को धर्म और सेवा का संदेश दे रहा था। भंडारे में पूड़ी, सब्जी, हलवा, कढ़ी, चावल और अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों का वितरण किया गया। प्रसाद वितरण के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे, जहां महिलाएं, पुरुष और बच्चे कतार में बैठकर भोजन कर रहे थे। व्यवस्था इतनी सुव्यवस्थित थी कि किसी भी श्रद्धालु को प्रसाद के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ा। आयोजकों ने साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा। बैठने के लिए कुर्सियों और पंडाल की व्यवस्था की गई थी, जिससे बुजुर्गों और महिलाओं को कोई परेशानी न हो।

आयोजन के दौरान सोसायटी के मुख्य गेट के बाहर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। आसपास के कॉलोनी वासी, राहगीर, गरीब और असहाय लोगों ने भी भंडारे में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कई लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में भाईचारा और एकता बढ़ती है। भंडारे में सेवा कर रहे कार्यकर्ता लगातार लोगों को प्रसाद परोसते नजर आए। पंकज कुमार गोयल ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा दान-पुण्य का सबसे बड़ा पर्व है। इस दिन गंगा स्नान के साथ भंडारा कराना सौभाग्य की बात है।

अलीगढ़ में अनअकैडमी का सेंटर स्थायी रूप से बंद

सुनहरा संसार

अलीगढ़ । भारत के प्रतिष्ठित एजुकेशनल प्लेटफॉर्म अनअकैडमी ने अलीगढ़ स्थित अपने अनअकैडमी सेंटर को स्थायी रूप से बंद कर दिया है। सेंटर बंद होने की तारीख, से बंद किया जा चुका है। कंपनी ने छात्रों, अभिभावकों और आम लोगों के लिए जारी एक सार्वजनिक सूचना में यह जानकारी दी। अनअकैडमी मैनेजमेंट द्वारा जारी की गयी इस सूचना में बताया गया है कि, सेंटर बंद होने के बाद अलीगढ़ सेंटर में अनअकैडमी के नाम से किसी भी तरह का नामांकन या कोई भी गतिविधि संचालित नहीं की जाएगी। इसके साथ ही कंपनी ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि सेंटर बंद होने के बाद अलीगढ़ में उसके नाम पर किए गए किसी भी नामांकन, संचालन या दावे के लिए वह जिम्मेदार नहीं होगी और न ही वह उससे किसी रूप में जुड़ी होगी। जारी विज्ञप्ति के जरिये छात्रों, अभिभावकों और अन्य संबंधित पक्षों से कहा गया है कि वे इस सूचना पर तत्काल ध्यान दें तथा अलीगढ़ सेंटर में अनअकैडमी से जुड़ी किसी भी भ्रामक जानकारी या अनधिकृत दावे से सतर्क रहें।

रसोई गैस सब्सिडी को लेकर बड़ा बदलाव: अब घर बैठे अपडेट होगा बैंक खाता, मैपिंग नहीं कराई तो अटक सकती है सब्सिडी

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

डीग, 23 नवंबर – मुख्यमंत्री रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के लाभार्थियों के लिए बड़ी खबर है। सरकार ने योजना के नियमों में बदलाव कर दिया है। अब पात्र उपभोक्ताओं को सब्सिडी के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उपभोक्ता अब घर बैठे ही जनाधार मुखिया का बैंक खाता और एलपीजी सब्सिडी का विवरण अपडेट कर सकेंगे। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने इस संबंध में नई गाइडलाइन जारी कर दी है। जिला रसद अधिकारी राहुल राज जादौन ने बताया कि नए नियमों का मकसद सब्सिडी प्रक्रिया को आसान, पारदर्शी और तेज बनाना है, ताकि हर पात्र परिवार को समय पर लाभ मिल सके। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि अब यदि जनाधार मुखिया के बैंक खाते में कोई बदलाव होता है, तो नया खाता नंबर केवल एक जगह नहीं, बल्कि जनाधार और एलपीजी सब्सिडी पोर्टल दोनों पर अपडेट करना होगा। अगर किसी एक पोर्टल पर खाता अपडेट नहीं हुआ, तो सब्सिडी की राशि गलत खाते में जा सकती है या अटक सकती है। इसलिए उपभोक्ता खाता बदलते ही दोनों जगह अपडेट जरूर कराएं।

मैपिंग कैसे कराएं?

उपभोक्ता दो आसान तरीकों से मैपिंग करवा सकते हैं -

1. विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन
2. अपने नजदीकी राशन डीलर के पास जाकर

राशन डीलर के पास जाकर जनाधार और एलपीजी आईडी की मैपिंग करवाई जा सकती है। यह प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क है।

डीग में कितने उपभोक्ताओं की हुई मैपिंग?

जिले में खाद्य सुरक्षा योजना से कुल 1,62,313 उपभोक्ता जुड़े हुए हैं। इनमें से अब तक 1,06,317 परिवारों ने एलपीजी आईडी मैपिंग करवा ली है। यानी जिले में 65.50 प्रतिशत उपभोक्ताओं की जनाधार मैपिंग पूरी हो चुकी है। अभी भी करीब 34.50 प्रतिशत उपभोक्ताओं की मैपिंग बाकी है। विभाग ने इन सभी लाभार्थियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपना बैंक खाता अपडेट और मैपिंग सुनिश्चित करें, ताकि सब्सिडी राशि समय पर उनके खाते में पहुंच सके। जिला रसद अधिकारी राहुल राज जादौन ने कहा कि विभाग का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र परिवार सब्सिडी से वंचित न रहे। उपभोक्ता अपना जनाधार, बैंक खाता और एलपीजी आईडी सही रखें। खाता बदलने, नाम में सुधार या अन्य किसी बदलाव की स्थिति में तुरंत अपडेट कराएं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अपनी मैपिंग की स्थिति राशन डीलर या विभागीय वेबसाइट पर जाकर भी जांच सकते हैं।

डीग में 25 नवंबर से खाद वितरण का नया सिस्टम: अब जमीन और फसल के हिसाब से मिलेगा यूरिया-डीएपी, फार्मर आईडी नहीं तो खाद नहीं

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी

डीग, 24 नवंबर – रबी सीजन में खाद के लिए लगने वाली लंबी कतारों, किल्लत और कालाबाजारी पर अब लगाम लगेगी। राज्य सरकार 25 नवंबर से डीग सहित प्रदेश के 23 जिलों में खाद वितरण की नई व्यवस्था फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल्स (एफएफएस) लागू करने जा रही है। इसके बाद खाद का वितरण मनमर्जी से नहीं, बल्कि किसान की जमीन के रकबे और फसल की जरूरत के हिसाब से होगा।

संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) हब्बल सिंह ने बताया कि इस नई व्यवस्था के लिए जिले के सभी खुदरा खाद विक्रेताओं की पीओएस मशीनों को आईएफएमएस पोर्टल से जोड़ दिया गया है। अब खाद खरीदते समय विक्रेता जैसे ही किसान की फार्मर आईडी दर्ज करेगा, स्क्रीन पर किसान की भूमि का पूरा रिकॉर्ड आ जाएगा। उसी रिकॉर्ड और विभागीय सिफारिश के आधार पर ही यूरिया और डीएपी दिया जाएगा। नई व्यवस्था में यूरिया और डीएपी खरीदने के लिए फार्मर रजिस्ट्री और फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी गई है। बिना फार्मर आईडी के पीओएस मशीन से खाद जारी ही नहीं होगी। विभाग ने साफ कहा है कि जिन किसानों ने अभी तक पंजीकरण नहीं करवाया है या जिनके भूमि रिकॉर्ड की प्रविष्टियां अपडेट नहीं हैं, उन्हें सरकारी अनुदानित खाद खरीदने में परेशानी हो सकती है। इसलिए किसान समय रहते अपनी रजिस्ट्री करवाएं और भूमि रिकॉर्ड अपडेट कराएं।

क्यों लाई गई यह व्यवस्था?

हर साल रबी की बुवाई के पीक सीजन में खाद की मांग अचानक बढ़ जाती है। इसी का फायदा उठाकर कुछ लोग खाद की जमाखोरी और कालाबाजारी करते हैं, जिससे असली किसान को समय पर खाद नहीं मिल पाती। नई एफएफएस प्रणाली से हर किसान को उसके हक की खाद ही मिलेगी। इससे नकली मांग, जमाखोरी और कालाबाजारी पर सीधे अंकुश लगेगा।

गुमशुदा की तलाश



पता : मोलरबंद, बदरपुर, नई दिल्ली
नाम : पवन कुमार
उम्र : 27 साल
संपर्क नंबर : +91 95609 22184

यदि कोई जानकारी हो तो कृपया तुरंत सूचित करें — धन्यवाद

